जबलपुर
शुक्रवार, 26 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-5
वर्ष : 20, अंक : 150
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00*

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## ओबीसी आरक्षण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# सर्वानुमति से सुप्रीम कोर्ट में 13% पदों को अनहोल्ड करने की हमने मांग रखी

- कांग्रेस को जल्दबाजी न करने की सलाह
- अब 8 अक्टूबर से होनी है केस की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण मामले में 24 सितंबर से शुरू होने वाली रोजाना सुनवाई अब 8 अक्टूबर से होगी।



ओबीसी आरक्षण मामले पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेताओं को जल्दबाजी न करने की सलाह दी है। सीएम ने कहा कि मैं कांग्रेस के मित्रों से भी कहना चाहता हूं कि जल्दी न करें, हम सब साथ हैं उसका लाभ कोर्ट के सामने एकजुटता से ही रहेगा। अगर जल्दीबाजी करेंगे तो ये ओबीसी वर्ग के लिए भी नुकसानदायक रहेगा।

### सबको लाभ मिले, उसी भाव पर चल रहे

सीएम ने कहा कि हमने यह कहा है कि हम प्रधानमंत्री की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना पर चलते हैं। एसटी, एससी, ओबीसी, सामान्य वर्ग सबका जो निर्धारित आरक्षण है उसका सबको लाभ मिले। उसी भाव पर चल रहे हैं। सीएम ने कहा चूंकि, 15 हजार से ज्यादा दस्तावेज फाइल हुए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दिया बड़ा संकेत... मिल सकती है और खुशखबरी

# आम जनता के कंधों से और घटेगा करों का बोझ अर्थव्यवस्था मजबूत होते ही टैक्स 'और कम' करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल के दिनों में लोगों को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी की कीमतों में कटौती की। जीएसटी की नई दरें सोमवार यानी 22 सितंबर से लागू हो गईं। इस तोहफे के बाद के बाद पीएम मोदी ने एक और खुशखबरी दी है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ टैक्स को और कम किया जाएगा। उन्होंने जीएसटी की दरों में और कटौती के भी संकेत दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 में एक लाख की खरीदारी पर करीब 25 हजार का टैक्स लगता था। अब वह टैक्स घटकर 5-6 हजार रुपए रह गया है। हमने भारत के लोगों की आय और बचत में वृद्धि की है। हम यहीं नहीं रुकने वाले हैं। जैसे-जैसे हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते रहेंगे, हम टैक्स को कम करना जारी रखेंगे। जीएसटी सुधारों की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी।

» स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का ईकोसिस्टम बनाना होगा



### हमें किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत जैसे देश को किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इस बदलते समय में, अगर देश दूसरों पर निर्भर रहेंगे, तो वे अपनी वृद्धि से समझौता करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया अनिश्चितता और व्यवधान का सामना कर रही है, फिर भी भारत आकर्षक विकास कर रहा है। व्यापारियों और उद्यमियों का आह्वान करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाएं जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती दे। आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह श्रेष्ठ गुणवत्ता का होना चाहिए। स्वदेशी उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर लोगों का विश्वास बढ़ा है और स्वदेशी को लेकर गर्व की भावना भी बढ़ी है, लेकिन हमें स्वदेशी रिसर्च पर निवेश कई गुना बढ़ाना होगा। नवाचार के बिना दुनिया ठहर जाती है, व्यापार भी ठहर जाता है। स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन, डेवलपमेंट का ईको सिस्टम बनाना होगा।

### चतुर्थीः मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट पर नायब तहसीलदार की मौत

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार दिनेश साहू की गुरुवार को एयरपोर्ट पर ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत की सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए एयरपोर्ट पर तैनात थे। अचानक उन्हें सीने में दर्द हुआ और वे जमीन पर गिर पड़े। उनके साथी उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### सीवर सफाई करने उतरे जहरीली गैस से हादसा

**सतना।** जिले में सीवर चैंबर साफ करने उतरे तीन कर्मचारी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। हादसे ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महज चार दिन के भीतर शहर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। हादसा गुरुवार दोपहर कोलगवां थाना क्षेत्र के कृपालपुर इलाके में त्रिवेणी पैलेस के पास हुआ है। ऐन विराट कंपनी के 3 कर्मचारियों को गड्ढे में उतारा गया था।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी में स्वदेशी जागरण सप्ताह का किया शुभारंभ, रैली में हुए शामिल

# भारत ने हर काल में चुनौतियों का सामना 'स्वदेशी और आत्मनिर्भरता' से ही किया

◆ **सीएम ने कहा** कि स्वावलंबन और स्वदेशी के बीज से ही आत्मनिर्भरता का वटवृक्ष बनेगा और भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी की ताकत से ही हमारी संस्कृति, हजारों-हजार साल से अपने गौरव-गरिमा और समृद्धता के साथ विद्यमान है। हर युग और हर काल में आई चुनौतियों का सामना भारत ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की ताकत से ही किया है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी के बल पर ही देश को आजादी दिलाई थी। उन्होंने जन-जन को विदेशी वस्तुओं को त्यागने और विदेशी वस्त्रों की होली जलाने के लिए प्रेरित किया। अपनी माटी, अपने देश और स्वदेशी व्यवस्था के प्रति हम सबके मन में सम्मान होना चाहिए। डॉ. यादव ने गुरूवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जंयती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय स्वदेशी जागरण सप्ताह के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह सप्ताह महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

> अपनी माटी, अपने देश और स्वदेशी व्यवस्था के प्रति हम सबके मन में सम्मान हो

- प्रदेशवासियों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए किया प्रेरित
- महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा स्वदेशी जागरण सप्ताह
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर



### किसानों और कारीगरों के परिश्रम का सम्मान जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान मिट्टी में श्रम से ही अन्न के भंडार भरते हैं। लघु उद्योग चलाने और उसमें काम करने वाले कारीगर के भी स्वावलंबन के मार्ग पर चलते हैं, उनके परिश्रम का सम्मान आवश्यक है। डॉ. यादव ने नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के त्योहारी सीजन में प्रदेशवासियों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान की सफलता समाज के सहयोग के बिना मंजिल तक नहीं पहुंच सकती है।

### भोपाल, बैतूल, शिवपुरी व उज्जैन में लगेंगे स्वदेशी मेले



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वदेशी जागरण सप्ताह में स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार-प्रसार करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि आगामी माहों में भोपाल, बैतूल, शिवपुरी और उज्जैन में स्वदेशी मेले आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। उनके मार्गदर्शन में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। आत्मनिर्भर बनते भारत की विकास यात्रा का मार्ग स्वदेशी से ही खुलता है।*

### उपाध्याय और गांधी के विचारों में थी समानता

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और पं दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में बहुत समानता थी। दोनों का ही विचार था कि स्वावलंबन और स्वदेशी के बीज से ही आत्मनिर्भरता का वटवृक्ष बनेगा और भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार, ब्रह्म कुमारी संगठन, पंतजलि समूह और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने स्वदेशी के प्रति अपनी प्रतिबद्धिता व्यक्त करते हुए डॉ. यादव को स्वदेशी संकल्प समर्थन-पत्र सौंपे। कार्यक्रम में स्वदेशी पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। स्वदेशी जनजागरण रैली के माध्यम से उद्योग जगत, व्यापारी बंधुओं, दुकानदारों, विक्रेताओं, छात्र-छात्राओं और समस्त समाज के सदस्यों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।*

## भोपाल के यात्री की पैंट में घुस गया था चूहा

# एयरपोर्ट पर चूहा कांड में डॉक्टर को हटाया, अस्पताल को नोटिस

> सफाई संभाल रही पेस्ट कंट्रोल कंपनी पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट पर चूहे के यात्री को काटने की घटना में मैनेजमेंट एक्शन में आया है। एयरपोर्ट के मेडिकल रूम में तैनात डॉ. हर्षवर्धन सिंह को हटा दिया गया है। उनको नोटिस भी दिया गया है। डॉ. सिंह पर यात्री के इलाज में संवेदनशीलता नहीं दिखाने का आरोप है। इंदौर एयरपोर्ट पर साफ-सफाई का जिम्मा संभाल रही पेस्ट कंट्रोल ऑफ इंडिया (पीसीआई) को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया है।



### डिपार्चर हॉल में इंतजार के दौरान पैंट में घुसा था चूहा

मामला 23 सितंबर का है। भोपाल के रहने वाले अरुण मोदी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 6739 से बेंगलुरु जा रहे थे। उनकी पत्नी साथ थीं। फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट से दोपहर 3 बजकर 5 मिनट उड़ान भरती। मोदी दंपती दोपहर करीब 1 बजे एयरपोर्ट पहुंचे।

## भूपेंद्र यादव होंगे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रभारी

# बिहार चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को बनाया 'प्रभारी'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का ऐलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्रप्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा ने अगले साल होने वाले तमिलनाडु चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

» तमिलनाडु के लिए पांडा को जिम्मेदारी

## मंत्री विजयवर्गीय का राहुल पर बयान

# वे बहन को चुंबन करते हैं, हम तो बहन के घर पानी तक नहीं पीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं। हमारी बहनों के गांव जीरापुर में पानी तक नहीं पीते हैं। मेरे पिताजी घर से पानी का लोटा लेकर आते थे। आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं कि अपनी बहन को बीच चौराहे पर चुंबन करते हैं। ये संस्कारों का अभाव है। ये संस्कार तो विदेशी संस्कृति के हैं। इसमें उनकी गलती नहीं है। वह विदेश में पले-बढ़े हैं।

> पटवारी बोले विजयवर्गीय को मातारानी सदबुद्धि दें

## विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर किसका हक?

# शादी के बाद 'गोत्र' अलग ऐसे में मायके का हक नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15 (1) (बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र (कुल या वंश) भी बदल जाता है।

> संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी

# बांके बिहारी जी के किए दर्शन, निधिवन की लगाई 'परिक्रमा'

### 18 कोच वाली विशेष ट्रेन से मथुरा पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**मथुरा।** गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मथुरा पहुंचीं। वह अपने परिवार के साथ ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन किए। इसके बाद निधिवन पहुंचीं और यहां उन्होंने परिक्रमा लगाई। इस दौरान मथुरा-वृंदावन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। राष्ट्रपति मुर्मू 18 कोच वाली विशेष ट्रेन से वृंदावन पहुंचीं। सुबह लगभग आठ बजे दिल्ली से रवाना हुई ट्रेन करीब 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन के 12 कोच केवल राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए आरक्षित थे।

## सीबीआई की टीम करीब 10 दिन पहले आदेश लेकर आई थी

# सोनम वांगचुक के संस्थान पर सीबीआई का शिकंजा, एफसीआरए उल्लंघन की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ विदेशी अंशदान अधिनियम के उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई हो रही है।

वांगचुक ने पुष्टि की कि सीबीआई टीम 10 दिन पहले आई थी। लद्दाख में राज्य के दर्जे की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह जांच शुरू हुई है। अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

> अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है



### गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई

सोनम वांगचुक ने बताया कि सीबीआई की एक टीम करीब 10 दिन पहले एक आदेश लेकर आई थी, जिसमें कहा गया था कि वे हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (एचआईएएल) में कथित विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन के संबंध में गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई कर रहे हैं। इससे पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को हिंसक हो गया था। इस हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी और 30 पुलिस व सीआरपीएफ जवानों समेत 70 लोग घायल हो गए थे।

## नवरात्रि पर्व की शुरुआत के बीच इन पोस्टरों पर विश्व हिंदू परिषद ने गहरी आपत्ति जताई

देश के कई हिस्सों में बवाल

# 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर के बाद मुंबई में महिलाएं गरबा पंडाल में 'आई लव महादेव' के बैनर लेकर पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कानपुर में 5 सितंबर को 'आई लव मोहम्मद' का बोर्ड सामने आया था। उसके बाद आई लव मोहम्मद बनाम 'आई लव महाकाल' पर देश के कई हिस्सों में पोस्टरबाजी शुरु हो गई। कानपुर से लेकर उज्जैन और गांधीनगर तक में पोस्टरबाजी का दौर शुरू हो चुका है। गांधीनगर से बड़ी खबर सामने आई है।

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद अब गरबा पंडालों में आई लव महादेव कैंपेन चल पड़ा है। इसका असर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी देखने को मिला है। मुंबई के गरबा पंडालों में युवतियां और महिलाएं 'आई लव महादेव' के पोस्टर लेकर पहुंचने लगी हैं।

> गांधीनगर में उपद्रवियों ने गरबा पंडाल और गाड़ियों में लगाई आग




### 'आई लव मोहम्मद' के नारे के साथ पत्थरबाजी

गुजरात में भी आई लव मोहम्मद के नारे के साथ पत्थरबाजी करने की घटना हुई है। नवरात्रि के दौरान देहगाम के बहियल गांव में हंगामा हुआ है। नवरात्रि में चल रहे गरबा के दौरान पथराव से माहौल बिगड़ गया। आरोप है कि आई लव मोहम्मद के नारे के साथ पत्थरबाजी की गई।

### इंदौर में भी पहुंचा विवादित पोस्टर

इंदौर में भी यह विवाद पहुंच गया। शहर के चंदन नगर क्षेत्र में लगाए गए आई लव मोहम्मद के बैनरों ने नया विवाद खड़ा कर दिया। नवरात्रि पर्व की शुरुआत के बीच इन पोस्टरों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेताओं ने आपत्ति जताई।

### कर्नाटक और वाराणसी में भी बवाल

कर्नाटक के देवानगेरे में भी पोस टर विवाद पहुंच गया है। आई लव मुहम्मदिया फ्लेक्स बोर्ड लगाने को लेकर पथराव की घटना हुई है। एसपी उमा प्रशांत ने घटनास्थल का दौरा कर हालात का मौका मुआयना किया है। एसपी ने बताया कि हम दोनों पक्षों की शिकायतों पर कार्रवाई करेंगे।

## वांगचुक ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# मुझे 'बलि का बकरा' बना रही, अगर जेल भेजा तो हालात होंगे और गंभीर

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख में भड़की हिंसा पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो सरकार की दिक्कतें उनकी आजादी से कहीं ज्यादा बढ़ जाएंगी। वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही है जबकि असली समस्या को नजरअंदाज कर रही है।

**जलवायु कार्यकर्ता की धमकी**

वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही और असली समस्या को नहीं देख रही है।

### सरकार को दी चेतावनी- मैं जेल जाने को तैयार, लेकिन सरकार की परेशानी बढ़ेगी

### मुझे 2 साल के लिए जेल भेजा जा रहा

मैं देख रहा हूं कि पीएसए (जनसुरक्षा कानून) के तहत मुझे दो साल के लिए जेल भेजने की तैयारी हो रही है। मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन याद रखिए, जेल में सोनम वांगचुक सरकार के लिए बाहर के वांगचुक से कहीं ज्यादा परेशानी का सबब बनेगा।

### युवाओं की बेचैनी असली वजह



वांगचुक ने कहा कि हिंसा की जड़ युवाओं की नाराजगी और लंबे समय से अनदेखी की जा रही मांगों में है। उन्होंने कहा कि छह साल से बेरोजगारी और अधूरे वादों ने युवाओं का धैर्य खत्म कर दिया है। सरकार आंशिक आरक्षण का दिखावा कर रही है, जबकि असली मांग राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का विस्तार अब भी अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर दोषारोपण की राजनीति कर रही है। यह कदम शांति की राह नहीं खोलता, बल्कि हालात को और भड़काता है।

### लद्दाख में अब तक की सबसे बड़ी हिंसा

बुधवार को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में आंदोलन हिंसक हो उठा। पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ के बीच चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

### लेह जिले में कर्फ्यू लागू

गुस्साई भीड़ ने भाजपा कार्यालय और हिल काउंसिल को निशाना बनाया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रशासन ने एहतियातन पूरे लेह जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया है।

#### गृहमंत्रालय और उपराज्यपाल बोले

### कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो न फैलाएं

गृहमंत्रालय ने कहा कि हिंसा भड़काने के पीछे राजनीतिक रूप से प्रेरित व्यक्तियों और वांगचुक जैसे नेताओं के भड़काऊ बयान जिम्मेदार हैं।



मंत्रालय ने चेतावनी दी कि कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाए। मंत्रालय के अनुसार, लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से लगातार संवाद जारी है। उच्च स्तरीय समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को होगी, जबकि 25 और 26 सितंबर को भी बैठकें निर्धारित हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन लेह की हिंसा सुनियोजित साजिश का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरिद्वार नकल प्रकरण में 2 को किया निलंबित




**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार नकल प्रकरण के बाद कड़े शब्दों में कहा है कि सरकार राज्य में एक-एक नकल माफिया को चुन-चुन कर गिरफ्तार करेगी और सजा दिलाएगी। 2 को निलंबित किया है। धामी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 4 साल में पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से भर्तियां की गईं।

### ओडिशा में टक्कर में 6 लोगों की मौत



**सुंदरगढ़।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हादसा एनएच-520 हाईवे पर कोइड़ा ब्लॉक के तहत के बलांग थाना क्षेत्र में हुआ। गुरुवार को एक प्राइवेट बस राउरकेला से कोइड़ा की ओर जा रही थी।

### रिन्यूएबल एनर्जी 5 माह में 27 गीगावाट बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत में रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में कुल 27 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी गई। इसमें से अगस्त तक 20 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित की गई।

### फिरोजाबाद के स्कूल के मैदान में रामलीला होगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक स्कूल के मैदान में चल रही रामलीला को रोकने के लिए कहा गया था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि त्योहार की तैयारियां पहले से शुरू हो चुकी हैं, इसलिए कार्यक्रम जारी रहेगा।

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# तेज विकास के लिए आर्थिक सुधार के साथ आत्मनिर्भरता जरूरी, यूपी में निवेश अहम



भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा
निजी निवेश के साथ व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नोएडा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की तेज विकास यात्रा, आर्थिक सुधारों और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा और निजी निवेश के साथ-साथ एक व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि शोध के क्षेत्र में निवेश को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी निवेश अब अनिवार्य हो चुका है और हमें स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का संपूर्ण ईकोसिस्टम बनाना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी क्रांति से लॉजिस्टिक्स लागत घटी है। यूपी देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य है, सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यहां हैं और यह दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का केंद्र है।

**उत्तर प्रदेश विकास में सबसे आगे**

### अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया'

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया' की पहचान है और उत्तर प्रदेश इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। रूस के सहयोग से जल्द ही यूपी में एके-203 राइफल का उत्पादन शुरू होगा।



### अल्टीमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर हो रहा आयोजन

यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक चलेगा। अल्टिमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर आधारित इस आयोजन में 2,200 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं और यहां 1,25,000 से ज्यादा बी2बी और 4,50,000 से अधिक बी2सी विजिटर आने की उम्मीद है। रूस इस बार का पार्टनर देश है। आयोजन में हस्तशिल्प, वस्त्र, चमड़ा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आयुष और अन्य क्षेत्रों के उत्पादों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति और व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

### नमामि गंगे से उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आया

उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजना के कारण उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आ गया है और राज्य हेरिटेज टूरिज्म में भी पहले स्थान पर है। स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उत्पादन में नए कीर्तिमान बना रहा है। आज भारत के करीब 55 प्रतिशत मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यहां एक बड़ा सेमीकंडक्टर संयंत्र भी जल्द शुरू होने वाला है, जिससे आत्मनिर्भरता को और मजबूती मिलेगी।

#### राजस्थान के बांसवाड़ा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

### 3 ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, कांग्रेस के दिए जख्म भर रही भाजपा सरकार



**बांसवाड़ा।** वे राजस्थान के बांसवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने 1,22,100 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को हरी झंडी दी।

**देश में विकसित होने के लिए तेज गति से काम हो रहा**

पीएम ने कहा कि आज भारत विकसित होने के लिए तेज गति से काम कर रहा है। इसमें राजस्थान की भी बड़ी भूमिका है। पानी, बिजली, शहद से जुड़ी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है।

**2.5 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया**

पीएम मोदी ने कहा कि जब 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया तब देश के 2.5 करोड़ घर ऐसे थे जहां बिजली का कनेक्शन नहीं था। देश के 18 हजार गांव में बिजली का खंभा भी नहीं लगा था।

**90 हज़ार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए**

पीएम ने कहा 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट एक साथ शुरू होना दिखाता है कि देश बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

#### मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

# अब डाक मतपत्रों की गिनती पहले, फिर गिनेंगे ईवीएम

बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों का यह नया नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो। अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के अनुसार ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी।

### पहली बार बिहार में लागू होगी व्यवस्था

नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

### पर्याप्त संसाधन बनाने होंगे

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

### डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है।

### पारदर्शिता और भरोसा बढ़ेगा

चुनाव आयोग का मानना है कि इस नए कदम से चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा और मजबूत होगा। डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने तक अंतिम ईवीएम गिनती को रोके रखने का निर्णय सभी उम्मीदवारों और दलों को यह आश्वासन देगा कि मतगणना में किसी तरह की जल्दबाजी या असमानता नहीं होगी।

#### विशुद्धानंद महाराज बोले

# जो हिंदू एक बच्चा पैदा करे व विदेश भेजे वह देशद्रोही

एजेंसी ▶▶ पुरी



जगन्नाथ पुरी के विशुद्धानंद महाराज ने कहा कि जो हिंदू एक बच्चा पैदा करता है और उसे विदेश भेजता है उसे देशद्रोही करार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। ये बयान देते हुए उन्होंने क्षमा भी मांगी। एक कार्यक्रम में महाराज ने कहा कि आजकल हिंदू बच्चा पैदा करता ही नहीं है। हिंदुओं में थोड़ी राष्ट्रभक्ति की कमी है। उन्होंने कहा कि सबसे मन में भावना होती है कि एक बच्चा पैदा करेंगे, विदेश भेजेंगे, पढ़ाएंगे और हमको गर्व की अनुभूति होगी कि हमारा बच्चा लंदन में पढ़ता है, जर्मनी में पढ़ता है। उन्होंने कहा कि जो बाहर गया वो तो गया, वो तो नहीं आएगा। ऐसे में तो तुम्हारा वोट गया, धर्म गया। ये कैसा चिंतन है। उन्होंने कहा कि अगर विदेश ही भेजना है तो 4 बच्चे पैदा करो। उन्होंने कहा कि एक बच्चा पैदा करने वालों को साधु-संतों का आशीर्वाद नहीं मिलेगा।

#### लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को प्रमोशन

# मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद मिली ये रैंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मालेगांव विस्फोट मामले में बरी किए गए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद कर्नल के पद पर पदोन्नत किया गया है।

पुरोहित उन सात आरोपियों में शामिल थे जिन्हें 31 जुलाई को विशेष एनआईए अदालत ने बरी कर दिया। अदालत ने कहा था कि मात्र संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता और उचित संदेह से परे विश्वसनीय और ठोस सबूतों के अभाव का हवाला दिया था। इसमें 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अंततः केवल 7लोगों पर ही मुकदमा चलाया गया। कर्नल पुरोहित 9 साल तक जेल में बंद रहे थे। उन्होंने कोर्ट में दलील दी थी कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पुरोहित को उनकी पदोन्नति पर बधाई दी है और उन्हें देशभक्त बताया है। सरकार उन देशभक्तों के साथ दृढ़ता से खड़ी है।

### पीएम ने पं. दीनदयाल की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की विचारधारा और विकास यात्रा में उनके योगदान को याद किया। अपनी पोस्ट में कहा कि भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं। उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन और अंत्योदय का दृष्टिकोण भारत के विकास मॉडल को प्रेरित करता है। इसके साथ ही अन्य कई नेताओं ने भी उन्हें नमन किया।

#### फडणवीस ने किया राहुल पर पलटवार

**जबरन कर रहे इस्तेमाल**

# राहुल में युवाओं को दिलचस्पी नहीं नहीं चल पाएगा 'वोट चोरी' का मुद्दा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों और युवाओं से इसे रोकने की अपील पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जबरदस्त पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि राहुल की देश के युवाओं, खासकर जेन जी से की गई 'वोट चोरी रोकने' की अपील का कोई असर नहीं होगा। उन्होंने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि युवाओं को राहुल में कोई दिलचस्पी नहीं है। युवाओं को खोखले नारों पर भरोसा नहीं है।



### राहुल की नहीं चलेगी जेन जी चाल

एक मीडिया कार्यक्रम में बातचीत के दौरान फडणवीस ने कहा कि राहुल की अपील जेन जी पर असर नहीं डालेगी। जो नेपाल से प्यार करता है, वह वहीं रह सकता है। राहुल अब जनता को सरकार गिराने के लिए तैयार नहीं कर सकते, इसलिए जेन जी को इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह चाल अब नहीं चलेगी।

**भाजपा अध्यक्ष बनने की अटकलों पर कहा**

### पार्टी तय करेगी नाम, एक व्यक्ति तय नहीं करता

भारतीय जनता पार्टी के अगले अध्यक्ष का चुनाव बाकी है। फिलहाल, पार्टी ने कोई शेड्यूल जारी नहीं किया है, लेकिन अटकलें लगाई जा रही हैं कि बिहार चुनाव के पहले पार्टी प्रमुख तय हो सकता है। इसी बीच फडणवीस ने भी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार होने की अटकलों पर जवाब दिया है। यहां एक व्यक्ति तय नहीं करता, पार्टी तय करती है। मैं ऐसा मानता हूं।

#### समीर ने शाहरुख-गौरी पर लगाया छवि खराब करने का आरोप

# दिल्ली हाइकोर्ट पहुंचे, 2 करोड़ का हर्जाना मांगा

### रेड चिलीज और गौरी खान पर मामला दर्ज कराया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीबी के पूर्व अफसर समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के स्वामित्व वाली रेड चिलीज और गौरी खान पर दिल्ली हाईकोर्ट में मामला दर्ज कराया है। समीर ने आर्यन खान की वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुडल में उनकी छवि को गलत तरीके से दिखाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि सीरीज में झूठी, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक सामग्री है, जिसका उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। सीरीज का निर्देशन आर्यन खान ने किया है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।उन्होंने शो की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने का निर्देश देने की भी मांग की है।

**कैंसर रोगियों के इलाज के लिए मांगी यह बड़ी रकम**



शो के एक सीन जिसमें एक कैरेक्टर 'सत्यमेव जयते' का पाठ करने के बाद अश्लील इशारा करता है, मुकदमे में दावा किया गया है कि यह राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसके लिए कानून के तहत सजा का प्रावधान है। अपने मुकदमे में समीर ने कैंसर रोगियों के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को दान करने के लिए 2 करोड़ का हर्जाना मांगा है।

**द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में था संबंधित सीन**

आर्यनके हालिया रिलीज शो में एक एपिसोड में वानखेड़े पर तंज कसा गया था। समीर क्रूज पार्टी मामले में आर्यन को गिरफ्तार करने वाले एनसीबी अफसर हैं। सीरीज में दिखाया गया कि एनसीबी अफसर बॉलीवुड की पार्टी में रेड डालने पहुंचता है। इस अफसर के हाव-भा और शकल काफी हद तक समीर वानखेड़े से मिलते थे।

### याचिका में लगाए गंभीर आरोप

समीर ने प्रोडक्शन हाउस, नेटफ्लिक्स और अन्य के खिलाफ स्थायी और अनिवार्य राहत निषेधाज्ञा, घोषणा और हर्जाने के रूप में राहत मांगी है। उन्होंने यह भी कहा है कि वह खान के निर्देशन में बने पहले शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में एक झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानि करने वाले वीडियो से वह आहत हैं। उन्होंने याचिका में दावा किया कि यह सीरीज नशीली दवाओं के खिलाफ प्रवर्तन एजेंसियों को गलत व अपमानजनक तरीके से दिखाती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह सीरीज जानबूझकर समीर वानखेड़े की प्रतिष्ठा को रंग-बिरंगे और गलत तरीके से खराब करने के इरादे से तैयार की गई है।




## अब चलती ट्रेन से दुश्मन के ठिकाने होंगे तबाह

# रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से अग्नि प्राइम मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अग्नि प्राइम मिसाइल की ट्रेन से लॉन्चिंग का सफल परीक्षण कर लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार सुबह इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मध्यम रेंज की अग्नि प्राइम मिसाइल को रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से दागा जा सकेगा। यह अगली पीढ़ी की मिसाइल ट्रेन से ही लॉन्च होकर 2000 किलोमीटर तक की रेंज में किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है।



### भारत के पास ये मिसाइलें भी

*अग्नि-प्राइम के अलावा भारत के शस्त्रागार में अग्नि-I (700 किमी) मिसाइलों की जगह लेगा, जिसमें पृथ्वी-II (350 किमी), अग्नि-II (2,000 किमी), अग्नि-III (3,000 किमी) और अग्नि-4 (4,000 किमी) बैलिस्टिक मिसाइलें हैं।*

### भारत चुनिंदा देशों में शामिल

रक्षा मंत्री ने बताया कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास मोबाइल रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने की क्षमता है। इस प्रणाली से कम प्रतिक्रिया के समय में प्रक्षेपण करने की सुविधा मिलती है।

### बिना किसी बाधा के लॉन्च कर सकते

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि अपनी तरह के इस पहले प्रक्षेपण को विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया। यह रेल नेटवर्क से बिना किसी बाधा के प्रक्षेपित की जा सकती है। मिसाइल देश भर में गतिशीलता प्रदान



### मिसाइल लॉन्च करने का समय कम हुआ

अग्नि प्राइम कई उन्नत एवं नई सुविधाओं से युक्त मिसाइल है। इसमें नई प्रणोदन प्रणाली और समग्र रॉकेट मोटर केसिंग के साथ-साथ उन्नत नेविगेशन और मार्गदर्शन प्रणाली शामिल की गई है। यह एक कैनिस्टर-लॉन्च प्रणाली पर आधारित मिसाइल है। इसके तहत किसी मिसाइल को लॉन्च करने के समय को कम करती है। इसके साथ ही इसकी वजह से मिसाइल का परिचालन भी सुगम होता है।

### पाकिस्तान को ध्यान में रखकर विकसित की गई

*नई मिसाइल भारत को चीन और पाकिस्तान दोनों के किसी खतरे के खिलाफ मजबूती प्रदान करेगी। जहां अग्नि-V पूरे चीन को अपने हमले के दायरे में लाती है, वहीं अग्नि प्राइम को पाकिस्तान को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। अप्रैल में, भारत ने अपने महत्वाकांक्षी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ओडिशा के तट पर एक जहाज से एंडो-वायुमंडलीय इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया था।*

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा ऐलान

# रूस के खिलाफ जंग खत्म होते ही खुद ही छोड़ दूंगा राष्ट्रपति पद

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

रूस के साथ करीब चार साल से चल रही जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कहा कि रूस के खिलाफ युद्ध खत्म होने के बाद वह राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है और उसके बाद इस पद पर नहीं रहना चाहता। उनका इरादा शांतिकाल में अपने देश का नेतृत्व करने का नहीं है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अगर रूस के साथ सीजफायर हो जाता है, तो वह यूक्रेन की संसद से चुनाव कराने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है, न कि पद के लिए भाग-दौड़ को जारी रखना। यूक्रेन में जंग की वजह से चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर तमाम आलोचकों ने इस मुद्दे को उठाया है। जेलेंस्की ने कहा कि सुरक्षा स्थिति और यूक्रेन का संविधान, दोनों ही चुनाव कराने में चुनौतियां पेश करते हैं।

**कानून नहीं, हथियार तय करते हैं कौन बचेगा**

### पुतिन को अभी रोकें

*जेलेंस्की ने बुधवार को यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुतिन को अभी रोकना बाद में बंदरगाहों और जहाजों को समुद्री ड्रोन हमलों से बचाने के मुकाबले सस्ता रास्ता है। रूसी हमले की वजह से यूक्रेन को अंडरग्राउंड स्कूल और अस्पताल बनाने पड़े हैं। कौनसा देश ऐसे दिन देखना चाहता है। जेलेंस्की ने कहा कि अगर कोई देश शांति चाहता है, तो उसे हथियारों पर काम करना होगा। यह दुखद है, लेकिन यही हकीकत है। न तो अंतरराष्ट्रीय कानून और न ही सहयोग, बल्कि हथियार तय करते हैं कि कौन बचेगा। उन्होंने यूएन सुरक्षा परिषद पर भी नाराजगी जताई। रूस इसका परमानेंट मेंबर है और उसके पास वीटो का अधिकार है।*

### हर देश को अपनी रक्षा का अधिकार

*जेलेंस्की ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून पूरी तरह काम नहीं करता, जब तक आपके पास ताकतवर दोस्त न हों जो आपके लिए डटकर खड़े रहें। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन को दोस्तों और ज्यादा मजबूत सुरक्षा मिले, तो यह दिखाएगा कि अपने देश की रक्षा करना सभी का अधिकार है। सिर्फ कुछ चुनिंदा देश ही इसके हकदार नहीं हैं। रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों से उन्होंने कहा कि युद्ध बहुत लोगों पर असर डाल रहा है। अब आप तय करें कि शांति में मदद करेंगे या रूस के साथ व्यापार करके युद्ध बढ़ाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### तेल अवीव में कार में धमाका, कई घायल

**तेल अवीवी।** इजराइल के तेल अवीव में गुरुवार को एक कार में अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। धमाके के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। विस्फोट की यह घटना ला गार्डिया स्ट्रीट के एक व्यस्त हिस्से में हुई। जोरदार धमाके की आवाज दूर तक सुनी गई और सड़क पर खड़ी कार के परखच्चे उड़ गए। एक शख्स को गंभीर हालत में इलाज के लिए तेल अवीव के इचिलोव अस्पताल ले जाया गया है।



### पूर्व राष्ट्रपति को मिली पांच साल की सजा

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में कथित तौर पर लीबिया की सरकार से अवैध फंडिंग लेने के मामले में दोषी पाया है। कोर्ट ने उन्हें विदेश से चुनाव जीतने के लिए गैरकानूनी पैसे लेने के मामले में दोषी ठहराया और पांच साल की सजा सुनाई है। उन्होंने 2007 में राष्ट्रपति बनने के लिए लीबिया के तानाशाह से रुपए लिए थे।



## रक्षा मंत्रालय और एचएएल के मध्य लड़ाकू विमान आपूर्ति को लेकर करार

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 62370 करोड़ रु. में 97 'तेजस एमके1ए जेट'



*तेजस एमके1ए की खरीद 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक अहम हिस्सा है। यह एलसीए एमके1ए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का सबसे उन्नत संस्करण है। यह विमान न केवल भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक ऐतिहासिक करार किया है। इस करार के अंतर्गत भारतीय वायुसेना के लिए 97 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके1ए विमानों की खरीद की जाएगी।

इस समझौते की कुल लागत 62,370 करोड़ रुपए (करों को छोड़कर) है। इसमें 68 सिंगल-सीटर लड़ाकू विमान और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान, साथ ही संबंधित उपकरण और सपोर्ट सिस्टम शामिल हैं। इन विमानों की डिलीवरी वर्ष 2027-28 से शुरू होगी और यह प्रक्रिया छह साल में पूरी होगी।

**सालाना 11750 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा**

**लगभग 105 भारतीय कंपनियां इसके लिए पुर्जे तैयार करेंगी**



### घरेलू रक्षा उद्योग को मिलेगा प्रोत्साहन

*इस करार से न केवल भारतीय वायुसेना की ताकत में बढ़ोतरी होगी, बल्कि घरेलू रक्षा उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। एचएएल और इसके साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों को तकनीकी और आर्थिक रूप से बड़ा लाभ होगा। लगभग 105 भारतीय कंपनियां इसके लिए पुर्जे तैयार करेंगी। अनुमान है कि उत्पादन प्रक्रिया के दौरान हर साल करीब 11,750 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होंगे।*

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

तेजस एमके1ए की खरीद 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक अहम हिस्सा है। यह एलसीए एमके1ए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का सबसे उन्नत संस्करण है। यह विमान न केवल भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा, बल्कि रक्षा उत्पादन क्षेत्र में देश को वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### 64 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल की

मंत्रालय के मुताबिक, इन विमानों में 64% से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। जनवरी 2021 में हुए पिछले एलसीए एमके1ए करार की तुलना में इस बार 67 अतिरिक्त उपकरण जोड़े गए हैं। इनमें आधुनिक उत्तम एक्टिव इलेक्ट्रानिकली स्कैंड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत स्वदेशी प्रणालियां शामिल हैं।

### वायुसेना की शक्ति में बढ़ोतरी होगी

तेजस एमके1ए विमानों के शामिल होने से वायुसेना को तेज, आधुनिक और भरोसेमंद लड़ाकू विमान मिलेंगे। इससे मौजूदा स्क्वाड्रन स्ट्रेंथ को बढ़ावा मिलेगा और मिग-21 जैसे पुराने विमानों के चरणबद्ध हटने के बाद बनी कमी को पूरा किया जा सकेगा।


## तेल के खेल में अमेरिका का बड़ा दांव– भारत को दिया खुला न्यौता

**ऊर्जा मंत्री का बड़ा बयान**

# 'रूस छोड़ो, हमारा तेल लो', हम भारत से प्यार करते, उसे सजा नहीं देना चाहते

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने बुधवार को भारत की तारीफों के पुल बांधे और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, नई दिल्ली के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के लिए उत्सुक है। राइट ने जोर देकर कहा कि अमेरिका भारत को शुल्क लगाकर दंडित करना नहीं चाहता, बल्कि शांति चाहता है। और इसी प्रक्रिया में अमेरिका को उम्मीद है कि भारत रूसी तेल की खरीद बंद करेगा क्योंकि अमेरिका के पास तेल उपलब्ध कराने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं।



### भारत के साथ ऊर्जा में और सहयोग बढ़ाएंगे

उन्होंने कहा कि भारत के साथ हुए अनुभव ने उन्हें कई क्षेत्रों में भारत के साथ ऊर्जा व्यापार और सहयोग बढ़ाने के अपने विश्वास को और मजबूत किया। राइट ने दोनों देशों के बीच सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, जिनमें प्राकृतिक गैस, कोयला, परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन और लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) शामिल हैं।

### मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक

*राइट ने कहा कि मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। हम भारत से प्यार करते हैं। हम भारत के साथ और अधिक ऊर्जा व्यापार, अधिक संवाद और आपसी सहयोग की उम्मीद करते हैं।"*

## अमेरिका में यूनुस ने उगला जहर

# हमें भारत के साथ समस्या, वे पूर्व पीएम की 'मेजबानी' कर रहे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस ने सरकार की कमान संभाली है। उनकेराज में हिंदुओं के खिलाफ खूब नरसंहार हुआ। उन्होंने अमेरिका के न्यूयॉर्क में बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का जिक्र करते हुए कहा है कि भारत में उनके रहने से दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हुआ। यूनुस ने कहा कि हमें इस समय भारत के साथ समस्या है, क्योंकि उन्हें छात्रों का व्यवहार पसंद नहीं आया। वे हसीना की मेजबानी कर रहे हैं, जो पूर्व पीएम हैं और जिन्होंने यह सारी समस्याएं पैदा कीं और युवाओं की जान ली। इससे भारत और बांग्लादेश के बीच काफी तनाव पैदा हो गया। उन्होंने भारत की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'इसके अलावा, दूसरी तरफ से भी कई तरह की झूठी खबरें आ रही हैं, जिनमें तरह-तरह का दुष्प्रचार किया जा रहा है कि यह इस्लामी आंदोलन है जिसने बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया है। वे कहते हैं कि मैं भी तालिबान हूं।



## सिंगापुर और भारतीय शिपयार्ड के बीच करार

# तटीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियां अपनी शक्तियों एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी।

### एशिया के लिए की साझेदारी



*एसओटी ने कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी।*

### प्रभावी समाधान प्रदान करेंगे

*सीएसएल के जहाज मरम्मत महाप्रबंधक, शिवकुमार ए. ने कहा कि यह समझौता सीएसएल के तटीय उपस्थिति बढ़ाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीट्रियम के साथ सहयोग को मजबूत करने का हमारा निर्णय उनकी वैश्विक विशेषज्ञता में हमारे विश्वास को दर्शाता है, जिससे हम संयुक्त रूप से क्षेत्र भर के ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता, लागत-प्रभावी समाधान प्रदान करने में सक्षम होंगे।*

## 1962 के भारत-चीन युद्ध पर सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

# वायुसेना का इस्तेमाल न करना गंभीर भूल थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान वायुसेना का इस्तेमाल न करने का फ़ैसला एक गंभीर भूल थी। वायुसेना के इस्तेमाल से चीनी आक्रमण काफ़ी धीमा हो जाता और इससे सेना को तैयारी के लिए और ज़्यादा समय मिल जाता। उस समय भारत के इस एक्शन को बढ़ती हुई आक्रामकता कहा जा सकता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर में देखा गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में सुरक्षा के हालात बदल गए हैं और अब युद्ध का स्वरूप ही बदल गया है। जनरल चौहान ने यह टिप्पणी बुधवार को पुणे में दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल एसपीपी थोराट की संशोधित आत्मकथा 'रेवेइल टू रिट्रीट' के विमोचन के दौरान एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में की। उन्होंने अपने बयान में 1962 युद्ध से दो अहम रणनीतिक सबक की बात की।



*देश में सुरक्षा के हालात बदल गए हैं अब युद्ध का स्वरूप ही बदल गया है*

### पूरी तरह से बदल चुका है भूगोल

सीडीएस ने कहा कि अब भूगोल पूरी तरह बदल गया है और जियो पॉलिटिक्स भी पूरी तरह से बदल चुकी है। फॉरवर्ड पॉलिसी को लद्दाख और नेफा पर एक समान रूप से लागू नहीं किया जाना चाहिए था। दोनों क्षेत्रों में विवाद का इतिहास, सुरक्षा परिदृश्य और भू-भाग बिल्कुल अलग थे। लद्दाख में, चीन पहले ही भारतीय भूभाग के एक बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर चुका था, जबकि नेफा में, भारत का दावा ज़्यादा मज़बूत था। मेरे विचार से, दोनों को समान मानना और समान नीतियां अपनाना थोड़ा ग़लत था।

### एयर पावर का इस्तेमाल करना जरूरी

सीडीएस चौहान ने कहा कि भविष्य में चीन के किसी भी आक्रमण को कमजोर करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आधुनिक युद्ध में अधिकांश देश किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग कर रहे हैं।

### एलएसी पर मजबूत और टिकाऊ डिफेंस

दूसरा, अग्रिम मोर्चों पर दूर एक दूसरे से अलग-थलग चौकियां स्थापित करने की रणनीति त्रुटिपूर्ण रही। सीडीएस ने इन नीतियों की आलोचना की और कहा कि यह रणनीति भारतीय सेना की मौजूदा रणनीति के बिल्कुल विपरीत है। भारत की नीति अब एलएसी पर मज़बूत, हर मौसम में काम करने लायक बुनियादी ढांचा और टिकाऊ डिफेंस बनाने पर केंद्रित है।

## सोशल मीडिया पर उड़ी फिर पाक की खिल्ली

# यूनएन में चर्चा के दौरान 7 बार अटके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर बोल रहे थे। ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए , जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं। बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए।



# अपनी जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा की पास, चार साल देवास स्थित नोट प्रेस में नौकरी करता रहा जालसाज

2021 में 137 पद पर हुई थी टेक्नीशियन की भर्ती परीक्षा, नोटिस मिलते ही फरार हुआ आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आईओएन डीजीटल कॉलेज में आयोजित देवास नोट प्रेस की टेक्निशियन परीक्षा में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है।

दरअसल, एक जालसाज ने अपनी जगह दूसरे को परीक्षा में बिठाकर परीक्षा पास की थी और चार साल से वह नौकरी भी कर रहा था। संदेह के आधार पर देवास नोट प्रेस के अधिकारियों ने 137 पदों पर भर्ती करने वाली एजेंसी से डेटा मांगा तो पता चला कि नौकरी करने वाला और परीक्षा देने वाला दोनों ही व्यक्ति अलग-अलग है। इसके बाद फर्जी तरह से नौकरी करने वाले को नोटिस भेजा। नोटिस मिलते ही जालसाज फरार हो गया। वह बिहार का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार सुनील दुपारे देवास नोट प्रेस में नौकरी करते हैं। उन्होंने देवास पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में देवास नोट प्रेस में 137 पदों पर टेक्नीशियन की भर्ती कराई गई थी। भर्ती प्रक्रिया मुंबई की कंपनी द्वारा कराई गई। इस दौरान सेंटर भोपाल के आईआरएन कॉलेज को बनाया गया।


परीक्षा पास होने के बाद वेरिफिकेशन भी हो गया। देवास नोट प्रेस के अधिकारियों ने चयनित हुए कर्मचारियों का दोबारा वेरिफिकेशन कराया। मुंबई की कंपनी से परीक्षा का डेटा मांगा। मुंबई की कंपनी ने अपने पास सुरक्षित रखा डेटा भेजा तो पता चला कि देवास नोट प्रेस में नौकरी करने वाले जसराम की फोटो और परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी की फोटो अलग-अलग है। विभाग ने जसराम को नोटिस भेजा गया। नोटिस मिलने पर जसराम नौकरी छोड़कर बिहार फरार हो गया।

**मुंबई की कंपनी ने कराई थी भर्ती प्रक्रिया, परीक्षा का डेटा मांग कर जांच की तो फर्जीवाड़े का पता चला**

### बड़ी लापरवाही सामने आई

इस पूरे प्रकरण में भर्ती परीक्षा लेने वाली मुंबई की कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। फिंगर प्रिंट और अन्य प्रक्रिया कंपनी के द्वारा कराई गई। परीक्षा में प्रवेश पत्र और आईडेंटी कार्ड भी चेक किया गया। बावजूद इसके परीक्षा देने वाले की जगह, जालसाज ने नौकरी हासिल कर ली। विभाग द्वारा इस घटना की शिकायत देवास पुलिस से की गई थी। पुलिस ने घटनास्थल बिलखिरिया क्षेत्र का होने के कारण केस डायरी बिलखिरिया पुलिस को भेज दी।

## खबर संक्षेप



### राजा भोज महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**मंडीदीप।** राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भोपाल की संयुक्त टीम ने एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार भदौरिया ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया।



### पीसीपीएनडीटी एक्ट पर आयोजित हुई कार्यशाला

**भोपाल।** चिकित्सा सेवा समाज का एक प्रतिष्ठित पेशा है और चिकित्सकों की बातों का प्रभाव लोगों पर सीधा पड़ता है। इसलिए बेटा-बेटी एक समान के संदेश को देना चिकित्सकों का नैतिक दायित्व है। बेटा हो या बेटी, दोनों का पालन, पोषण, आहार और शिक्षा समान रूप से होनी चाहिए। यह बात बुधवार को पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों पर उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए महापौर मालती राय ने कही। महापौर ने कहा कि चिकित्सकों के चिकित्सा दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक दायित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय लिंग चयन निषेध पर जागरूकता करना भी है। आयोजन एमपीटी होटल लेक व्यू में किया गया। जिसमें जिले के सभी सोनोग्राफी सेंटर के चिकित्सक शामिल हुए। कार्यशाल में पार्षद ब्रजला सचान, सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

### पुलिस ने निकाली वाहन रैली, शांति का दिया संदेश

**औबेदुल्लागंज।** पुलिस ने अभिमन्यु अभियान के तहत बुधवार देर रात वाहन रैली निकाली। रैली एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई भारत प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में औबेदुल्लागंज थाने से शुरू हुई। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं नगर में धार्मिक आयोजनों में शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश देना एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की रोकथाम करना था। रैली में बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं महिला पुलिसकर्मी शामिल हुईं।

### कर्मचारियों ने जल संसाधन विभाग पर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में बुधवार को स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में जल संसाधन विभाग के मुख्यालय तुलसी नगर में प्रदर्शन कर धरना दिया। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए जल संसाधन विभाग के प्रमुख से मांगों को मंजूर करने की मांग की। मंच की प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदर्शन चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया है। जिसमें अमीनो के नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरणों को निरस्त करने, स्थाई वगीर्कृत दिनांक से नियमित दिनांक तक की अंतरराशि का भुगतान करने, अमीन का पद नाम सिंचाई विस्तार अधिकारी करने, बिना अधिकार के अधीक्षक यांत्रियों द्वारा किए गए जा रहे आदेशों पर रोक लगाने की मांग प्रमुख अभियंता से ज्ञापन के माध्यम से की गई है। पांडे ने चेतावनी दी है कि जब तक कर्मचारियों की मांगों का लिखित में निराकरण नहीं हो जाता जब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## ससुराल से बहन के घर आई महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सुदिती अस्पताल के पास विजय नगर, लालघाटी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश फांसी के फंदे पर उनकी छोटी बहन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा है मेरी मौत के बाद मेरी पार्थिव शरीर को अग्नि का अधिकार मेरे बेटे का है। इसके अलावा किसी पर आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस के अनुसार पूजा जायसवाल (30) मूलतः खिलचीपुर, जिला राजगढ़ की रहने वाली थी। उनकी शादी झांसी में हुई थी। उनकी छोटी बहन अवंतिका जायसवाल, विजय नगर में सुदिती अस्पताल के पास रहती हैं और जन संपर्क विभाग में सहायक जनसंपर्क अधिकारी है। अवंतिका ने पुलिस को बताया कि बड़ी बहन पूजा जायसवाल एक दिन पहले ही अपने ससुराल झांसी से अकेली लौटी थी। वह गृहणी थी। मंगलवार को अवंतिका ड्यूटी गई थी। शाम को ड्यूटी से लौटी तो फ्लैट का दरवाजा खुला हुआ था और अंदर कमरे में पूजा फांसी लगा चुकी थी।

सीएम डॉ. मोहन ने 6.69 लाख धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ बोनस राशि अंतरित की

# धान उत्पादक किसानों को दीपावली से पहले ही बोनस के रूप में दिया तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 6 लाख 69 हजार 272 धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ 12 लाख रुपए की प्रोत्साहन (बोनस) राशि सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री पूर्व में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जित करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार अधिकतम 10 हजार रुपए की बोनस देने की घोषणा कर चुके थे। अपने इसी वादे के तहत उन्होंने किसानों को दीपावली के पहले बोनस का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने नक्सल प्रभावित ग्रामों के 850 युवाओं को नियुक्ति-पत्र भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बालाघाट जिले के कटंगी तहसील मुख्यालय में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाताओं की खुशहाली में ही हम सबकी खुशहाली है। अन्नदाताओं की आर्थिक मजबूती ही देश और प्रदेश के विकास और समृद्धि का आधार है। हमारी सरकार ने किसानों के सभी हितों का विशेष ध्यान रखा है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के लिए हम मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं। किसानों को उनके हर वाजिब हक के साथ-साथ हमारी सरकार किसान सम्मान निधि भी दे रही है। यह निधि किसानों के प्रति हमारे सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने बालाघाट जिले में करीब 245 करोड़ रुपए की लागत वाले 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया।

जंगली जानवरों के हमले में 5 मृतकों के परिजन को दिए जाएंगे 17-17 लाख रुपए

**कटंगी में 245 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण**



### अब यहीं के युवा यहीं प्रशिक्षण लेकर गांव, जंगल, जमीन की रक्षा करेंगे

मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले को बुधवार को मिले करीब 245 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज बालाघाट के 850 जवानों को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। अब यहीं के युवा यहीं पर प्रशिक्षण लेकर अपने गांव, कस्बे, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों की रक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अपने सभी संकल्पों को पूरा करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है। किसानों को सम्मान निधि के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि का लाभ मिल रहा है। बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों और युवाओं सहित सभी की चिंता करते हैं। वे बालाघाट के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने किसान सम्मेलन को स्थानीय भाषा में संबोधित किया। कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बालाघाट के कटंगी में विकास की गंगा बहाई है।



### गृह विभाग के विशेष सहयोगी दस्ते में नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित ग्रामों के 850 युवाओं को नियुक्ति-पत्र भी वितरित किए। इन सभी युवाओं को गृह विभाग के विशेष सहयोगी दस्ते में नियुक्ति दी गई है। मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले में हुए रोजगार महोत्सव के जरिए चुने गए 3700 से अधिक युवाओं को प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में नियुक्ति-पत्र भी दिए। इन चयनितों में लगभग 1000 युवतियां भी शामिल हैं, जिन्हें बेंगलुरु की निजी कंपनियों में नियुक्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लाड़ली बहनों से किया वादा भी निभाया है। रक्षाबंधन पर उन्हें 1500 रुपए दिए, अब दीपावली की भाईदूज से हर माह 1500 रुपए देंगे।

◆ बालाघाट के 850 से अधिक युवाओं को दिए नियुक्ति-पत्र

### मुख्यमंत्री ने दी अनेक सौगातें

*किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कटंगी में नया सामुदायिक अस्पताल, कटंगी से सिवनी राजमार्ग पर नया सेतु पेंच नेशनल पार्क की परिधि क्षेत्र से लगे खेतों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए चारों ओर सोलर फेंसिंग कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजीव सागर सिंचाई परियोजना से नहलेसरा बांध को इंटरलिंक तथा जंगली जानवरों के हमले में जान गंवाने वाले क्षेत्र के 5 मृतकों सुखराम, प्रकाश, अनिल, मंगरू एवं सेवकराम के परिजनों को मुआवजे की शेष राशि के रूप में 17-17 लाख रुपए देने की घोषणा की। इन सभी मृतकों के परिजन को 25-25 लाख रुपए मुआवजा मिलना था। इसमें से 8-8 लाख रुपए परिजनों को पहले ही दिए जा चुके हैं।*

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से सौजन्य भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की।

सिंगापुर के काउंसल जनरल फूंग ने की सौजन्य भेंट

## मध्यप्रदेश और सिंगापुर तीन क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोगः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल स्किल पार्क जैसे प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और सिंगापुर द्वारा क्षमता निर्माण तथा युवा सशक्तिकरण के लिए किए गए संयुक्त प्रयासों का सफल उदाहरण है। सिंगापुर की तकनीक, शिक्षा-स्किल्स, विशेषज्ञता और मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता व संसाधन, परस्पर विकास, नवाचार और स्थिरता को प्रोत्साहित करने में सक्षम है। राज्य सरकार द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हरसंभव नीति, सहयोग और निवेशकों को त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यह बात सिंगापुर के काउंसल जनरल चियोंग मिंग फूंग से मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, सिंगापुर के साथ परस्पर सहयोग बढ़ाते हुए गतिविधियों का विस्तार करेगा।

कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया गांव का मामला

## घर और मकान पर अंधाधुंध फायरिंग, इलाके में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया गांव में फायरिंग का मामला सामने आया है। हमलावर ने घर और दुकान पर गोली चलाई। इस घटना में मौके पर एक कारतूस गिरा मिला है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। अभी तक घटना का कारण अज्ञात है। मकान मालिक वसीम मेमन ने बताया कि वह घर के अंदर था इस दौरान दो गोली चलने की आवाज आई, उसे अनहोनी होने की आशंका हुई और वह घर से बाहर निकाला। गोली की आवाज सुनकर हड़कंप मच गया। एक गोली घर के शटर पर लगी। वहीं, दूसरी गली के अंदर के मुख्य द्वार पर लगी। गोली चलाने वाले दो लोग थे जो बाइक पर सवार होकर आए हुए थे।



### एक आरोपी हिरासत में

वसीम मेमन ने बताया कि उसके छोटे भाई का कोर्ट में मामला चल रहा है। इसके बाद से विवाद की स्थिति बनी हुई है आशंका जताई जा रही है कि उससे ही जुड़े कुछ लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। घटना की सूचना मिलते ही कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी मौके पर पहुंचे और पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित रहे। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस की तत्परता से एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पास की घटना

## पलक झपकते कार चोरी सीसीटीवी में घटना कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में थाने से कुछ ही दूरी पर एक युवक ने कार चोरी कर सबको हैरान कर दिया। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुलदीप शर्मा ने बताया कि 23 सितंबर की रात लगभग 9 बजे उन्होंने अपनी स्विफ्ट डिजायर (सीजी 13 यूजी 9902) कार घर के बाहर खड़ी की थी। आधे घंटे बाद जब वह बाहर आए तो कार गायब थी। आसपास खोजबीन करने के बावजूद कार का कोई सुराग नहीं मिला। प्रार्थी की शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि हल्की बारिश के दौरान रात 9 बजे के आसपास महज 2 मिनट में एक युवक कार को आराम से उठा कर ले जाता है और फरार हो जाता है।



केरेगांव थाना क्षेत्र के खड़ादाह के पास का मामला

## यात्री बस पलटने से दर्दनाक हादसा, मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में फिर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसके चलते एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं हादसे में दर्जन भर लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि नगरी मार्ग में बस पलटने से मौके पर चीख पुकार मच गई। इस हादसे में 4 साल की एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

बताया जा रहा है कि एक बस सवारी भरकर धमतरी से नगरी की तरफ गुरुवार को जा रही थी। तभी केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ादाह के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।



### 20 से ज्यादा यात्री थे सवार

*वहीं हादसे की सूचना पर तत्काल केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए धमतरी जिला अस्पताल लाया गया। यहां लाने पर डॉक्टर ने बच्ची रागिनी निषाद निवासी ग्राम बासनवाही को मृत घोषित कर दिया। वहीं टीकाराम साहू 58 वर्ष और उनकी पत्नी कुमारी बाई साहू 54 वर्ष निवासी ग्राम बेलौदी का इलाज जारी है।*

स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींवः डॉ. रचना

## मेगा हेल्थ कैंप में हुई 1500 से ज्यादा महिलाओं के स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींव है। इसी संदेश को लेकर यह अभियान आगे बढ़ रहा है। यह बात काटजू अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे ने बुधवार को अस्पताल में महिलाओं के आयोजित मेगा हेल्थ कैंप के अवसर पर कही।

डॉ. रचना ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा स्त्री रोग, पीसीओएस, मानसिक रोग, एनसीडी (उच्च रक्तचाप, डायबिटीज) सिकल सेल, किशोरी स्वास्थ्य, दन्त रोग, नाक-कान-गला रोग, क्षय रोग, महिलाओं में होने वाले कैंसर्स आदि समस्त स्वास्थ्य समस्याओं का निशुल्क परामर्श, जांच एवं उपचार प्रदान किया गया। कैंप में 1500 से अधिक महिलाओं ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



### एक ही स्थान पर सभी स्वास्थ्य सेवाएं

काटजू अस्पताल की अधीक्षक डॉ. स्मिता सक्सेना ने कहा कि यह मेगा हेल्थ कैंप महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, क्योंकि यहां उन्हें एक ही स्थान पर व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। अक्सर महिलाएं अपनी व्यस्त दिनचर्या और सामाजिक कारणों से अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देती हैं, जिसके चलते बीमारियां देर से सामने आती है।

## नूतन कॉलेज की छात्राओं ने आनंदधाम वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से किया संवाद

राजधानी स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) के मनोविज्ञान विभाग ने बुधवार को आनंदधाम वृद्धाश्रम में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं ने वृद्धजनों के साथ संवाद कर उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी उपाय साझा किए। छात्राओं ने वृद्धजनों को मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग, ध्यान और प्राणायाम के लाभ बताए। उनको अवसाद से बचने के लिए सकारात्मक संवाद का महत्व समझाया गया। संगीत, भजन से मन में आनंद और उत्साह जगाने पर जोर दिया गया।



### मानसिक सक्रियता पर दिया जोर

वृद्धाश्रम में छात्रों ने वृद्धजनों से संवाद के माध्यम से स्मृति खेल और बौद्धिक गतिविधियों से मानसिक सक्रियता बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा की। छात्राओं ने परिवार और समाज के निरंतर सहयोग और संवाद से आत्मविश्वास और जीवन दृष्टि को सकारात्मक बनाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का यह है उद्देश्य नूतन कॉलेज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वृद्धजनों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना।

खजुराहो में हुआ सपा का प्रशिक्षण शिविर

## सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी ताकत यूपी-एमपी में बनेगी सपा की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी ताकत है। वर्ष 2027 में उत्तरप्रदेश और वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश में समाजवादी सरकार बनेगी। यह बात आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने खजुराहो में समाजवादी पार्टी का दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कही।

यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव तक ले जाने, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और वर्ष 2027 में उप्र व वर्ष 2028 में मप्र में सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य साधने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज यादव की अगुवाई में आयोजित शिविर में उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के सपा नेता शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर को मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी, जालौन के सांसद नारायण दास अहिरवार, हमीरपुर के सांसद अजेंद्र लोधी, पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम यादव और मप्र प्रभारी व पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## जिला बार की भूख हड़ताल हाई कोर्ट जज के आश्वासन के साथ स्थगित

### जबलपुर के पोर्टफोलिया जज विवेक अग्रवाल ने मांगें पूरी करने का दिलाया भरोसा

जबलपुर।

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के पदाधिकारी पूर्व घोषणा अनुरूप गुरुवार को प्रातः 11 बजे से जिला एवं सत्र न्यायालय के गेट नंबर चार पर सात सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गए। सायं पांच बजे तक भूख हड़ताल जारी रही। इसी बीच जबलपुर के पोर्टफोलियो जज विवेक अग्रवाल ने जिला बार पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर ली। जिसमें समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद शीघ्र ठोस निदान का भरोसा दिला दिया गया। लिहाजा, भूख हड़ताल स्थगित करने का निर्णय ले लिया गया।

### तीन लिफ्ट चालू हुईं, चौथी के सुधार के निर्देश जारी

जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की तत्परता से जिला अदालत की तीन लिफ्ट अविलंब चालू कर दी गईं। जबकि चौथी खराब लिफ्ट के सुधार के निर्देश जारी हो गए हैं।



### महिला अधिवक्ता कक्ष व कैंटीन का किया निरीक्षण

न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने जिला बार पदाधिकारियों के साथ महिला अधिवक्ता कक्ष व कैंटीन का निरीक्षण किया। बिल्डिंग कमेटी से बात कर शीघ्र निर्माण की अनुमति प्रदान करने का आश्वासन दिया। बेसमेंट में ड्रेनेज सिस्टम को लेकर जो परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं, उनका निदान किए जाने हेतु निर्देश दिया।, वाई-फाई हेतु जो राउटर ग्राउंड फ्लोर में लगे हुए हैं उनके संबंध में भी माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय को निर्देशित किया गया, जहां तक ऑटोटोरियम हाल के संबंध में बात हुई तो यह स्पष्ट हुआ कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उनके तरफ से जो प्रक्रिया व आदेश किया जाना था, वह कर दिया गया है। शासन द्वारा राशि आवंटित न करने के कारण निर्माण का प्रारंभ नहीं किया जा रहा जैसे ही राशि आवंटित हो जाएगी निर्माण का कार्य प्रारंभ कर पूर्ण कर दिया जाएगा। झंडा बंधन स्थल पर जो डोम बनना है उसके एस्टीमेट का भी आदेश दे दिया गया है। अधिवक्ता बिल्डिंग की पुताई के संबंध में भी निर्देश दिया गया है। गुरुवार के अनशन में जिला बार पदाधिकारी मनीष मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द यादव, रविन्द्र दत्त, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा, मनोज तिवारी, दुर्गेश मनाना, यश दुबे, शाहरूख मंसूरी, संजीव पांडे, अरूण मिश्रा, घनश्याम तिवारी, संजय यादव, अनमोल ऋषि, भूपेन्द्र यादव, नितिन पटैल, विनिय यादव, भोले दिपांकर सोनकर, आलोक, पवन शर्मा, मनोज रधुवंशी, सूनीता सूद, सवीता खत्री सहित अन्य शामिल थे।

### केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में राजभाषा पखवाडे का हुआ आयोजन

**जबलपुर।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण,जबलपुर न्यायपीठ में से 25 सितम्बर 2025 के दौरान राजभाषा पखवाडे का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी निबंध लेखन व हिन्दी में नोटिंग-ड्राफिटंग एवं अनुवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन उप रजिस्ट्रार डा. एनपी द्विवेदी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी गौरी त्यागी व एकता जैन, सहायक ग्रंथालय व सूचना अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। न्यायपीठ के अधिकारियों-कर्मचारियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 25 सितम्बर को आयोजित समापन समारोह के दौरान मल्लिका आर्य, प्रशासनिक सदस्य, किशोर कुमार, संयुक्त रजिस्ट्रार व डा.एनपी द्विवेदी, उप रजिस्ट्रार द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य के लिए रोहित कुमार सैनी, कनिष्ठ सहायक को प्रथम व संजीव कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सहायक को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## क्षेत्र में काम करने के एवज में मांग रहा था मंथली

हरिभूमि, जबलपुर।



लोकायुक्त पुलिस ने पाटन वन परिक्षेत्र में पदस्थ डिप्टी रेंजर ढेलन सिंह यादव को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को आरोपी के शासकीय आवास पाटन में की गई। एसपी लोकायुक्त अंजूलता पटले ने बताया कि आवेदक 38 वर्षीय शकील पिता मोहम्मद वहीद निवासी कटरा मोहल्ला तहसील पाटन लकड़ी का परिवहन एवं कारपेंट्री का कार्य करता है। डिप्टी रेंजर द्वारा उससे कहा गया था कि यदि वह उनके क्षेत्र में काम करना चाहता है, तो हर माह पांच हजार देना होगा। इस दबाव और अवैध मांग से परेशान होकर शकील ने लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई।

**- रिश्वतखोर डिप्टी रेंजर को लोकायुक्त ने पांच हजार की घूस लेते गिरफ्तार**

### शासकीय आवास में टीम की दबिश

शिकायत की सत्यापन प्रक्रिया के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। गुरुवार को आरोपी ढेलन सिंह यादव अपने शासकीय आवास पर आवेदक से रिश्वत की राशि ले ही रहा था कि लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई।

### घूसखोरी नहीं की जाएगी बर्दाश्त

एसपी पटले ने बताया कि आरोपी डिप्टी रेंजर के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लोक सेवकों द्वारा जनता से इस तरह की अवैध मांग और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई में निरीक्षक राहुल गजभिये, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक जितेंद्र यादव सहित लोकायुक्त पुलिस की टीम शामिल रही।

## करंट से मासूमों की मौत, नम आंखों से दी गई विदाई

**जबलपुर।** बरगी हिल्स के पास बुधवार देर रात दुर्गा पंडाल में करंट लगने से दो मासूमों की मौत ने पूरे इलाके को दहला दिया। हादसे में जान गंवाने वाले 8 वर्षीय आयुष झारिया और 10 वर्षीय वेद श्रीवास का गुरुवार को तिलवारा घाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान परिवारजन और परिचितों ने नम आंखों से विदाई दी। दोनों ही अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और उनकी बड़ी बहनें हैं। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार और मोहल्ले को सदमे में डाल दिया। घटना के तत्काल बाद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने घटना के जांच के आदेश दे दिये. एसडीएम गोरखपुर के नेतृत्व में गठित टीम पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है.

**घटना की जांच में जुटी टीम, लापरवाही पर होगी कार्यवाही**

**हादसा कैसे हुआ-** पंडाल में पूजा-अर्चना का जिम्मा संभाल रहे पुजारी मुनीर मिश्रा ने बताया कि आरती के बाद बच्चे सड़क किनारे खेल रहे थे। खेल-खेल में आयुष और वेद डिवाइडर के पास पहुंचे और लोहे के पाइप को पकड़ लिया। पाइप में करंट होने से दोनों बच्चे 10 फीट दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ठीक कुछ देर पहले ही पंडाल में झालर लगाने का काम किया गया था।**पुलिस जांच में लापरवाही उजागर-** तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पंडाल की विद्युत व्यवस्था में कई खामियां मिली हैं। आशंका है कि बिजली का कनेक्शन अवैध तरीके से लिया गया था। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मायके से 5 लाख नहीं लाने पर प्रताड़ना

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत बस्ती नंबर 2 अमखेरा रोड में एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है।गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्ती नंबर 2 अमखेरा रोड निवासी 31 वर्षीय श्रीमति ऋचा सिंह ने गोहलपुर थाने में लिखित शिकायत की, कि उसकी शादी पनागर निवासी शुभेन्द्र सिंह से नवम्बर 2021 को हुई थी। शादी में माता पिता ने नगद 5 लाख रूपये सोने चाँदी के गहने तथा घर गृहस्थी का अन्य समान उपहार में दिया था। शादी के कुछ दिनों के बाद ही पति शुभेन्द्र सिंह सास मीना सिंह, ससुर वीरेन्द्र सिंह, देवर शिवम सिंह सभी तुम्हारे पिताजी दहेज में कुछ नहीं दिया है कहते हुए ताना मारते है और आये दिन सभी लोग गाली गलौज कर मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते थे। दिसंबर 2021 में पति से दैनिक खर्चे के लिये कुछ रुपयों की माँग की तो पति ने गाली गलौज करते मायके से 5 लाख रुपए और एक कार की मांग करते मारपीट कर और दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर तलाक देने और दूसरी शादी करने का कहते है। बेटे के जन्म के बाद बेटे का खर्चा भी मायके से लाने का कहते है और बेटे के साथ भी बुरा व्यवहार करते है। गत 22 नवंबर 24 को ससुराल वालों ने मायके से 5 लाख रूपये की मांग करते हुए ऋचा सिंह के माता पिता को फोन कर दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर ऋचा को जान से मारने की धमकी दी, तब ऋचा के पिता अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे तो उनसे भी गालीगलौज की और कहा कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी तब तक ऋचा को नहीं रखेंगे।

### पुलिस कप्तान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया शुभारंभ

## हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर शुरू हुआ जागरूकता अभियान

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जबलपुर पुलिस ने यातायात जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस एक सप्ताह चलने वाले अभियान का शुभारंभ गुरुवार को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से किया। अभियान की शुरुआत एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह और सामाजिक संस्था जबलपुर ऐस राउंड टेबल 365 के सदस्यों की मौजूदगी में की गई।

### 2273 सड़क हादसे, 211 ने गंवाई जान

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करना है। वर्ष 2025 के जनवरी से अगस्त तक जिले में 2273 सड़क हादसे दर्ज हुए, जिनमें हेलमेट न पहनने के कारण 211 लोगों ने अपनी जान गंवाई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को आदत में शामिल करना है।




### सामाजिक संस्थाओं की पहल

एएसपी यातायात तिवारी ने बताया कि यह अभियान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और कंपनियों की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियों के तहत चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सोशल मीडिया, एफएम रेडियो, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर और पंपलेट्स के जरिए अधिक से अधिक लोगों को सीट बेल्ट और हेलमेट के महत्व को समझाया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ऐस राउंड टेबल 365 के चेयरमैन आनंद शामदासानी, वाइस चेयरमैन साहिल खनिजो, आईपीसी मनमीत सिंह छाबड़ा, सचिव अनिरुद्ध दुबे, कोषाध्यक्ष विख्यात सबलोक, मानद टेबलर अभिनव जैन, प्रणय मधवानी, विशेष जग्गी सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे। वहीं यातायात पुलिस बल, डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला, बैजनाथ प्रजापति व अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी इस अवसर पर शामिल हुए।




## पमरे में चलाया गया स्वच्छता श्रमदान अभियान

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत, पश्चिम मध्य रेल ने गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान किया गया। इस अभियान के दौरान, जबलपुर के सांसद आशीष दुबे ने पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के साथ मिलकर जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर श्रमदान किया। इस पहल में मुख्यालय और मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया है। इस अभियान में मुख्यालय के अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), आरएसपी प्रभात कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण एम. एस हाशमी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एस एस पाराशर, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार एवं अपर मण्डल रेल प्रबन्धक जबलपुर सहित मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान करके कार्यक्रम को सफल बनाया।

**सांसद और जीएम ने प्लेटफार्म नंबर 6 में की साफ सफाई**

## वर्ल्ड रिकॉर्ड एक्सीलेंसी इंग्लैंड ने विकास शुक्ला को किया सम्मान

### थैलेसीमिया व सिकलसेल के लिए कार्य करने पर किया गया सम्मानित

**जबलपुर।** निफा संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था द्वारा 21 से 24 सितंबर तक एक कॉन्फ्रें स एवं सम्मान समारोह का आयोजन भारत मंडपम दिल्ली एवं करनाल में किया गया। जिसमें पूरे भारत के अलग अलग राज्यों व 700 जिलों से करीब 1500 समाजसेवियों ने सम्मिलित होकर इस आयोजन की शोभा बढ़ाई और सम्मान प्राप्त किया। इस अवार्ड के लिए भारत के सभी राज्यों के जिलों से एक पुरुष और एक महिला को चुना गया था, जिसमें जबलपुर से थैलेसीमिया एवं सिकलसेल की रोकथाम एवं इन बीमारी से पीड़ित बच्चों के बेहतर जीवन के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए थैलेसीमिया जनजागरण समिति मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विकास शुक्ला एवं एन एस एस से दीक्षा चौरसिया को इस आयोजन में आमंत्रित कर वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सिलेंसी




इंग्लैंड के सर्टिफि केट के साथ निफा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिसको लेकर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाईयां दी।

इस अवसर पर मॉरीशस के राष्ट्रपति ने वीडियो कॉल मेसेज से सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंदर सिंह कल्याण, इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड एक्सीलेंसी की टीम जापान अतिथि एवं निफा से प्रीतपाल सिंह पन्नू उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय एकता रैली का आयोजन किया गया, जो कि करनाल के मुख्य मार्गों और चौराहों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची। इस रैली में सम्मिलित राज्य अपने अपने स्थानीय पहनावे के साथ शामिल हुए।

## पमरे में राजभाषा पखवाड़ा का हुआ समापन



**जबलपुर।** गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग और रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, पश्चिम मध्य रेलवे में 8 से 25 सितंबर, 2025 तक राजभाषा पखवाड़ा-2025 मनाया गया। यह कार्यक्रम महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के नेतृत्व और मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम.एस. हाशमी के मार्गदर्शन में हुआ। पखवाड़े का समापन 25 सितंबर, 2025 को एक विशेष समारोह के साथ हुआ, जिसमें श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय मुख्य अतिथि थीं। इस समारोह में राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार वितरण, समापन समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संबोधन में, महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि भारतीय रेल और राजभाषा हिंदी दोनों ही पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ने का महत्वपूर्ण काम करते हैं। उन्होंने हिंदी को उसकी सरल, सहज और समावेशी प्रकृति के कारण विशेष बताया। उन्होंने कहा कि आज हिंदी सिर्फ शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शोध, व्यापार और सरकारी कामकाज की भी भाषा बन गई है और इसका विस्तार पूरी दुनिया में हो रहा है। श्रीमती बंदोपाध्याय ने रेलवे बोर्ड स्तर पर पुरस्कार पाने वाले अधिकारियों को बधाई दी और पश्चिम मध्य रेलवे के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने दैनिक सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हिंदी का उपयोग करने का आह्वान किया।

### कलेक्टर, कप्तान ने दुर्गोत्सव समितियों संग की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

## पूर्व परंपराओं के अनुरूप हो सभी कार्यक्रम

हरिभूमि, जबलपुर।

दुर्गोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने की। बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर दुर्गा एवं महाकाली प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर सिंह एवं कप्तान उपाध्याय ने आयोजकों से अपील की कि दुर्गोत्सव पर होने वाले सभी कार्यक्रम पूर्व परंपराओं के अनुरूप हों, कोई नया कार्यक्रम न जोड़ा जाए। प्रत्येक समिति अपने पंडाल में सीजफायर यंत्र अनिवार्य रूप से रखें। बारिश को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल बनाए जाएँ तथा प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



### पंडाल की चौकसी समिति की जिम्मेदारी

बैठक में विशेष रूप से कहा गया कि दान पेटी रात्रि में पंडाल में न रखी जाए, उसे अध्यक्ष या कोषाध्यक्ष के पास सुरक्षित रखा जाए। भंडारे का आयोजन ऐसे स्थानों पर हो, जहां यातायात बाधित न हो और पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हो। यह संपूर्ण जवाबदारी समिति सदस्यों द्वारा की जाए यह सुनिश्चित होना चाहिए। बैठक में एडीएम मीशा सिंह, एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### तत्काल सूचना से कराए अवगत : कलेक्टर

कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस व प्रशासन को दें। समिति के सदस्य स्वयं पहल न करें, बल्कि तुरंत जानकारी दें ताकि पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का समाधान कर सके।

### 24 घंटे दो-दो वालंटियर्स : कप्तान

कप्तान उपाध्याय ने निर्देश दिए कि प्रत्येक समिति प्रतिदिन दो-दो वालंटियर्स 24 घंटे पंडाल और आसपास मौजूद रखें, जिनके नाम और मोबाइल नंबर संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराए जाए। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरे लगाने, तारों को सुरक्षित रखने और विद्युत साज-सज्जा बच्चों की पहुंच से दूर रखने के निर्देश दिए गए।

## वी मित्र ऐप से मिली सूचनाओं पर आम नागरिकों को मिला 5.26 लाख रुपए का इनाम

### कंपनी को हुआ रुपये 2.43 करोड़ का लाभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित "वी मित्र मोबाइल ऐप" आम जनता के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिकों ने बिजली चोरी, अवैध कनेक्शन और गलत उपयोग की जानकारी देकर न केवल कंपनी को जागरूक किया, बल्कि उन्हें इनाम के रूप में राशि भी प्राप्त हुई है। वी मित्र ऐप के माध्यम से जनता अब स्वयं बिजली चोरी, मीटर में छेड़छाड़, अवैद्य विद्युत कनेक्शन, गलत मीटर रीडिंग्स, अवैध पावर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन, बिजली कनेक्शन का अवैध रूप से विस्तार, अधिक लोड का इस्तेमाल करने वालों की शिकायत कर सकेगी और की गई शिकायतों की लाईव मॉनिटरिंग कर सकेगी।



## विद्युत देयक का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए

**जबलपुर।** 11 केवी चांदनी चौक फीडर के अंतर्गत विशेष चयनित क्षेत्र में भा.वि.अधि. 2003 की धारा 56 के के तहत प्रदाय नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद भी विद्युत देयक का भुगतान न करने वाले 16 नंबर उपभोक्ताओं, जिन पर लगभग 4.15 लाख रुपये की राशि बकाया थी उनके ताबड़तोड़ मास डिस्कनेक्शन की कार्रवाई की गई। कार्रवाई किए गए उपभोक्ताओं में इसरद अहमद, अजरा बी, परहेज, कमार खान, सूफिया बानो, मो. आफिक, शहूइस परवीन, हजी कुरेसी, गासिर अहमद, पाशीय बानो, अफसाना बानो, परिहिद अहमद, इकबाल अहमद आदि शामिल थे। कार्यपालन अभियंता सम्भाग पूर्व एलके नामदेव के निर्देशन में संभाग के समस्त अधिकारियों की टीम गठित कर वरिष्ठ कार्यालय की मंशा अनुसार बूढ़ी खेरमाई मंदिर के समीपस्थ क्षेत्र जाकिर हुसैन वार्ड के क्षेत्र में विद्युत कनेक्शन के डिस्कनेक्शन की कार्रवाई की गई, मास डिस्कनेक्शन कार्रवाई में सहायक अभियंता आदित्य चौबे, पूनम गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता आकांक्षा परिहार, धीरेंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन ने 1500 मरीजों को दिया स्वास्थ्य लाभ

**जबलपुर।** गुरु धाम ग्वारीघाट में डॉ. चारू पाठक (स्त्री रोग), डॉ. आशीष तिवारी हृदय रोग, ईशान मर्चेंट (यूरोलॉजिस्ट), नीरज बढ़ैरिया (मेडिसिन), विकास सावला (हड्डी रोग) एवं शेलबी हॉस्पिटल स्टाफ़ द्वारा मरीजों को निःशुल्क उपचार और परामर्श के साथ दवाइयां भी दी गईं। इस कार्यक्रम में महाराज आसन दास द्वारा सभी मरीजों को फल भी दिये गए। कार्यक्रम में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, पार्षद शारदा कुशवाह, एड. रोशन मंध्यानी, रमाकान्त मिश्रा, प्रकाश बलेचा, नरेश खत्री, एकता गोलानी, जया मलकानी, सवालदास जुड़ानी शामिल हुए।

### "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" पर स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय जबलपुर में 25 सितम्बर को मप्र उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय की एनएसएस इकाई, रेड रिबन क्लब, विशाखा प्रकोष्ठ एवं ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण विक्टोरिया से सम्बद्ध अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर, गुप्तेश्वर की चिकित्सकीय टीम शालू ठाकुर, आशीष त्रिमूर्ति एवं उनके 20 अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### पेंशनर्स ने कलेक्टर को बताई समस्याएं

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने 25 सितम्बर को कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत पुष्पगुच्छ से किया तथा जबलपुर जिले में पेंशनर्स की लंबित समस्याओं की ओर उनका ध्यानाकर्षण कराया। कलेक्टर ने विश्वास दिलाया कि आपके सुझाव पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष एचपी उरमलिया, बीएसपी गौर, डॉ. एसपी सिंह, आरके श्रीवास्तव, उमेश हंस, श्रवण कुमार श्रोती, एसके श्रीवास्तव, सीएल दोहरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 10 दिन की नवरात्रि की दूसरी चतुर्थी तिथि भी आज

# नवरात्र पर झांकियों और सजावट से जगमगाया शहर

**जबलपुर।** नवरात्र पर्व पर माँ जगदम्बा की आराधना और उपासना में भक्त लीन हैं। इस साल नवरात्रि 10 दिन की है। गुरुवार को चतुर्थी तिथी रही और आज शुक्रवार को भी चतुर्थी की तिथि है। दोनों दिन मां कूष्मांडा की आराधना की जा रही है। वहीं घट स्थापना व ज्वारे वाले आज दिन के हिसाब से पंचमी मनायेंगे। शहर में झांकियों का प्रदर्शन भी आज से शुरु होगा। श्री दुर्गा सेवा मंडल, आजाद चौक, सदर बाजार में डिज्नीलैंड की झांकी और सिविल लाईन में फ्लाईओवर की झांकी सजाई गई। यादव कालोनी में द हॉरर ट्रेन की झांकी सजाई गई है। पूरा शहर रंग बिरंगी सजावट से जगमगा रहा है। इसी के साथ ही माँ के विविध रुपों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जनसैलाब सड़कों पर दिखाई दिया। गढ़ा फाटक और पड़ाव की महारानी के रुप में प्रसिद्ध माता महाकाली के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही पूजन अर्चन करने वालों का तांता लग जाता है जो देर रात तक जारी रहता है।

## शक्ति नगर में मन्नत वाली महाकाली

नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति 90 क्वार्टर मैदान शक्ति नगर में विराजमान माता महाकाली की आरती की रोजाना सुबह और शाम 7.30 की जा रही है। समिति के अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव संदीप शर्मा सीताराम पांडे ने बताया कि नवरात्र के 9 दिनों तक रोज विविध आयोजन किए जा रहे हैं। 3 अक्टूबर को मां की बिदाई के साथ 5:00 बजे से विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा। नव शक्ति मित्र मंडल के अंकित श्रीवास्तव तनु, संदीप शर्मा, आशीष कपूर, सीताराम पांडे, हर्षित श्रीवास्तव, हर्ष ठाकुर, प्रशांत सिजरिया, महिला मंडल से श्रीमती चंदा सिजारिया, रामरती ठाकुर,कला कोरी, आदि ने सभी धर्म प्रेमी जनता से मन्नत वाली माता महाकाली का आशिर्वाद लेने का आव्हान किया है।



# नेत्रहीन बहनों की आरती से गूँजा दुर्गा पंडाल

**जबलपुर।** श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति, यादव कॉलोनी का पंडाल गुरुवार को एक अविस्मरणीय क्षण का साक्षी बना, जब नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड, ज्ञानदीप स्पर्श कन्या उच्च शिक्षा छात्रावास की नेत्रहीन बहनों ने माता रानी का पूजन-अर्चन और आरती की। इस अवसर पर उत्तर विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे एवं समिति समिति के सदस्यों द्वारा कन्याओं का कन्यापूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष रंजीत पटेल ने बताया कि इन बहनों की आँखें भले ही इस जग के दृश्य न देख सकें, लेकिन उनकी श्रद्धा और भक्ति ने पूरे वातावरण को माँ दुर्गा के दिव्य प्रकाश से आलोकित कर दिया। आज इन बहनों ने यह साबित किया है कि सच्ची दृष्टि आँखों में नहीं, बल्कि हृदय की भक्ति में होती है। माँ दुर्गा के दरबार में सबसे बड़ा दर्शन आस्था का है।





## पीएम श्री विद्यालय में लगा बाल मेला




**बरेला।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर मे अरुण, उदय और प्रभात(**KG** 2)कक्षाओं का बाल मेले का आयोजन किया गया इस मेले कि खूबसूरती और बढ़ गई जब मेले की शुरुआत प्रभात ( केजी 2) कक्षा की बच्चियों की सरस्वती वंदना के साथ हुई। पालकों ने इस बाल मेले में बच्चों के साथ बहुत बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बच्चों की प्रगति देखकर अत्यंत खुश भी हुए। बच्चों की हर एक्टिविटी के साथ पालकों ने ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया और हर एक्टिविटी में अपने बच्चे के प्रदर्शन से शाला मे कराये जा रहे अध्यापन के लिए टीचर्स की प्रशंसा की संकुल प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े मैडम द्वारा फ्री प्राइमरी कक्षाओं के अध्यापन कराने वाली शिक्षिकाओ श्रद्धा सरावगी, दीपा कुमुद, एवं मनीषा पांडे का मेले के सफल आयोजन के लिए अभिनंदन किया ।

## मावे ने आयोजित किया "रास रंगीलो गरबा"

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश एसोसियेशन ऑफ विमेंस एंटरप्रेन्योर मावे द्वारा 24 सितम्बर को गुलजार होटल में "रास रंगीलो गरबा" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मावे की सभी महिला सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।सामान्यतः मावे अपने सदस्यों के लिए ज्ञानवर्धक वर्कशॉप आयोजित करता है, किन्तु इस बार संगठन ने कुछ मनोरंजनात्मक गतिविधि करने का निर्णय लिया और गरबा उतसव का आयोजन किया, रंग-बिरंगी पोशाकों और उमंग से भरपूर इस गरबा में सभी सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतिभागियों के विजेता का जजमेंट श्रीमती पूजा धीरावानी और श्रीमती अल्पा पालन के द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।





## मॉडल हेल्थ क्लब की सफलता

**जबलपुर।** जिला पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस/डेड लिफ्ट आमंत्रण स्पर्धा में मॉडल हेल्थ क्लब शांतिनगर के समस्त विजयी प्रतिभागियों को पूर्व एमआईसी एवं पूर्व पार्षद श्रीराम शुक्ला एवं डॉ. बलराम पटेल, श्रीमती संगीता बलराम पटेल के आतिथ्य में स्वर्ण पदक विजेता सुश्री रूपाली परोहा, अनिल कुमार नामदेव, शैलेष यादव, निखिल चौधरी, शिवम पटवा, कृष्णा पटवा एवं आदित्य सांगले का सम्मान किया गया एवं अनिल नामदेव के द्वारा प्रशिक्षक सचिन यादव को 1551/- की पारितोषिक राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीराम शुक्ला ने अपने आशीर्वचन में समस्त विजेताओं की प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसे आयोजनों को कराने हेतु सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ए.के. दुबे, ब्रज यादव, जगदीश चौहटेल, पंकज यादव, डैनी बुंदेला, मनीष यादव, बंटी लालवानी, राजेन्द्र प्रजापति, आशीष गुप्ता, किरण नामदेव, पवन जैन एवं रत्नेश नामदेव आदि ने समस्त विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

# अधिकारी-कर्मचारी के बीच विवाद के चलते आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी

**सिहोरा जनपद पंचायत का मामला**

**सिहोरा।** जिले की सिहोरा जनपद पंचायत का एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है जहां पदस्थ एक आउट सोर्स कर्मचारी और मुख्य कार्य पालन अधिकारी के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी रहने के कारण लोगों के शासकीय कार्य में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। मुख्य कार्य पालन अधिकारी के अनुसार विभाग से नदारद आऊट सोर्स कर्मचारी की जब विभाग ने पड़ताल की तो पता चला की सिहोरा जनपद में पदस्थापना के छः माह के कार्यकाल में मात्र तीन दिन ही कार्यालय में उपस्थित रही। कर्मचारी के दायित्व वाले कार्यों के लगातार लम्बित होने के साथ साथ विभाग के अन्य कर्मचारियों में पनप रहे असंतोष के चलते जब कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया तो अपने राजनैतिक रसूख का प्रयोग कर अधिकारी पर ही दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं आउट सोर्स कर्मचारी का आरोप है की अधिकारी द्वारा अनावश्यक रुप से प्रताडित किया जा रहा है एंव पांच माह से वेतन भी नहीं दिया गया है।

### क्या है मामला

ब्लाक कोआर्डिनेटर(आउट सोर्स) आरजीएसए (कपंनी का नाम वर्ल्ड क्लास सर्विस लिमिटेड) में श्रीमती सतरूपा चौहान को जनपद पंचायत सिहोरा जिला जबलपुर में दिनांक 07 अप्रेल 25 को पदस्थ किया गया था। 23 अप्रेल को स्थानांतरित होकर आई जनपद सीईओ द्वारा अपने समस्त स्टाफ के बारे में जानकारी ली गई। जिसके बाद से ही अधिकारी कर्मचारी के मध्य आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी हो गया जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित शिकायत के अनुसार आउट सोर्स कर्मचारी की स्वेच्छाचारिता कार्प्रणाली की शिकायत की है। सितम्बर माह में पंचायत राज संबंधी सीएम हेल्प लाइन शिकायत निराकरण हेतु लिखित में निर्देशित किया गया था नियुक्ति संबंधी आदेश में यह स्पष्ट लिखा है कि इन कर्मचारियों से संस्था प्रमुख आरजीएसए के कार्यों के अतिरिक्त समय-समय पर अन्य संस्था संबंधी दायित्व का निर्वहन कराये।वहीं आउट सोर्स कर्मचारी सतरुपा चौहान ने कलेक्टर एंव जिला पंचायत सीईओ से लिखित शिकायत की है की मध्यप्रदेश पंचायतराज के द्वारा मुझे 15 वां एवं 5 वां वित्त आयोग का कार्य किया जाने के आदेश जारी किए गए हैं। परंतु प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा के द्वारा मुझे अवगत कराने के बावजूद भी यह दायित्व नहीं सौंपा गया।मुझे दिये गये दायित्वों का में निर्वहन पुरी निष्ठा से कर रही हु फिर भी कार्यपालन अधिकारी द्वारा लगातार तरह तरह के शब्दों का प्रयोग कर प्रताड़ित किया जा रहा हे जिसमें में बहुत परेशान हूं।

### इनका कहना है

संबंधित आउटसोर्स कर्मचारी की कार्यप्रणाली, नियुक्ति शर्तें,अगस्त माह का उपस्थिति पत्रक सहित वरिष्ठ कार्यालय को लिखित रूप से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन चाहा गया है।

आशा देवी पटले

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सिहोरा

# कुल का कलंकी मुझे मां ने ही बनाया है...!

## भाव विहल भरत ने राम को मनाया, नहीं माने

**जबलपुर।** कैकेई कुमार कहलाते आज आती लाज, कुल का कलंकी मुझे मां ने ही बनाया है..! माता कौशल्या से ये संवाद भरतजी ने कहे। उन्होंने कहा कि माता कैकेई के कारण आज मैं कुल कलंकी हो गया। सारा संसार मुझे भाई विरोधी और पितृ हंता के नाम से पहचानेगा। इस पर मां कौशल्या ने कहा कि तुम्हारा ऐसा सोचना ठीक नहीं। सब विधि का विधान है। संवाद गोविंदगंज रामलीला के थे, जहां भरत मिलाप चित्रकूट सभा की लीला मंचित की जा रही थी।

**लौट चलो प्रभु-** राजा बनने की बजाय पूरी अयोध्या के साथ राम को मनाने पहुंचे भरतजी ने श्रीराम को मनाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन श्रीराम नहीं माने। उन्होंने कहा कि पिताश्री की आज्ञा अनुसार मेरा वन में रहना ही ठीक है। इसके बाद भरतजी ने भी राज्य त्यागते हुए कहा कि आप अपनी खड़ाऊं दे दीजिए, मैं उन्हीं को राज सिंहासन पर रख कर शत्रुघन से राज्य संचालित कराउंगा, और स्वयं वनवासी भेस में अयोध्या के बाहर रहूंगा।

**आज सीता हरण-** भरत जी का श्रीराम के प्रति अथाह प्रेम देखकर श्रद्धालु द्रवित हो गए। भरत जी के अभिनय ने नई ऊंचाइयां छुईं। अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आज रामलीला के मंच पर सबसे प्रसिद्ध लीला 'सीता हरण' मंचित की जाएगी। इस लीला के लिए पात्रों ने जोरदार तैयारियां कीं हैं। शूर्पणखा चरित्र, खरदूषण वध, रावण मृदंग वादन भी आज ही होगा। श्री तिवारी ने श्रद्धालु से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## श्रीराम चले वन की ओर, निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद में छलकी भक्ति



**जबलपुर।** मानव लीला के अंतर्गत श्रीरामलीला समिति गढ़ाजाबालिपुरम में सबसे पहले भगवान की आरती समिति संचालक अशोक मनोध्याय, लेखराज सिंह "मुन्ना भैया", अध्यक्ष राकेश पाठक, महात्री लोकराम कोरी, के द्वारा की गई। निर्देशक राजेश मिश्रा, सह-निर्देशक मोती शिवहरे एवं पात्र प्रतिनिधि राजा पांडे के सफल मार्गदर्शन में कैकई-दशरथ संवाद की लीला का मंचन हुआ। कैकई के न मानने पर भगवान राम, माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ वन की ओर प्रस्थान कर गये उन्हें वन की ओर जाते देख दर्शकों की आँखें नम हो गईं । इसके उपरांत मर्यादापुरषोत्तम भगवान श्रीराम ने निषाद से नाव लाने को कहा पर केवट ने नाव लाने से मना किया 'इस आग्रह के साथ की प्रभु आपके चरण-कमलों की रज जब पत्थर को भी नारी बना देती है तो फिर मेरी लकड़ी की नाव का क्या होगा ?' यह भाव केवट की परिपूर्ण भक्ति का प्रतीक है । भक्तमणि केवट ने प्रभु राम के पैर पखारने के लिये ये सारी अटपटी बातें कहीं। आज शुक्रवार को चित्रकूट निवास, दशरथ मरण, भरत आगमन एवं चित्रकूट सभा की रोचक लीला का मंचन होगा । समस्त भक्तजनों से अनुरोध है, कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर भगवान राम की लीला का आनंद लें ।

## मायके से 5 लाख नहीं लाने पर प्रताड़ना

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत बस्ती नंबर 2 अमखेरा रोड में एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्ती नंबर 2 अमखेरा रोड निवासी 31 वर्षीय श्रीमति ऋचा सिंह ने गोहलपुर थाने में लिखित शिकायत की, कि उसकी शादी पनागर निवासी शुभेन्द्र सिंह से नवम्बर 2021 को हुई थी। शादी में माता पिता ने नगद 5 लाख रूपये सोने चाँदी के गहने तथा घर गृहस्थी का अन्य समान उपहार में दिया था। शादी के कुछ दिनों के बाद ही पति शुभेन्द्र सिंह सास मीना सिंह, ससुर वीरेन्द्र सिंह, देवर शिवम सिंह सभी तुम्हारे पिताजी दहेज में कुछ नहीं दिया है कहते हुए ताना मारते है और आये दिन सभी लोग गाली गलौज कर मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते थे। दिसंबर 2021 में पति से दैनिक खर्चे के लिये कुछ रुपयों की माँग की तो पति ने गाली गलौज करते मायके से 5 लाख रुपए और एक कार की मांग करते मारपीट कर और दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर तलाक देने और दूसरी शादी करने का कहते है।

## निधन

**श्रीमती हल्की बहू-** कैथोरा बटियाघढ़ दमोह निवासी श्री कुशल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती हल्की बहू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुंती बाई राजपूत-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री बाबू सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कुंती बाई राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती बाई-** करमेता निवासी श्री कामता सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप बारी-** भानतलैया निवासी श्री कृष्ण नंदन बारी के पुत्र श्री संदीप बारी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती विश्वकर्मा-** टेलीग्राफ गेट नं. 2 रानीताल निवासी श्री मोहन लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती विश्वकर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम स्वरूप आत्मा-** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री राम स्वरूप आत्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विश्वनाथ प्रसाद-** जाग्रति मैदान बिलहरी निवासी श्री विश्वनाथ प्रसाद (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव-** पीडबल्युडी क्वाटर्स ब्यौहारबाग निवासी श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**श्री विजय शुक्ला-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री हीरा लाल शुक्ला के पुत्र श्री विजय शुक्ला (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शीतल प्रसाद चौरसिया-** भरतीपुर निवासी श्री शीतल प्रसाद चौरसिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ममता विश्वकर्मा-** एकता कॉलोनी सुभाष नगर बिलपुरा निवासी श्री हर प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ममता विश्वकर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया पटेल-** गोराबाजार प्रायमरी स्कूल के पास निवासी श्री गौरी शंकर पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती माया पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

### श्री केदारनाथ मिश्रा का निधन



मध्यप्रदेश हिंदी एक्सप्रेस के संस्थापक एवं आरके एडवर्टाइजर्स के संचालक संजय मिश्रा, शुभम मिश्रा, जय कुमार मिश्रा के पिताजी श्री केदारनाथ मिश्रा (बाबूजी) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज 26 सितंबर को बनारस (वाराणसी) गंगा तट पर किया जाएगा।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15675553F RANK HAV NAME SANTOSH KUMAR S/O UPENDRA NARAYAN SINGH OF UNIT 1TTR, 1STC, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 9711 1740 1751 I, have changed name and date of birth of my FATHER from name UPENDRA SINGH and date of birth 01/07/1960 (Name and date of birth as per my Army service records) to name UPENDRA NARAYAN SINGH and date of birth 20/02/1952 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD) vide affidavit dated 22/09/2025 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
UPENDRA NARAYAN SINGH
INCORRECT NAME
UPENDRA SINGH
CORRECT DATE OF BIRTH
20/02/1952
INCORRECT DATE OF BIRTH
01/07/1960

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15691880W RANK HAV NAME SHANTANU KUMAR PANDEY S/O RAMAYAN P PANDEY OF UNIT 21 CORPS, SIG. REGT. (AREN) BHOPAL, (MP) AADHAR CARD No. 7245 6604 2796 I, have changed name of my SON from ARAV KUMAR (Name as per my Army service records) to ARAV KUMAR PANDEY (name as per my SON, BIRTH CERTIFICATE AND AADHAR CARD) vide affidavit dated 25/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
ARAV KUMAR PANDEY
INCORRECT NAME
ARAV KUMAR

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15691880W RANK HAV NAME SHANTANU KUMAR PANDEY S/O RAMAYAN P PANDEY OF UNIT 21 CORPS, SIG. REGT. (AREN) BHOPAL, (MP) AADHAR CARD No. 7245 6604 2796 I, have changed name of my SON from ATHRAV KUMAR PANDEY (Name as per my Army service records) to ATHARV KUMAR PANDEY (name as per my SON, BIRTH CERTIFICATE AND AADHAR CARD) vide affidavit dated 25/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
ATHARV KUMAR PANDEY
INCORRECT NAME
ATHRAV KUMAR PANDEY

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक 02 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**
क्रं./सं.अ./02/कछपुरा/2025/M/Q-250
जबलपुर दिनांक 24/9/25
1000478428
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती शशिकला प्यासी पति स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार प्यासी (2) शिवा प्यासी (3) शिवम प्यासी दोनों के पिता स्व. सुरेन्द्र कुमार प्यासी ने मकान 1784/5/669 वार्ड रानी दुर्गावती भूतल 294 शपथपत्र/ मृत्युप्रमाण-पत्र के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 02 कछपुरा में प्रमाण-पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
सं.क्रं. 02, कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक 02 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**
क्रं./सं.अ./02/कछपुरा/2025/M/Q-251
जबलपुर दिनांक 24/9/25
1000480129
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती शशिकला प्यासी पति स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार प्यासी (2) शिवा प्यासी (3) शिवम प्यासी दोनों के पिता स्व. सुरेन्द्र कुमार प्यासी ने मकान 1945/1 वार्ड रानी दुर्गावती भूतल 627 शपथपत्र/मृत्युप्रमाण-पत्र के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 02 कछपुरा में प्रमाण-पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
सं.क्रं. 02, कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

# अब नहीं चाहिए फोन-कार्ड! अंगूठा लगाते ही होगा पेमेंट, भारत में बना डिवाइस

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने के लिए एक नई तकनीक सामने आई है जो बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा देती है। अब आपको कैश, डेबिट-क्रेडिट कार्ड या मोबाइल वॉलेट की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अंगूठे का निशान ही आपकी पहचान और भुगतान का जरिया बन जाएगा। भारतीय स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने इस अनोखे डिवाइस का नाम थंबपे रखा है।एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह डिवाइस आधार और यूपीआई से जुड़ा हुआ है जिसकी वजह से पैसों का लेन-देन तुरंत और सुरक्षित तरीके से हो जाता है। यूजर को बस अपना अंगूठा डिवाइस पर रखना होगा इसके बाद आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम से पहचान की पुष्टि होगी और फिर यूपीआई के माध्यम से बैंक से बैंक में पैसा ट्रांसफर हो जाएगा। खास बात यह है कि यह डिवाइस यूपीआई साउंडबॉक्स की तरह आवाज देकर बताता है कि भुगतान सफल रहा या नहीं। इसके अलावा यह 4जी, वाई-फाई और लोरा वान नेटवर्क पर भी आसानी से काम कर सकता है जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में भी इसका उपयोग संभव है।

# देश में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.97 प्रतिशत होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत की लॉजिस्टिक लागत वित्त वर्ष 2023-24 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 7.97 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

यह रिपोर्ट डीपीआईआईटी के लिए आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) द्वारा तैयार की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के अनुमानों से पता चलता है कि लॉजिस्टिक लागत में वृद्धि की गति धीरे-धीरे धीमी हो रही है।

■ डीपीआईआईटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के लिए निकाले गए अनुमान बताते हैं कि लॉजिस्टिक लागत की वृद्धि दर धीरे-धीरे कम हो रही है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, मालगाड़ियों के लिए अलग से बनाया गया गलियारा, सागरमाला परियोजना, एकीकृत जांच चौकियों और एकीकृत लॉजिस्टिक इंटरफेस मंच के विकास जैसी कई पहलों को दिया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, /"डीपीआईआईटी के लिए एनसीएईआर द्वारा तैयार किए गए वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत कुल जीडीपी का लगभग 7.97 प्रतिशत अनुमानित है।/"वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह भारत में लॉजिस्टिक लागत के आकलन पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके साथ ही, अब देश के पास लॉजिस्टिक लागत का एक व्यापक और वैज्ञानिक रूप से प्राप्त अनुमान उपलब्ध है।

## वैश्विक इकाइयों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

इससे अनुमानों में विसंगति पैदा हुई, जिससे नीति निर्माताओं और संबंधित वैश्विक इकाइयों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हुई। यह रिपोर्ट विभिन्न परिवहन साधनों, उत्पाद श्रेणियों और कंपनी के आकारों में लॉजिस्टिक लागत को शामिल करके एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है।


## भारतीय स्टेट बैंक

शाखा– गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632

परिशिष्ट– IV क (नियम 8(6) का परंतुक देखें)

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई– नीलामी विक्रय नोटिस

**मेगा ई-नीलामी की तिथि- 09/10/2025** समय: प्रातः 11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **भारतीय स्टेट बैंक** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा **भारतीय स्टेट बैंक** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** एवं **''बिना किसी विधिक दायित्व के''** निम्न वर्णित ऋणियों से **भारतीय स्टेट बैंक** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| सं. क्रं. | उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता का विवरण | संपत्ति का संक्षिप्त विवरण एवं अन्य ज्ञात–ऋण भार, यदि कोई हो | कब्जा (प्रतीक/वास्तविक कब्जा जो लागू हो उसे लिखें) | बकाया राशि जिसकी वसूली हेतु संपत्ति बेची जा रही है | आरक्षित मूल्य (रू.) अग्रिम धनराशि 10% (रू.) | बिड वृद्धि राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी- श्रीमती ऋतु पाठक पति श्री सुजीत पाठक निवास - स्टेट बैंक कालोनी, सिंगल स्टोरी ''पार्वती होम्स'' बल्देवबाग, जबलपुर, म. प्र. खाता. नंबर - 37084773537 एवं 37084950144 **प्रापर्टी आई.डी.- SBIN077649851737** | मौजा - बिनैकी, नं.बं. 206. प.ह.नं., 17 ( नया 40 ) रा.नि.मं. पाटन, तहसील व जिला जबलपुर के मारुती नगर में स्थित भूमि डायवर्सन खसरा नं 11/1 में से स्वीकृत ले आउट का कार्नर प्लाट नं. 110 का रकवा 25 फुट बाई 40 फुट यानी 1000 वर्गफुट यानी 92.93 वर्गमीटर जो कि श्रीमती ऋतु पाठक पत्नी सुजीत पाठक के नाम से पंजीकृत है। चतुर्सीमा ( विक्रय पत्र के अनुसार )- उत्तर - प्लॉट नं. 111, दक्षिण- साईड रोड, पूर्व - साईड रोड, पश्चिम- प्लॉट नं. 103 E Registration No.- MP182552017A1471618 Dated 16-08-2017 | प्रलक्षित | रू. 19,46,226/– 10.09.2024 + ब्याज व अन्य खर्च | Rs. 22,30,000/- 2,23,000/- | Rs. 5,000.00 |

नियम एवं शर्तें- बिक्री सुरक्षा हित ( प्रवर्तन ) अधिनियम 2002 के प्रावधान के तहत निष्पादित की जाएगी और निम्नलिखित शर्तों को संकलित किया जाना है।( 1 ) संपत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है, जो है और जो है'', के आधार पर बेचा जाएगा।( 2 ) ऊपर उल्लिखित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। ( 3 ) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://bank.sbi/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others; and https://www.baanknet.com ( 4 ) इच्छुक बोली लगाने वाले को अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाना होगा जिसे बनाने में कम से कम 2 कार्य दिवस लगते हैं इसलिए बोली लगाने वाले से अनुरोध है कि वे इससे पहले यूजर आईडी बनाएं अंतिम तिथि।( 5 ) बैंक बिना कोई कारण बताए उपरोक्त नोटिस से सभी या किसी भी नीलामी को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट– यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक: 25/09/2025 जबलपुर ( म. प्र. )

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) जबलपुर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन / सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

निविदा सूचना 07/ एस.ए.सी.निविदा/वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 23/09/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं | टेण्डर क्रं. | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि ( लाख मे) | ई.एम.डी. की राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_453799 | शहडोल | प्रथम | तहसील कार्यालय सोहागपुर में शौचालय का निर्माण कार्य ।(डीएमएफ योजना के अन्तर्गत) | 7.06 | 14120/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_453804 | शहडोल | प्रथम | तहसील कार्यालय गोहपारू में शौचालय का निर्माण कार्य ।(डीएमएफ योजना के अन्तर्गत) | 7.06 | 14120/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_453824 | शहडोल | प्रथम | तहसील कार्यालय में जयसिंहनगर में शौचालय का निर्माण कार्य ।(डीएमएफ योजना के अन्तर्गत) | 7.06 | 14120/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_4530837 | शहडोल | प्रथम | तहसील कार्यालय ब्यौहारी में शौचालय का निर्माण कार्य ।(डीएमएफ योजना के अन्तर्गत) | 7.06 | 14120/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_453852 | शहडोल | प्रथम | तहसील कार्यालय बुढ़ार में शौचालय का निर्माण कार्य ।(डीएमएफ योजना के अन्तर्गत) | 7.06 | 14120/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2025_PWDRB_453888 | शहडोल | प्रथम | तहसील कार्यालय जैतपुर में शौचालय का निर्माण कार्य ।(डीएमएफ योजना के अन्तर्गत) | 7.06 | 14120/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय दिनांक 23.09.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 03.10.2025 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 23.09.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 03.10.2025 शाम 17:30 तक है। टीप:- निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ / स ) मे पंजीयन अनिवार्य है। निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है। मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ / स )
शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)

G-19209/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी

e-mail : fdpennp.sni@mp.gov.in, url: www.penchtiger.org

क्रमांक/स्टोर/5134 सिवनी /दिनांक - 24/09/2025

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति/**

पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 कार्यालय क्षेत्र संचालक कैंपस, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी, सीलादेही में लाईन क्वाटर निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत 37,00,000/- (सैंतीस लाख) रूपए हेतु विभिन्न फर्मों से ई-टेंडरिंग पद्धति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा www.mptenders.gov.in पर Key data and time अनुसार आमंत्रित की जाती है समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी स्टोर शाखा से कार्यालयीन समय में अथवा सर्वपोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सत्यांकार निधि EMD | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय क्षेत्र संचालक कैंपस, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी, सीलादेही में लाईन क्वाटर निर्माण कार्य | 1,11,000.00 | 5,000.00 |

| | |
|---|---|
| Publishing of Tender Date & Time निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.09.2025 TIME 10.00 AM |
| Bid Submission Start Date & time निविदादर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 26.09.2025 TIME 10.00 AM |
| Bid Submission closing Date & time निविदादर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03.10.2025 TIME 05.00 PM |
| Bid Opening Date & time निविदा खोलने की तिथि | 06.10.2025 TIME 12.00 PM |

उप संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (म.प्र.)

G-19190/25

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

क्रमांक- 830/ई-निविदा सह नीलामी/राजस्व/न.पा.नि./2025 //निविदा सूचना// रीवा, दिनांक 24.09.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा वार्ड क्रमांक 04, पड़रा रीवा स्थित नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 109/1, रकवा 0.88 एकड़ में से 400 वर्गमीटर भूमि पर पेट्रोल पंप तथा शेष भूमि 3162.50 वर्गमीटर का व्यावसायिक उपयोग हेतु 30 वर्षीय लीज पर अंतरण हेतु प्रीमियम तथा वार्षिक पट्टा- भाटक पर, मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016, यथा संशोधित नियम 2021, के नियम 3 के उप-नियम (1), यथा संशोधित नियम 2023 के प्रावधानों के तहत ई-निविदा सह नीलामी आमंत्रित की जाती है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/ फर्म, ऑनलाईन शुल्क जमा कर ई-निविदा सह नीलामी में भाग ले सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | भूखण्ड उपयोग | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम (आरक्षित मूल्य) राशि रुपये | वार्षिक पट्टा-भाटक | आरक्षण श्रेणी | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निर्धारित पंजीयन राशि (प्रतिभूति राशि) | निविदा की अंतिम. तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार्ड क्रमांक 04, पड़रा रीवा स्थित नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 109/1, रकवा 0.88 एकड़ में से 400 वर्गमीटर भूमि पर पेट्रोल पंप तथा शेष भूमि 3162.50 वर्गमीटर का व्यावसायिक उपयोग हेतु 30 वर्षीय लीज पर अंतरण किए जाने बावत्। | | | | | | | | |
| 1 | 2025_UAD_453704_1 | व्यावसायिक | 3162.50 | रू 10,05,04,250.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % वार्षिक तत्पश्चात अगले 20 वर्षो के लिए 2.00% वार्षिक होगा । | अनारक्षित | रू 30,000.00 रू 25,12,606.00 | 10.10.2025 18:00 बजे तक । |
| 2 | 2025_UAD_453704_1 | मात्रा पेट्रोल पंप संचालन | 400.00 | रू 1,27,12,000.00 | | अनारक्षित | रू 12,500.00 रू 3,17,800.00 | 10.10.2025 18:00 बजे तक । |

निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय नगर परिषद अमरकंटक, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

1345 / ई-टेंडरिंग / अमरकंटक / 2025 अमरकंटक दिनांक-24/09/2025

**( प्रथम आमंत्रण) अनुभाग-1**

निम्नलिखित वाहन के लिये ऑनलाइन प्रतिशत दर की निविदा पंजीकृत ठेकेदारो और पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करने वाली फर्मों से आमंत्रित की जाती है :-

| क्र./ टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रूपये लाख में | धरोहर राशि ईएमडी (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का लागत (रूपये में) | ठेकेदार की श्रेणी | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_453320_1 | Purchase of 44 HP tractor with 10x6x3 feet trolly | 1360,000/- | 10,200/- | 2,000/- | पंजीकृत ठेकेदार /फर्म/कम्पनी | 24/10/2025 |

5. इच्छुक निविदाकार बेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर एनआईटी देख सकते है।
6. निविदा प्रपत्र 10:30 समय 22/09/2025 दिनांक से 05:30 समय 24/10/2025 तक ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।
7. एनआईटी में संशोधन यदि कोई हो तो केवल बेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नही ।
8. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद अमरकंटक
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र

जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोन: 0761- 2480065 ई–मेल: dzmjabalpur@mahabank.co.in

प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।

ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - जेएचआरसी उधार लेने वाला - श्री जीतेन्द्र विश्वकर्मा श्रीमती गायत्री विश्वकर्मा | Rs.999145/- (Rupees Nine Lakh Ninety Nine Thousand One Hundred Fourty Five only)interest @ 10.65% p.a at monthly rest + penal interest and other charges / expenses till realization w.e.f. 09.07.2025 | प्लॉट/सर्वेक्षण संख्या 73, खसरा संख्या 166, 173, 174, 175, 178, 180, 194, 196, 197 में डायवर्सन के बाद, प्लॉट संख्या 73/2, पीसी संख्या 28, एस.सं. 305 शीट संख्या 6, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट, नारायण नगर, इंदिरा गांधी वार्ड, गाँव: चवनपुर, जिला: जबलपुर, पर स्थित सभी निर्माण और फिक्सचर सहित संपत्ति के सभी टुकड़े। संपत्ति की सीमा: उत्तर: जितेंद्र विश्वकर्मा का मकान, दक्षिण: अशोक शर्मा का प्लॉट, पूर्व: साइड रोड, पश्चिम: श्रीमती चंद्रावती सोनी का मकान। संपत्ति के स्वामी: श्री जितेंद्र विश्वकर्मा CERSAI संपत्ति आईडी: 200094617317 | 09/07/2025 / 20/09/2025 Symbolic |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान - जबलपुर, दिनांक: 26/09/2025 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

## न्यायालय अति तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./001/अ-20(5)/2025 2026 जबलपुर, दिनांक 24.09.2025

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त नगर निगम तीन पत्ती राइट टाउन जबलपुर के द्वारा ग्राम करमेता संलग्न खसरा नं 60 का रकबा 0.202 हे. मे से 0.140 हे. भूमि अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना के अंतर्गत प्रस्तावित उच्च स्तरीय पानी की टंकी के निर्माण के अंतर्गत ग्राम करमेता स्थित भूमि आवंटन हेतु प्रकरण कि कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था या विभाग को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 10/10/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। पेश अवधि पर आपत्ति प्राप्त नही होने पर प्रकरण में कोई आपत्ति नही मानते हुए वरिष्ठ न्यायालय की ओर प्रेषित कर दिया जावेगा। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 24.09.2025
पेशी दिनांक- 10.10.2025

अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

## कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर

Email- co6bn_saf@mppolice.gov.in फोन- 0761-2676199 फैक्स 263399

क्रमांक/6वी बटा/बिसब/जबल/साअ/B/5316/2025 दिनांक 23/09/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशासकीय भवनों में मरम्मत कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेखा शीर्ष 2025-05-053-9999-9545-33-001 विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण मद में आवंटित बजट के अन्तर्गत प्राक्कलन के अनुसार मरम्मत कार्य कराने हेतु ई- निविदा आमंत्रित है। इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते हैं।

सेनानी
6 वी वाहिनी विसबल, जबलपुर

G-19182/25

## पूर्व रेलवे

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**

**सं. : कॉम/पार्सल/लीजिंग/लॉंग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पीटी–III दिनांक 23.09.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा 03 (तीन) वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 30 यात्रीवाही ट्रेनों के 34 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और ट्रेन नं. 13033/34 में 01 आरटीवीपी की लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–25–10ए। **कम्पार्टमेंट:** 30 यात्रीवाही ट्रेनों के 34 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और ट्रेन नं. 13033/34 में 01 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 07.10.2025, 11.45 बजे। HWH-311/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

email-eephedpar@mp.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा जारी करने का दिनांक 20.09.2025**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड/ क्रय करने की दिनांक 20.09.2025 से प्रारंभ है।

कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खण्ड परासिया में जल जीवन मिशन अंतर्गत 5 विकासखण्ड परासिया, तामिया, अमरवाड़ा, हर्रई एवं जामई के ग्रामो में 350 मि.मी. व्यास के 60 मी. गहरे ग्रेव्हल पेक नलकूप एवं 150 मि.मी. व्यास के 60 मी. सफल नलकूप का कॉम्बीनेशन रिग द्वारा खनन कार्य सहित समस्त कार्य ।(बी.ओ. क्यू. के अनुसार )

| ई-टेण्डर आई.डी क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | विकासखण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख) में | अमानत राशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि / समय | बिड ओपन करने की अंतिम तिथि / समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_453131_1 | 68/25-26/ 20.09.2025 | परासिया एवं तामिया | 91.86 | 91860 | 10000 | 06.10.2025 5:30 PM | 08.10.2025 5:30 PM | लो.नि.वि. म.प्र. की नवीन केन्द्रीकृत पद्धति पर सक्षम श्रणी में पंजीकृत | 90 दिन |
| 2025_PHED_453175_1 | 69/25-26/ 20.09.2025 | जामई | 45.93 | 45960 | 5000 | 06.10.2025 5:30 PM | 08.10.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED_453198_1 | 70/25-26/ 20.09.2025 | अमरवाड़ा एवं हर्रई | 110.23 | 110230 | 10000 | 06.10.2025 5:30 PM | 08.10.2025 5:30 PM | | 90 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही कय किए जा सकते है।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड परासिया (म.प्र.)

G-19197/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/97/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81255196 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ 1(One) मीटर Long फिश प्लेट | 18797 पेअर | 10.10.2025 |
| 2 | 80251971A | हीट ट्रांसफर FLUID क्लैरिएन्ट मेक COOLANT | 19485 किलोग्राम. | 18.10.2025 |
| 3 | 61251652 | M.S. वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स क्लास | 1159902 मीटर | 20.10.2025 |
| 4 | 38251868 | ब्रेक बीम कम्पलीट विथ बुश | 2409 नंबर. | 22.10.2025 |
| 5 | 20254100 | End फ्रेम नॉन-ड्राइविंग End Assly (Machined) | 49 नंबर. | 24.10.2025 |
| 6 | 38252605 | फ्लैप DOOR फॉर BCNA वैगन | 3727 नंबर. | 03.11.2025 |
| 7 | 50254007 | रेड,ग्रीन & YELLOW ASPECT MAIN LED SIGNAL | 4385 नंबर. | 06.11.2025 |
| 8 | 38252606 | कम्पलीट ASSEMBLY ऑफ स्विंग DOOR | 1257 सेट. | 07.11.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म. प्र. )

निविदा सूचना क्रमांक 07/ एस. ए. सी. / अनूपपुर / 2025-26 **निविदा सूचना** अनूपपुर, दिनांक 24/09/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6. | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_453994_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभाग अनूपपुर अन्तर्गत मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य | प्रथम | 8.00 | 2000/- | 16000/- | 04 माह | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग अनूपपुर |
| 2 | 2025_PWDRB_453995_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभाग अनूपपुर अन्तर्गत मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य | प्रथम | 5.00 | 2000/- | 10000/- | 04 माह | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग अनूपपुर |
| 3 | 2025_PWDRB_453996_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | थाना कोतमा जिला अनूपपुर में विशेष मरम्मत कार्य विद्युतीकरण सहित | प्रथम | 13.71 | 2000/- | 27420/- | 04 माह | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग अनूपपुर |
| 4 | 2025_PWDRB_453998_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर में विशेष मरम्मत कार्य विद्युतीकरण सहित | प्रथम | 13.71 | 2000/- | 27420/- | 04 माह | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग अनूपपुर |
| | | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | कुल योग 04 नग | | 40.42 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 25.09.2025 ( 10.30 ए.एम.) से अंतिम तिथि 08.10.2023. (17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें ।

कार्यपालन यंत्री-
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म. प्र. )

G-19203/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत स्टेशनों पर लिफ्ट के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना**

सीपीएम, जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना क्रमांक:** CPM-GSU-20-NAG-2025-26

**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा (CWA), सिवनी (SEY), नैनपुर (NIR) और मंडला फोर्ट (MFR) स्टेशनों पर सुगम्य भारत अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत लिफ्टों के प्रावधान के लिए सिविल कार्यों का निष्पादन।

**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹2,69,66,265/-

**बयाना राशि:** ₹2,84,800/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **13.10.2025** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे.

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य अभियंता-जीएसयू,
AIM/26-132 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्रः जबल/एल/टी न. 21/2025 दिनांक 17.09.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर संभाग में विद्युत कार्य (i) जबलपुर संभाग में प्रीपेड मीटर सहित एलटी सप्लाई पैनल के प्रतिस्थापन के साथ अष्टकोणीय पोल, हाईमास्ट प्रदान करके प्रकाश व्यवस्था में सुधार (ii) विद्युत आपूर्ति भूमिगत केबल का उन्नयन (iii) जबलपुर में सबस्टेशन का संशोधन उन्नयन, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में)** Rs. 29929483.45, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में):** 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है।:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपयेः** Rs. 299700.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 13.10.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक):** 13.10.2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https:// ireps.gov.in** पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है। (हस्ता.)

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंतन

# स्वदेशी तेजस से मजबूत होगा देश का सुरक्षा तंत्र

महज एक दिन पहले ही अखबारों में सुर्खियां थी कि छह दशक से देश की सुरक्षा प्रणाली का स्तंभ 26 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएगा। इसके लिए बाकायदा एक समारोह का आयोजन भी होगा जिसमें मिग-21 को विधिवत विदाई दी जाएगी। 1963 में सोवियत यूनियन (अब रूस) से मुम्बई उतरे मिग-21 ने देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। साल 1965 और 1971 में पाकिस्तानी हमलों को मुंह तोड़ जवाब देने वाले मिग-21 ने कारगिल युद्ध में विजय दिलाने में खूब योगदान दिया। मिग-21 की सेवानिवृत्ति पर सबसे बड़ा सवाल यही था कि अब उसका स्थान कौन लेगा। वैसे तो देश की वायुसेना के पास एक मिग 29, फ्रांसीसी मिराज और ब्रिटिश जगुआर विमान शामिल हैं। इस बेड़े का अधिकांश हिस्सा विरासत एंटोनोव एएन-32 , डोर्नियर 228 और हॉकर सिडली एचएस 748 विमानों से बना है। इसके बावजूद मुख्य विकल्प को लेकर साफ-साफ कहा जा रहा था कि स्वदेशी तकनीक से बना तेजस ही मिग-21 का उत्तराधिकारी बनेगा। मिग-21 का मुख्य और प्रत्यक्ष विकल्प भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान है, जिसे हाल ही में वायुसेना में शामिल करने की मंजूरी मिली है। तेजस, अपने आधुनिक एईएसए रडार, अस्त्र मिसाइल और 65 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ, मिग-21 से कहीं अधिक सुरक्षित और बहुमुखी है। इसके अलावा, भारतीय वायुसेना के पास राफेल और सुखोई जैसे अन्य उन्नत विमान भी हैं जो मिग-21 से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। अब रक्षा मंत्रालय ने मिग-21 की विदाई से पहले ही रक्षा तंत्र को मजबूत करते हुए 62,370 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस मार्क-1ए हल्के लड़ाकू विमानों की सप्लाई करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक बड़े सौदे को औपचारिक रूप दिया है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान प्लेटफॉर्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। वहीं, दुनिया में अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजरायल और चीन के पास पांचवीं पीढ़ी के विमान हैं। चीन तो छठी पीढ़ी के जेट भी बनाने का दावा कर रहा है। पांचवीं पीढ़ी की तकनीक सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन के पास है। भारतीय वायु सेना को मजबूत करने के लिए एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के मॉडल को भी मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को दी गई है। एजेंसी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी। इस कॉन्ट्रैक्ट को भारत के लड़ाकू बेड़े के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो पुराने विमानों के कई फेज में रिटायरमेंट से पैदा हुईं खामियों को दूर करेगा। वैसे भी एचएएल ने 13वें सीरीज प्रोडक्शन तेजस एमके-11 की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह उड़ान अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के कैटेगरी-बी एफ-404 इंजनों से की गई थी। असली एफ-404-आईएन-20 इंजन अभी आने बाकी हैं। बीते दिनों वायुसेना चीफ एपी सिंह ने कहा था कि एक भी सिंगल प्रोजेक्ट टाइम पर पूरा नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सरकार ने तुरंत सौदे को मंजूरी दे दी है ताकि किसी तरह की देरी न हो। एचएएल का दावा है कि वह अक्टूबर में 83 तेजस जेट विमानों में से पहले दो की डिलीवरी कर देगा। साफ है कि वायुसेना को तेजस मिलने के बाद देश की सुरक्षा अभेद होगी। एक और पाकिस्तान चीन से जे-35ए की खरीद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हम उससे कहीं उन्नत स्वदेशी का निर्माण कर रहे हैं। इससे न केवल हम अपनी सुरक्षा को मजबूत करेंगे बल्कि आत्मिनर्भर भारत का सपना भी पूर्ण होगा।



राष्ट्र-चिंतन
आचार्य श्रीहरि

# अरब-मुस्लिम नाटो गठन की विफलता

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन क्या सिर्फ हाथी के दांत हैं, गुब्बारे की हवा हैं, मंच पर सिर्फ बैठकर शेखी बघारने वाले संगठन हैं, इनमें शक्ति नहीं हैं, इनमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं हैं? क्या ये यूरोपीय देशों की तरह मुस्लिम देशों का अपना कोई सैनिक शक्ति का निर्माण नहीं कर सकते हैं? क्या ये नाटो का विकल्प नहीं बना सकते हैं?

इनके पास संगठन हैं, इनके पास दुनिया की सबसे बड़ी आबादी यानी मुस्लिमों का समर्थन है, ये सिर्फ भीखमंगे नहीं हैं, ये सिर्फ गरीब नहीं हैं, ये सिर्फ अर्थव्यवस्थाहीन नहीं हैं, ये सिर्फ अनिर्यातक नहीं हैं, बल्कि ये अमीर हैं, ये शक्तिशाली भी हैं, ये समर्थ भी हैं, इनके पास धन की कोई कमी नहीं है, इनके पास खनिज संपदाओं की कोई कमी नहीं हैं, ये तेल और गैस के निर्यातक भी हैं, संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिकाओं के नियंत्रक भी हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक नियामकों में इनकी संख्या और सक्रियता भी हैं शक्तिशाली हैं। फिर ये मुस्लिम अधिकारों को लेकर एकजुटता दिखाने में कमजोर क्यों और कैसे साबित हो जाते हैं? इजरायल के खिलाफ इनकी एकजुटता क्यों नहीं पनप पाती है, अमेरिका के खिलाफ इनकी बोलती क्यों बंद रहती हैं, यूरोपीय देशों के खिलाफ भी ये अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ और निर्णायक क्यों नहीं बना पाते हैं? क्या अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन भविष्य मे मुस्लिमों के अधिकार और भलाई के लिए मजबूत होने के लिए तैयार हैं? ख्याल यह रखना चाहिए कि दुनिया उसी की बात सुनती है, उसी के सामने सिर झुकाती है, उसी की अस्मिता और संप्रभुत्ता का सम्मान करती है जिसके पास शक्ति होती है, जिसके पास मजबूत संगठन होते हैं, जिसकी आबादी अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय होती है और शक्ति का प्रयोग करती है। अमेरिका इसी कसौटी को आधार बनाकर दुनिया पर राज करता है। रूस इसी कसौटी पर यूक्रेन की संप्रभुता को रौंद रहा है। संदर्भ इजरायल बनाम अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन है। इजरायल ने छह मुस्लिम देशों पर मिसाइलें दांगी थी और लड़ाकू विमानों से हमले किए थे। खासकर कतर पर उसने बम बरसाये थे। इजरायल का आरोप है कि कतर सहित अन्य मुस्लिम देश हमास के नेताओं का संरक्षन देते हैं, पोषक की भूमिका निभाते हैं और संहारक भी बनाते हैं। जहां तक कतर की इस कसौटी पर संलिप्तता की बात है तो इसमें अनिवार्य तौर पर तथ्य शामिल हैं। कतर सभी मुस्लिम आतंकवादी संगठनों का संरक्षणकर्ता है और पालनहार है। आपको याद दिला दें कि हमास ही नहीं बल्कि तालिबान और अलकायदा का भी कतर संरक्षणकर्ता रहा है। तालिबान के बड़े नेता कतर में ही रहते थे और वहीं से अमेरिका के खिलाफ हिंसा की नीति को आगे बढ़ाते थे। अमेरिका और तालिबान के बीच में शांति समझौते को लेकर हुई बातचीत भी कतर में हुई थी। हमास के बड़े नेता कतर में संरक्षण पाए हुए हैं और कतर से ही इजरायल के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। इजरायल का एक्शन हमास को समाप्त करने को लेकर जारी है। इजरायल



कहता है कि जब तक हमास का अस्तित्व नहीं मिटता है, उसका संहार नहीं होता है तब तक उनकी मिसाइलें और लड़ाकू विमानें उड़ती रहेंगी। हमारी मिसाइलें वहीं गिरेंगी जहां पर हमास के हिंसक आतंकवादी संरक्षण पाए हुए हैं। इसी दृष्टिकोण से इजरायल ने छह मुस्लिम देशों के स्थित हमास के ठिकानो पर हमला किया था। ईरान तो अब चुप हो गया है और ईरान की हमास के पक्ष में भड़काऊ बयानबाजी थम गई। ईरान को मालूम है कि हमास के पक्ष मे जितना ज्यादा बोलेगा, उतना ही उस पर इजरायल की मिसाइलें गिरेगी।

इजरायल के हमले के बाद मुस्लिम देश नाटो की तरह एक सुरक्षा कवच बनाना चाहते थे। इसी दृष्टिकोण से जुटे हुए थे। इस्लामिक सहयोग संगठन मुस्लिम देशों की एक साक्षा सुरक्षा कवच बनाने के लिए प्रतिबद्ध था और अपना इरादा भी जाहिर किया था। खासकर पाकिस्तान और तुर्की बहुत ज्यादा उत्साहित थे। पाकिस्तान इस मामले में बहुत ही उतावला था और आगे बढ़कर हिंसक रूप से समर्थन कर रहा था। पाकिस्तान की जल्दबाजी इतनी थी कि तुरंत ही नाटो की तरह हमारा रक्षा संगठन खड़ा होना चाहिए। इस प्रसंग में पाकिस्तान अपना हित देख रहा था और अपने हित की कसौटी पर मुस्लिम देशों को उकसा रहा था। पाकिस्तान भविष्य की दृष्टि से अपने आप को देख रहा था। हाल ही में पाकिस्तान पर भारत का हमला हुआ था और भारत ने उसकी संप्रभुत्ता को रौंदा था। पाकिस्तान अपने बल पर भारत का सामना नहीं कर पाया था। पाकिस्तान की दूरदृष्टि थी कि भारत के साथ संघर्ष में अरब-मुस्लिम नाटो उसका साथ देगा और भारत का संहार करेगा। तुर्की भी अरब मुस्लिम दुनिया का चौधरी बनने के लिए तत्पर था। लेकिन अन्य मुस्लिम देश भविष्य के खतरे और संकट को भांप गये। पाकिस्तान खुद कंगाल है, कटौरे लेकर भीख मांगता है और आतंकवाद की फैक्टरी लगाकर दुनिया को संकट में डालता है। पाकिस्तान के लोग मुस्लिम देश में जाते हैं तो फिर वहां पर विखंडन और मजहबी कुरीतियों की आग लगा देते हैं, इस कारण अरब के कई मुस्लिम देशों में पाकिस्तानी मुसलमानों को नापसंद किया जा रहा है। अरब-मुस्लिम नाटो संगठन खड़ा करने के पीछे नेतृत्व की समस्या थी, पैसे की समस्या थी। अरब-मुस्लिम नाटो का केन्द्रीय कार्यालय कहां बनेगा, किस देश में बनेगा और उसका प्रमुख कौन होगा? अरब मुस्लिम नाटो संगठन के गठन पर अरबो-खरबों डॉलर खर्च होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हर साल इसकी सक्रियता पर करोड़ों और अरबों डॉलर खर्च होंगे। सबसे बडी बात यह है कि ऐसी सैनिक फोर्स किसके प्रति जिम्मेदार होगी, इस्लाम के प्रति जिम्मेदार होगी तो फिर किसी देश का नियंत्रण ऐसी फौज स्वीकार ही नहीं करेगी। इस कसौटी पर ऐसी कोई सेना खुद भस्मासुर की प्रतीक बन जाएगी।

हमास को लेकर खुद मुस्लिम देश एकमत नहीं है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और उसकी हिंसक करतूतों ने मानवता के प्रति घिनौना उदाहरण प्रस्तुत किया है। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। हथियार कहां से आएगा? तकनीक कहां से मिलेगी? तकनीक और हथियार तो अमेरिका और यूरोप से मिलेंगे। चीन और रूस हथियार भी देंगे तो उसकी कीमत खूब वसूलेंगे। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

(ये स्वतंत्र लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।




कयास
संतोष कुमार भार्गव

# मणिपुर में शांति और विकास फिर लौटेगा

निस्संदेह, पिछले दो वर्षों से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाए रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं, यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब विपक्ष का मुंह पीएम मोदी ने बंद कर दिया है। मई, 2023 में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा थी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। विरोधी जो भी कहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि संघर्ष आरंभ होने के शुरुआती दिनों में ही गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा किया था। उसके पहले से गृह मंत्रालय के अनेक अधिकारियों ने वहां डेरा डाला था। आशा है कि समझौते के मुताबिक कुकी विद्रोहियों के खिलाफ एक साल तक सैन्य अभियान रोकने पर बनी सहमति कायम रहेगी। यह समझौता पहले भी था, लेकिन हथियारबंद समूहों द्वारा हिंसा जारी रखने के कारण इसे निलंबित करना पड़ा। समझौते में कुछ नई शर्तें भी जोड़ी गई हैं, जिनमें कड़ी निगरानी के साथ उल्लंघन की स्थिति में समीक्षा शामिल है। इसका अर्थ हुआ कि सरकार ने न्यायसंगत मांगों को स्वीकार किया है, लेकिन हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। वर्तमान समझौते में मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने की प्रतिबद्धता शामिल है। यह कुकी समूहों की अलग प्रशासन की मांग में बदलाव का संकेत है। मैतेई इस मांग का विरोध करते रहे हैं। हालांकि सभी कुकी समूहों को इससे सहमत कराना कठिन है। समझौते पर हस्ताक्षर होने के कुछ ही समय बाद, सिविल सोसायटी समूह कुकी-जो काउंसिल ने भारतीय संविधान के तहत अलग प्रशासन के लिए राजनीतिक बातचीत की आशा का वक्तव्य दिया। ऐसा कहने वाले मिल जाएंगे कि जब तक वित्त और प्रशासन का नियंत्रण घाटी के लोगों के पास रहेगा, पहाड़ी जिलों के विकास की अनदेखी होगी। लेकिन सामूहिक आकांक्षाओं के मुताबिक विकास योजनाओं पर अमल हो तो यह सोच भी बदल जाएगी। पीएम मोदी ने अपनी हालिया यात्रा में कहा, 'मणिपुर आशा और आकांक्षाओं की भूमि है। लेकिन दुर्भाग्य से यह हिंसा की चपेट में आ गया है। मैं आने वाले दिनों में राज्य के लिए आशा और विश्वास की एक नई सुबह देख रहा हूं।' मोदी ने संघर्ष से विस्थापित लगभग 60,000 लोगों के उचित पुनर्वास और राज्य में स्थायी शांति लाने का आश्वासन दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्ष शांति का माहौल कायम रखने में अपनी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं, जिससे मणिपुर पुनः विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और

## श्रमरहित पराश्रित जीवन से विकास के द्वार बंद



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है।

*- मनोज शुक्ला, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

### तटीय क्षेत्र मजबूती को भारत-सिंगापुर में करार

सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां अपनी पूरक शक्तियों – एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे, निर्माण सुविधाओं और जहाज मरम्मत विशेषज्ञता को व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी। एसओटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए



रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एसओटी ने कहा कि एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी। एसओटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख विंस्टन चेंग ने कहा, ''यह समझौता ज्ञापन, एशिया भर में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के सीट्रियम के प्रयासों में एक रणनीतिक मील का पत्थर है।

## ऑफ बीट

### मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।



## ट्रेंड


### विकास कार्यों का उद्घाटन



डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में राजस्थान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज बांसवाड़ा से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास प्रदेश की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शुभांशु शुक्ला को बधाई



मुंबई कॉन्क्लेव 2025 में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जहाँ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री को सम्मानित किया गया। उन्हें 1.4 अरब दिलों के सपनों को समेटे, पूरे देश में साहस, समर्पण और असीम महत्वाकांक्षा को प्रेरित करने वाली यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी।

**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### सेवा पखवाड़ा



सेवा पखवाड़ा दिल्लीवासियों के लिए हर दिन नई सौगातें लेकर आ रहा है। आज दिल्ली सचिवालय से शुरू हुई ये स्वास्थ्य सुविधाएं इलाज को और सरल व सुलभ बनाएंगी और हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का नया संबल जोड़ेंगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### चिकित्सा की उपेक्षा



सरकार 'मरीज और डॉक्टर' का अनुपात बताए मतलब वर्तमान में कितने मरीजों के लिए कितने डॉक्टर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा की उपेक्षा देश के मानव संसाधन की उपेक्षा है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मौत का 'यमराज निगम': सीवर सफाई बनी मजदूरों की कब्रगाह, कांग्रेस ने 50 लाख मुआवजे की मांग की









**सतना।** नगर निगम की घोर लापरवाही और ठेकेदार की अमानवीयता ने एक बार फिर एक गरीब मजदूर की जान ले ली। रीवा रोड स्थित टोयोटा शोरूम त्रिवेणी पैलेस, कृपालपुर के सामने,सीवर लाइन की सफाई के दौरान एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हुआ है। बिना किसी सुरक्षा उपकरण,बिना ऑक्सीजन मास्क के मौत के कुएं में उतारे गए तीन मजदूरों में से एक की जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई।यह दुर्घटना नहीं,बल्कि नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार की घोर उपेक्षा के चलते हुई हत्या है।

### सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मौत के मुंह में धकेला

जानकारी के अनुसार,सीवर की सफाई का काम ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था। ठेकेदार ने मुनाफ़े की लालच में मजदूरों की जान को कौड़ियों के भाव समझा। न कोई सुरक्षा उपकरण,न ऑक्सीजन मास्क,बस मजदूरों को सीधे सीवर चेंबर में धकेल दिया गया। अंदर मौजूद जहरीली गैस ने अपना काम किया और तीन मजदूर अचेत हो गए। मृतक मजदूर की पहचान अमित कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है,जिसकी मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की त्वरित मदद से,रस्सी और बाद में ठेकेदार सौरभ सिंह द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से बाकी मजदूरों को बाहर निकाला गया। दो अन्य मजदूरों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उनका इलाज जारी था, हालांकि एक खबर यह भी कहती है कि एक की मौत होते ही दो घायल मजदूर कथित तौर पर गायब हो गए और उनका मेडिकल परीक्षण भी नहीं कराया गया।यह स्थिति ठेकेदार और प्रशासन की मिली भगत पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### कांग्रेस का कड़ा रुखः नगर निगम 'यमराज निगम'

इस हृदयविदारक घटना ने इलाके में और सीवर सफाई कर्मियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है,क्योंकि यह लगातार दूसरी घटना है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राहुल सिलाडिया जिला अस्पताल पहुंचे। अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस पार्षद और नेता मुख्तार अहमद सिद्दीकी ने मर्चुरी पहुंचकर नगर निगम पर भड़कते हुए उसे 'यमराज निगम' करार दिया। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ठेकेदार और प्रशासन की घोर लापरवाही का यह नतीजा है। उनका आरोप है कि पहले भी कई वार्डों में लापरवाही के कारण मजदूरों की जान जा चुकी है,फिर भी निगम प्रशासन सचेत नहीं हुआ।

### मुआवजा और हत्या का मुकदमा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने कलेक्टर से तत्काल चर्चा कर दोषियों पर प्रकरण दर्ज कराने और मृतक को मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस लापरवाही और मानव जीवन के प्रति उदासीनता को नहीं रोका गया,तो वे सख्त रुख अपनाएंगे और आंदोलन करेंगे।

### कांग्रेस की मुख्य मांगें

मृतक के परिवार को तुरंत 50 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया जाए और एक आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। परियोजना से जुड़े ठेकेदार,इंजीनियर और जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। सभी चल रहे प्रोजेक्ट्स में सुरक्षा मानकों की तुरंत और सख्त जांच कराई जाए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सतना में मानव जीवन की कीमत पर सरकारी परियोजनाएं चल रही हैं। यह हादसा व्यवस्था की विफलता और सत्ता की संवेदनहीनता को दर्शाता है। क्या प्रशासन अब भी नींद से जागेगा,या किसी और गरीब मजदूर की बलि का इंतज़ार करेगा? क्या नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार पर हत्या का मुकदमा दर्ज होगा,या यह मामला भी केवल कुछ लाख रुपये के मुआवजे पर रफा-दफा कर दिया जाएगा?

## मैहर में आंधी-तूफान से यात्री पंडाल गिरे, रेलवे चौराहा बना गंदे पानी का तालाब

**मैहर।** शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन मां शारदा धाम मैहर में तेज आंधी-तूफान ने मेले की व्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। सुबह लगभग साढ़े चार बजे तेज हवा की चपेट में आकर यात्रियों के ठहरने के लिए बनाए गए कई अस्थायी पंडाल धराशायी हो गए। गनीमत यह रही कि समय रहते श्रद्धालु सुरक्षित बाहर निकल आए,जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन और मेला समिति ने तुरंत मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ढांचे को हटाने और वैकल्पिक, सुरक्षित इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ,रेलवे स्टेशन के सामने का चौराहा भारी बारिश के कारण गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो गया। अतिक्रमण के कारण नालियों से पानी न निकल पाने के कारण पूरे चौराहे में दो फुट तक गंदा पानी भर गया। इससे दर्शनार्थियों को निकलने में भारी फजीहत हुई और वाहनों के निकलने से उनके कपड़े व सामान खराब होते रहे। यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है,जो प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है, खासकर लाखों श्रद्धालुओं के इस सैलाब के दौरान।



## घर में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, पिता-पुत्री बाल-बाल बचे

### देवलोंद थाना क्षेत्र के जगमल गांव की घटना

**शहडोल।** जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय, यह कहावत गुरुवार को देवलौंद थाना क्षेत्र में उस समय सच साबित हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक कच्चे मकान में जा घुसा। हादसे के समय घर के उसी कमरे में पिता और पुत्री मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि दोनों सुरक्षित बच निकले। जानकारी के अनुसार, जगमल गांव निवासी मोतीलाल साकेत के मकान में अचानक एक ट्रक घुस गया। घटना के दौरान दीवार ढह गई और घर का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल दौडक़र घर में फंसे पिता-पुत्री को सुरक्षित बाहर निकाला। मोतीलाल ने बताया कि हादसे के वक्त वह अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ कमरे में बैठे थे। जैसे ही दीवार गिरी, दोनों एक कोने की ओर खिसक गए और बाल-बाल बच गए।

### लोगों ने पकड़ा चालक

घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और डायल-112 को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मकान को काफी नुकसान पहुंचा है। ट्रक चालक की पहचान गांव निवासी अनिल खैरवार के रूप में हुई है, जो माल लोड करने के लिए जा रहा था। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। गांव के लोगों ने राहत की सांस ली कि बड़ी दुर्घटना टल गई, वरना नतीजे भयावह हो सकते थे।

## महिला की हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

### जमीनी विवाद बना हत्या की वजह आरोपी ने कुल्हाड़ी से किया वार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बराछ गांव में जमीनी विवाद के चलते हुई महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मृतका के भतीजे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 23 सितंबर को बराछ गांव में रानी पटेल नामक महिला पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि परिवार के भीतर लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते मृतका के भतीजे कृष्ण कुमार पटेल ने वारदात को अंजाम दिया और घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

### प्रत्यक्षदर्शियों के बयान से खुला राज

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो यह स्पष्ट हुआ कि विवाद के चलते आरोपी कई दिनों से नाराज था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिवार में तनाव बढ़ गया था और इसी कारण भतीजे ने अपनी चाची पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि टीम ने लगातार सर्च अभियान चलाया और 24 सितंबर को आरोपी कृष्ण कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस टीम की भूमिका

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोहन पड़वार, प्रधान आरक्षक अमर सिंह, महेन्द्र पाल शुक्ला, पंजाब सिंह और आरक्षक गंगा सागर गुप्ता की भूमिका रही। पुलिस की तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में फैली दहशत कम हुई है और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## बंद ओपन कास्ट में धंसी खदान, अवैध उत्खनन से दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

**विधानसभा परासिया, पुलिस अनुभाग जुन्नारदेव के अंतर्गत अंबाड़ा की मुआरी बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में अवैध रूप से कोयला निकालने के दौरान कोयले की सिम की चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर मौत हो गई । एक युवक को गंभीर हालत में छिंदवाड़ा रेफर किया गया । यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे हुई । पुलिस इस मामले में इस क्षेत्र में कोयला तस्करी से जुड़े 3 लोगों से पूछताछ कर रही है।**

मिली जानकारी के अनुसार अंबाड़ा के मुआरी कोयला खदान में क्षेत्र के कुछ युवा बंद खदान का मुहाना खोलकर उसके अंदर से कोयला निकाल रहे थे, अचानक कोयले की एक चट्टान धसक गई, जिसकी चपेट में 3 लोग आये इनमें से अंबाड़ा वार्ड 14 निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद उबैद , वार्ड 15 निवासी हातिम खान की मौत हो गई, वहीं 20 वर्षीय मुकेश यादव के गंभीर घायल होने पर उसे छिंदवाड़ा रेफर किया गया था।

इधर घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फेल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया । दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया । प्राथमिक जांच के बाद सामने आई जानकारी के आधार पर पुलिस ऐसे 3 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । इस घटना से क्षेत्र में जारी अवैध कारोबार को उजागर करने के साथ - साथ वेकोली प्रबंधन और पुलिस की लापरवाही को भी उजागर किया है ।

### गार्डों की मौजूदगी में हुई चोरी

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब खदानों पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, तो फिर सुरंग बनाकर करोड़ों का कोयला चोरी कैसे हो गया? क्या सुरक्षा गार्डों ने आँखें मूँद ली थीं या फिर कोल माफियाओं की मोटी रिश्वत ने उनकी जुबान बंद कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सुरक्षा की मिलीभगत के इतनी बड़ी पैमाने पर चोरी नामुमकिन है। प्रबंधन की लापरवाही और देरी घटना की जानकारी मिलते ही परासिया एसडीएम, जुन्नारदेव एसडीओपी सुनील बरकड़े, परासिया एसडीओपी जितेंद्र जाट, थाना प्रभारी राकेश बघेल, उप थाना प्रभारी मुकेश डोंगरे और अंबाड़ा चौकी प्रभारी संजय सोनवाने मौके पर पहुँचे और जनसहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया। लेकिन सवाल उठता है कि वेकोलि प्रबंधन घटनास्थल पर देर से क्यों पहुँचा। जिलेभर के ईंट-भट्टों तक यह चोरी का कोयला धड़ल्ले से पहुँचता है। टिमनी, सावरी, उमरेठ और चांदामेटा के रास्तों से यह गोरखधंधा दिन-रात चलता है। चोरी का कोयला ईंट पकाने में इस्तेमाल होता है और फिर बाजार में महंगे दामों पर बेचा जाता है। सवाल उठता है कि क्या यह पूरा कारोबार नेताओं और विभागीय अधिकारियों की सरपरस्ती के बिना संभव है।

### आगे और भी घटनाएं

अगर सरकार और प्रशासन ने अब भी इस खेल पर नकेल नहीं कसी, तो आने वाले दिनों में और बेगुनाह मजदूर इन काली सुरंगों में दफन होते रहेंगे और माफिया, नेताओं की शह पर, खुलेआम करोड़ों की तिजोरियाँ भरते रहेंगे। इसके पूर्व भी इन कोल माफियाओं के खिलाफ आवाजें उठती रही है। मगर दिखावे और नाममात्र की कार्यवाही के कारण हौसले इतने बुलंद है कि कार्यवाही का कोई खौफ नहीं है। लेनदेन कर मामले को रफादफा करना और लेन देन स्वीकार करना कोल माफिया प्रशासन डब्ल्यूसीएल के अधिकारियों की आदत में शामिल हो चुका है।

### कौन है जिम्मेदार?

ओपन कास्ट खदानों से कोयला खनन बंद होने के बाद इनको विधिवत पुराव डालकर बंद किया जाना चाहिए और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए ताकि मजदूर या कोल माफिया उन खदानों से कोयला न निकाल सके। अवैध कोयले के खनन को बढ़ावा देते माफियाओं पर भी शिकंजा कसने की आवश्यकता है। अवैध ट्रैक्टर का परिचालन, कोयला परिवहन और ईंट के भट्टों पर सतत दबिश दी जाए तो इस पूरे सुनियोजित काले कारोबार पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## तेंदुआ ने किया बैल का शिकार, ग्रामीणों में दहशत



**कटनी।** बड़वारा वन परिक्षेत्र के पास स्थित गांवों में एक तेंदुआ मवेशियों का शिकार कर रहा है। विलायत कलां गांव में गुरुवार को तेंदुए ने एक बैल पर हमला कर उसे मार डाला। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अनुसार तेंदुआ रात में गांवों के पास आकर मवेशियों का शिकार करता है। दिन में वह घने जंगलों में छिप जाता है। वन विभाग की टीम विलायत कलां, धनवारा, ठूठिया और सलैया गांवों में गश्त कर रही है। डीएफओ गौरव शर्मा ने ग्रामीणों को जंगल की तरफ न जाने की हिदायत दी है। विभाग की प्राथमिकता तेंदुए को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ना है। वन विभाग ने ग्रामीणों से तेंदुए की गतिविधियों की जानकारी तुरंत देने की अपील की है।

## पेट्रोप पंप पर लूट का प्रयास, कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**अनूपपुर।** जिले के देवहरा में ओम अनाघ फिलिंग स्टेशन पर लूट का प्रयास किया गया। दो बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी प्रकाश चौधरी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना बुधवार गुरुवार दरमियानी रात 1 से 2 बजे के बीच की है। दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर आए। उन्होंने प्रकाश चौधरी से विवाद किया। आरोपी प्रकाश के पास मौजूद 2200 रुपए छीनने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान उन्होंने धारदार हथियार से हमला कर दिया। प्रकाश चौधरी जान बचाकर भागा। वह पेट्रोल पंप से करीब 100 मीटर दूर एक घर के पास लहूलुहान हालत में गिर गया। उसने वहीं से पेट्रोल पंप मालिक और पुलिस को फोन किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घायल प्रकाश को पहले जिला अस्पताल अनूपपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## 5 माह से गुम नाबालिक बालिका दस्तयाब

**उचेहरा।** पुलिस को 5 महीने से लापता एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। फरियादी रज्जन कोल ने अपनी बेटी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिसके बाद थाना उचेहरा में अपराध क्र.115/25 धारा 137(2) बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने संभावित स्थानों पर सघन तलाश की,और आखिर बालिका को दस्तयाब कर लिया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की गोहपारू पुलिस द्वारा नाबालिग लडक़ी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गोहपारू थाना क्षेत्र का है, जहां एक 17 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि ग्राम हर्री निवासी महादेव सिंह उम्र 20 वर्ष ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब आरोपी को पता चला कि वह गर्भवती है और उसने आरोपी से शादी करने के लिए कहा, तो आरोपी महादेव सिंह ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी महादेव सिंह पिता भीमसेन सिंह गोड़, निवासी ग्राम हर्री, थाना गोहपारू, शहडोल के खिलाफ बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी महादेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## पत्नी के प्रेम प्रसंग से तंग पति पहुंचा एसपी ऑफिस, प्रेमी से विवाह कराने की लगाई गुहार



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत गंगानगर मोहल्ले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेम प्रसंग से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अनोखी गुहार लगाई। पति ने न केवल अपनी पत्नी की उसके प्रेमी से शादी कराने की अनुमति दी है, बल्कि पुलिस से आग्रह किया है कि उसका इकलौता बेटा उसे वापस दिलाया जाए। पीड़ित युवक अंकुश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में लक्ष्मी नामक युवती से हुई थी। इस वैवाहिक संबंध से तीन बच्चे हैं। हालांकि, पिछले कुछ माह से लक्ष्मी का मोहल्ले में ही रहने वाले राजीव नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पति के अनुसार, इस संबंध की जानकारी पहले भी परिवार को हो चुकी थी और उसने पत्नी को कई बार समझाने का प्रयास किया, मगर वह नहीं मानी। हालात तब बिगड़े जब 20 सितंबर की शाम लक्ष्मी अपने प्रेमी राजीव के साथ घर से भाग गई। वह जाते समय घर के गहने-जेवर और अन्य कीमती सामान के साथ उनका इकलौता बेटा भी अपने साथ ले गई। इस घटना के बाद से अंकुश मानसिक रूप से बेहद परेशान है एसपी कार्यालय में दिए आवेदन में अंकुश ने कहा मुझे अपनी पत्नी के प्रेमी से विवाह करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मेरा बेटा मुझे लौटा दिया जाए। वह मेरे जीवन का एकमात्र सहारा है। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तेंदुए की असामायिक मौत को लेकर होगी डिटेल जांच

**दोषी पाये जाने वालों पर होगी कार्यवाही-टाईगर रिजर्व क्षेत्र संचालक नरेश यादव**


**तेंदुए की असामयिक मौत करंट लगने से हुई, पीएम रिपोर्ट में पन्ना टाईगर रिजर्व के चिकित्सक डॉ. संजीव गुप्ता ने की पुष्टि**

विद्युत लाईन हटाये जाने को लेकर कागजी कार्यवाही चलती रही राषि न जमा होना बना कारण विद्युत लाईन भी नहीं हटी दिवार भी बन गई फेंसिंग जाली भी लगी, विद्युत लाईन की नजदीकी होने के कारण असमायिक तेंदुए की गई जान। हीरा खनन परियोजना मझगवां एनएमडीसी व विद्युत विभाग के झमेले में तेंदुआ जो लगभग 10 से 11 वर्ष का होना बताया गया। जिसकी करंट लगने से हुई मौत जिम्मेदार विभाग कौन? पड़ताल जारी।



**पन्ना**

विगत दिवस पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र से लगी हुई एनएमडीसी मझगवां हीरा खनन परियोजना के हिनौता ग्राम के पास जो दिवार पत्थर की बनाई गई उसके ऊपर फैंसिंग जाली में तेंदुआ की मौत विद्युत लाईन की करंट लगने से असमायिक जान गई। सवाल यह उठता है कि विद्युत विभाग को जहां हीरा खनन परियोजना के द्वारा विद्युत लाईन हटाने के लिए पत्र लिखे जाने की बात भी चर्चा में है। वहीं विद्युत विभाग ग्रामीण सेवा जिसके माध्यम से हीरा खनन परियोजना को विद्युत लाईन हटाने के लिए स्टीमेट सर्वे करके राषि भी जमा करने के लिए लेख करने की बात बयां की जा रही है। जो अनुमानित साढ़े तीन लाख रूपये के लगभग बताई गई है। विद्युत विभाग में संबंधित राषि हीरा खनन परियोजना एनएमडीसी मझगवां के द्वारा जमा नहीं किये जाने के कारण विद्युत विभाग ने लाईन नहीं हटाई वहीं पत्थर की दिवार भी बन गई। साथ ही फेंसिंग जाली भी लगी जो हीरा खनन परियोजना एनएमडीसी मझगवां के द्वारा उक्त कार्य किया गया। अब सवाल यह उठता है कि दिवार व फेंसिंग जाली दोनों के बनने से विद्युत लाईन से दूरी उचाई की कम हो गई। दिवार में तेंदुए की मौत होना विगत दिवस घटना घटित हो गई। अब यहां पन्ना टाईगर रिजर्व ने उक्त मृत तेंदुए की पीएम कराया गया जिसमें यह भी सामने आ गया कि तेंदुए की मौत करंट लगने से हुई है। वहीं पन्ना टाईगर रिजर्व के प्रभारी क्षेत्र संचालक नरेष यादव जी से जाना गया कि आखिरकार तेंदुए की मौत को लेकर क्या कार्यवाही तय हुई है। तो जवाब मिला तेंदुए की मौत को लेकर पड़ताल जारी है करंट लगने से तेंदुए की मौत हुई है। आखिरकार विद्युत लाईन करंट का कारण बनी जिम्मेदार जो भी होगें उनके खिलाफ वैधानिक रूप से पड़ताल के बाद जो भी तथ्य सामने आयेगें कार्यवाही की जायेगी। इससे साफ जाहिर होता है कि तेंदुए की मौत जो असमायिक हुई उसका कारण विद्युत करंट लगने का मामला बना। वहीं हीरा खनन परियोजना एनएमडीसी मझगवां तथा विद्युत विभाग ग्रामीण पन्ना के बीच में कहां किसने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। विद्युत लाईन हटाने को लेकर तेंदुए की मौत के बाद जांच के दौरान विद्युत लाईन हटाये न जाने को लेकर कौन दोषी है जिससे तेंदुए की मौत कारण बनी। देखना यह है कि अब कार्यवाही पड़ताल के बाद किस पर तय होगी। जो जांच के बाद ही खुलाया होगा। पर कार्यवाही पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र संचालक क बताये अनुसार जांच उपरांत तय मानी जा रही है। वहीं विद्युत लाईन अभी भी हटाई जायेगी की नहीं यह भी एक सवाल है। वहीं विद्युत विभाग क्या स्वयं से विद्युत लाईन हटायेगा या कि हीरा खनन परियोजना विद्युत लाईन हटाये जाने को लेकर तेंदए की मौत के बाद ही सही उक्त राषि स्टीमेट की जमा की जायेगी की नहीं जो अभी भी सवाल बना हुआ है। क्या किसी और हादसे का इंतजार माना जाये या कि विद्युत लाईन हटाये जाने को लेकर अभी भी कार्यवाही तय होगी। यह तो वक्त ही तय करेगा।



# श्रीराम पर बनेगी एनिमिटेड फिल्म, कुणाल-मौनी देंगे आवाज

**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम का निर्माताओं ने एलान कर दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि कुणाल कपूर और मौनी रॉय इसमें अपनी आवाज देंगे। इतना ही नहीं, मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। मेकर्स ने गुरुवार के दिन एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' का ऐलान किया है। इस फिल्म में कई दिग्गज एक्टर्स अपनी आवाज देंगे। फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बनेंगे, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे।

## लाइफ Style

# श्रद्धा



## द गेमः यू नेवर प्ले अलोन का ट्रेलर जारी

अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ की अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज 'द गेम: यू नेवर प्ले अलोन' रिलीज होने के लिए तैयार है। इसका ट्रेलर मेकर्स ने गुरुवार को जारी कर दिया। यह नेटफ्लिक्स की पहली तमिल सीरीज है। यह सीरीज एक ऐसी कहानी बयां करती है, जहां वर्चुअल और वास्तविक दुनिया की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह न केवल एक थ्रिलर है, बल्कि इसमें पारिवारिक रिश्तों की जटिलताएं, विश्वास का संकट और तकनीक के अनियंत्रित होने का डर भी शामिल है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक गेम में लिया गया हर फैसला असल जिंदगी में गंभीर परिणाम ला सकता है। यह कहानी दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी जब आपका बनाया हुआ खेल ही आपके खिलाफ हो जाए, तो क्या होगा? अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनी इस सीरीज को राजेश एम. सेल्वा ने निर्देशित किया है। उन्होंने सीरीज को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, द गेम के जरिए मैं उन चीजों को पर्दे पर सबके सामने लाना चाहता था, जो हमारी बनाई दुनिया और असल जिंदगी को अलग करती है। यह एक हाई-वोल्टेज थ्रिलर है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा और रिश्तों के बीच उलझनें भी देखने को मिलेंगी। उन्होंने आगे कहा, आज के डिजिटल जमाने में कुछ भी वर्चुअल नहीं रहता है। स्क्रीन पर होने वाली घटनाएं अक्सर असल जिंदगी को प्रभावित करती हैं, और इसके परिणाम हमारे नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। हर मुखौटे के पीछे एक सच्ची कहानी छिपी है, और इस सच्चाई का सामना करना ही कहानी की ताकत है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहाना ने किया बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिहाना तीसरी बार मां बन गई हैं। उन्होंने यह खुशखबरी बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने पोस्ट के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बच्चे का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने 2022 में अपने बॉयफ्रेंड रॉकी के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। अगस्त 2023 में उन्होंने अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। अब, 2025 में, उन्होंने अपने तीसरे बच्चे के जन्म का ऐलान किया है।



# सामने आया मार्वल के वुल्वरीन का ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** लंबे इंतजार के बाद स्पाइडर-मैन 2 फेम इनसोम्नियाक गेम्स ने मार्वल के वुल्वरीन की पहली झलक जारी कर दी है। यह एक सिंगल प्लेयर फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें स्पाइडर-मैन सीरीज के गेम्स जैसे ही मैकेनिक्स और गेमप्ले होंगे। अब इस गेम का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर से ये साफ है कि इस गेम में जबरदस्त हिंसा और क्रूरता नजर आने वाली है। ट्रेलर ने ये साफ कर दिया है कि इसमें भयंकर युद्ध होने वाला है। साथ ही इसमें कुछ नए चेहरों के साथ पुराने चेहरे भी नजर आएंगे। यह गेम 2026 में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होगा। सटीक तारीख अभी भी तय नहीं हुई है। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन और खूनी संघर्ष देखने को मिला है। दर्शक यहां लोगान के एडामेंटियम पंजों को कुछ वीभत्स एक्शन में देख सकते हैं।



# 68वीं फिल्म दायरा की शुरू की शूटिंग


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान, जो 25 साल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने अपनी 68वीं फिल्म 'दायरा' की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसकी एक खास झलक करीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। करीना कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' के पहले दिन की शूटिंग की झलक शेयर की। फिल्म 'दायरा' का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं। इस फिल्म में करीना के अलावा साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। 'दायरा' एक क्राइम-ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो आज के समाज की जटिलताओं को दिखाती है। यह अपराध, सजा और न्याय के बीच के संघर्ष को उजागर करती है।



# उज्जैन में भस्म आरती में शामिल हुए संजय

**मुंबई।** गुरुवार सुबह बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नवरात्रि उत्सव के दौरान भस्म आरती में भाग लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। जहां वे साधारण पारंपरिक पोशाक में अन्य भक्तों के साथ भक्ति में डूबे दिखे। संजय को मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती करते हुए देखा गया। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'बागी 4' में नजर आए, जिसमें टाइगर श्रॉफ, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अहम भूमिका में थे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' होगी, जिसमें रणवीर सिंह, आर. माधवन और अक्षय खन्ना जैसे सितारे हैं। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जो एक गुप्त एजेंट की कहानी पर आधारित है।


## टीवी मसाला



### एलिस इन बॉर्डरलैंड का तीसरा सीजन रिलीज

**मुंबई।** लोकप्रिय जापानी सीरीज 'एलिस इन बॉर्डरलैंड'का तीसरा सीजन गुरुवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। फैंस के लिए सबसे ज्यादा खुशी की बात ये है कि इस हिट जापानी साइंस-फिक्शन सीरीज के सभी एपिसोड एकसाथ रिलीज हुए हैं। यानी गुरुवार से सारे एपिसोड नेटफ्लिक्स पर मौजूद हैं। अब फैंस को इस शो के अलग-अलग एपिसोड के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस सीजन में कुछ छह एपिसोड हैं। दिसंबर 2022 में रिलीज होने वाली इस सीरीज का दूसरा सीजन एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ था। जब उसागी (ताओ त्सुचिया) और अरिसु (केंटो यामाजाकी) किसी तरह वास्तविक दुनिया में वापस आने में कामयाब रहे। जहां दोनों अपने भविष्य को लेकर खुश दिख रहे थे, वहीं कैमरा एक जोकर कार्ड की ओर घूम गया। रिपोर्ट के अनुसार, सीजन 3 में वे शादीशुदा हैं और खेलों की उनकी यादें मिट चुकी हैं। लेकिन अंततः उन्हें वापस उस भयावह दुनिया में ले जाया जाएगा।

### हर्ष वशिष्ट एण्डटीवी की नई सुपरनैचुरल कॉमेडी 'घरवाली पेड़वाली' में निभाएंगे रमेश का किरदार



**मुंबई।** एण्डटीवी का नया शो 'घरवाली पेड़वाली' दर्शकों को हंसी, भावनाओं और अलौकिक मस्ती के साथ एक मजेदार और डरावने ट्विस्ट पर ले जाने के लिए तैयार है। इस शो में टेलीविजन के कुछ सबसे यादगार शोज में काम कर चुके मशहूर एवं वर्सेटाइल अभिनेता हर्ष वशिष्ट रमेश का किरदार निभाएंगे, जिन्हें सभी प्यार से 'चिल्ड चाचा' कहते हैं। रमेश अपनी मस्ती भरी और मजाकिया हरकतों से घर में हंसी और चटपटी गपशप का माहौल बनाए रखते हैं। उनकी खास अदा इस अनोखे प्रेम त्रिकोण को और रोचक बनाती है। हर्ष वशिष्ट ने अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, "मैं लंबे समय से कॉमेडी शो करना चाहता था, क्योंकि आजकल टीवी पर ऐसे शो कम ही बनते हैं। पिछले कुछ सालों से, मैं वाकई में इस जोनर में कोई रोल निभाने को बहुत मिस कर रहा था। जब मुझे यह शो मिला, तो मुझे लगा कि यह मेरे लिए एकदम सही है। कहानी नई और ताजा है, टीम बहुत अच्छी है, और स्क्रिप्ट शानदार है। वे आगे कहते हैं, "मुझे घरवाली पेड़वाली की कहानी बहुत पसंद है। यह अनोखी और नई है, जो टीवी पर कम ही देखने को मिलती है।


### रामलीला में पुनीत का नया अवतार



**नई दिल्ली।** नवरात्रि का त्योहार आते ही देशभर में रामलीला का रंग चढ़ जाता है। हर साल लोग इस पल का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जब रामलीला मंचन होता है और बड़े-बड़े सितारे अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। ऐसे ही एक अभिनेता अयोध्या की रामलीला में एक अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। अयोध्या में राम लीला हो रही है, जिसमें पुनीत इस्सर परशुराम का किरदार निभा रहे हैं। परशुराम का किरदार निभा रहे पुनीत ने मीडिया से इस बारे में बात की। उन्होंने कहा- बहुत ही बढ़िया लगा, मैं ईश्वर का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे ये सुअवसर प्राप्त करवाया कि मैं रामलला की पावन धरती पर आया हूं और मुझे रामलीला में परशुराम का किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है। मैं तो बस ये समझता हूं कि सनातन धर्म की सेवा में ये मेरा छोटा सा योगदान है। दिल्ली की रामलीला तो पहले से ही काफी मशहूर है, लेकिन इस बार अयोध्या की रामलीला पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

# जान्हवी ने वरुण, सान्या के साथ संस्कारी अंदाज में मनाई नवरात्रि

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने नवरात्रि का उत्सव पारंपरिक अंदाज में शुरू किया और इसकी तस्वीरें साझा कीं। उनके साथ उनकी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के सह-कलाकार वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल भी नजर आए। जान्हवी कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के अपने को-स्टार्स के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वरुण, रोहित, सान्या और खुद जान्हवी पारंपरिक स्टाइलिश कपड़ों में नजर आ रहे हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'हैप्पी नवरात्रि संस्कारी स्टाइल।' पहली तस्वीर में सभी साथ में पोज देते*



*दिखे। बाती तस्वीरों में जान्हवी अकेले और वरुण और सान्या के साथ मुस्कुराते हुए नजर आईं। हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का रोमांटिक गाना 'तू है मेरी' रिलीज हुआ, जिसे सचेत-परंपरा ने गाया और बनाया, जबकि बोल कौसर मुनीर ने लिखे। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।*

# नवरात्रि में 45 सालों से इस देवी गीत की रहती है धूम...



**मुंबई।** 80 के दशक की ब्लॉकबस्टर फिल्म आशा के भजन 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये' के बिना नवरात्रि फीकी लगती है। 21 मार्च 1980 में नवरात्रि के मौके पर रिलीज की गई इस फिल्म में यूं तो जितेंद्र -रीना रॉय की जोड़ी थी, लेकिन इस भजन को जितेंद्र और टी रामेश्वरी पर फिल्माया गया था। इस फिल्म में रामेश्वरी ने जितेंद्र की ऑनस्क्रीन वाइफ की भूमिका निभाई थी, लेकिन जितेंद्र और रीना रॉय की जोड़ी हिट हो गई थी। जे ओम प्रकाश के निर्देशन में 1980 में बनी फिल्म आशा को लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने संगीत से सजाया था। प्रसिद्ध भजन को एक बार मोहम्मद रफी ने तो एक बार नरेंद्र चंचल ने गाया था। माता रानी पर बनाए गए इस भजन की कशिश 45 साल भी बरकरार है।

## ज्यादातर फिल्मों में होती है हैप्पी एंडिंग, दर्शक हो जाते हैं खुश

# एक साल में आईं वो 3 ब्लॉकबस्टर फिल्में, जिनका लास्ट देख चकराया दिमाग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं जिन्होंने भारतीय सिनेमा को अलग पहचान बनाई। इन फिल्मों का लास्ट सीन इतनी चालाकी से लिखा गया कि बड़े-बड़े मूवी लवर्स भी नहीं समझ पाए। 90 फीसदी दर्शकों ने बार-बार लास्ट सीन देखा और जवाब तलाशने की कोशिश की, लेकिन मन में आए सवालों के जवाब नहीं मिले। कई दर्शकों ने अपना माथा पकड़ लिया। हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी खासियत यही है कि फिल्म के अंत में सब कुछ ठीक हो जाता है। ज्यादातर फिल्मों में हैप्पी एंडिंग होती है। सभी दर्शक लास्ट सीन देखकर खुश हो जाते हैं। लेकिन, बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं जिनका लास्ट सीन 90 फीसदी दर्शकों की समझ में नहीं आया। इन फिल्मों ने अपने कंटेट से पूरी दुनिया में भारतीय सिनेमा को अलग पहचान भी दिलाई। ये फिल्में थीं - अंधाधुन, स्त्री और तंबड़। इन फिल्मों का लास्ट सीन सस्पेंस से भरा हुआ था। लास्ट सीन में इतने परतें थी कि दर्शकों सोचने को मजबूर हुए। थिएटर्स से बाहर आने के बाद लास्ट सीन की अपने-अपने ढंग से व्याख्या की। फिल्म के लास्ट सीन ने कई सवाल छोड़े थे। क्या आकाश अंधा है, क्या सच में उसे कुछ नहीं दिख रह, क्या वो अंधा होने का नाटक कर रहा है, कुछ ऐसे सवाल थे, जिनको लेकर दर्शकों के बीच बहस छिड़ रही।*

### अंधाधुन

सबसे पहले बात करते हैं 5 अक्टूबर 2018 में आई अंधाधुन फिल्म की। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में दिखाई गई स्टोरी दर्शकों की सोच से एक कदम आगे की थी। फिल्म एक ब्लाइंड पियानो प्लेयर आकाश की कहानी को दिखाती है जो अनजाने में एक मर्डर का गवाह बन जाता है। चालाक पत्नी सिमी और उसका पुलिस इंस्पेक्टर प्रेमी मर्डर करते हैं। फिल्म के लास्ट सीन में आकाश यूरोप के एक शहर में बैठा होता है। उसके साथ उसकी प्रेमिका बैठी होती है, जिसे वह कहानी का लास्ट सीन बता रहा होता है। वह खुद को बेचारा साबित करने की कोशिश करता है और सिमी को विलेन बताता है। लेकिन, दिलचस्प बात यह है कि आकाश फिल्म खत्म होने से ठीक पहले रोड पर पड़ी स्टिक से कैन को दूर हटा देता है। इससे साबित होता है कि वो ब्लाइंड नहीं है। फिल्म के डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने ऐसी एंडिंग रखी थी कि फिल्म खत्म हो जाने के बाद दर्शक सोचने को मजबूर हुए कि आखिर हुआ क्या था. फिल्म में एक डायलॉग भी था कि 'कुछ चीजें अधूरी होकर भी पूरी लगती हैं।' फिल्म अधूरी होते हुए भी पूरी लगती है। श्रीराम राघवन को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों का मास्टर कहा जाता है। उन्होंने 2004 में एक हसीना से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था।

**स्त्री** : 31 अगस्त 2018 में ही एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री आई थी। फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपरिक्षित खुराना और अभिषेक बनर्जी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म का डायरेक्शन अमर कौशिक ने किया था। फिल्म में गांव की एक ऐसी कहानी को सामने रखा गया था, जिसमें एक चुड़ैल गांव के मर्दों के पीछे पड़ जाती है। जो भी मर्द उसकी ओर से देखता है, उसे गायब कर देती है। फिल्म में एक विकी नाम का टेलर था। चुड़ैल से विकी का प्यार भी दिखाया जाता है। फिल्म के लास्ट



में दिखाया जाता है कि श्रद्धा कपूर चुड़ैल की चोटी निकालकर अपने बालों में जोड़ लेती है। फिर बस से गायब हो जाती है। फिल्म के इस लास्ट सीन ने दर्शकों का दिमाग घुमाकर रख दिया था। यह सीन दर्शकों को समझ नहीं आया था। स्त्री फिल्म की कहानी एक सच्ची घटना से प्रेरित थी। 90 के दशक में बेंगलुरु के पास ग्रामीण इलाकों में प्रचलित थी। लोग बताते थे कि एक महिला रात में गलियों में अपने पति को खोजते हुए घूमती है। घर से मर्दों को उठाकर अपने साथ ले जाती है।

### तुम्बाड़

2018 में ही एक और सस्पेंस थ्रिलर फिल्म सिनेमाघरों में आई थी जिसे मास्टरपीस माना जाता है। यह फिल्म थी तुम्बाड़। यह फिल्म पौराणिक कथाओं पर आधारित थी। पूर्ति की देवी और हस्तर की कहानी को सामने रखा गया था। हस्तर इंसान के लालच का फायदा उठाकर उसका शिकार करता था। फिल्म में विनायक राव नाम का एक कैरेक्टर है जो तुम्बाड़ गांव में किले के नीच खुदाई करता है। वह अपने बेटे को भी अपने साथ ले जाता है। फिल्म के लास्ट सीन में देखने को मिलता है कि विनायक का बेटा उससे भी ज्यादा लालची निकलता है। वो आटे की गुड़िया लेकर आता है ताकि ज्यादा से ज्यादा खजाना निकाल सके। कहनी में शॉकिंग ट्विस्ट तब आता है जब आटे की हर गुड़िया से एक हस्तर जन्म लेता है। ऐसे में विनायक आटे की बची हुई गुड़िया खुद से बांधकर रस्सी के सहारे वहां से भागने की कोशिश करता है। सारे हस्तर उसकी ओर बढ़ते हैं। अपने बेटे की जान बचाने के लिए विनायक खुद को हस्तर के श्राप में फंसा देता है। उसका पूरा शरीर जल जाता है। विनायक हस्तर से पोटली चुराकर अपने बेटे की ओर फेंकता है लेकिन उसका बेटा समझ जाता है कि लालच बुरी बला है। वो विनायक को जलाकर श्राप से मुक्ति देता है। लालच का मोह त्याग देता है।

## फेडरेशन कार्यालय में डीजीएफटी संयुक्त निदेशक अखिलेश शर्मा का निर्यातकों के साथ संवाद

# डीजीएफटी ने कहा-भोपाल का कार्यालय बंद नहीं हो रहा है, यह केवल अफवाह

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

डीजीएफटी भोपाल का कार्यालय बंद नहीं हो रहा है, यह मात्र अफवाह है। कार्यालय पूरी क्षमता और तत्परता से निर्यातकों की सेवा में संलग्न है और किसी भी समस्या के समाधान तथा सहयोग प्रदान करने के लिए प्रत्येक कर्मचारी पूरी तरह सजग है। यह बात फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) के कार्यालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक, डीजीएफटी मध्यप्रदेश, अखिलेश शर्मा ने कही। उन्होंने निर्यातकों से कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में नए मार्केट खोजने के लिए यदि कहीं भी विभाग की आवश्यकता हो, तो वे निःसंकोच सीधे संपर्क करें। शर्मा ने यह भी बताया कि डीजीएफटी के पास अपना एक छोटा बजट है, जिसके अंतर्गत निर्यातकों को विदेशी एग्जिबिशन और एक्सपो में भाग लेने के लिए सहयोग दिया जा सकता है। गौरतलब है कि एफएमपीसीसीआई के कार्यालय में संयुक्त निदेशक, डीजीएफटी मध्यप्रदेश, अखिलेश शर्मा का स्वागत एवं संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अखिलेश शर्मा, संयुक्त निदेशक, डीजीएफटी एवं हेमा नेगी, उप संचालक, डीजीएफटी का स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया।




### भारत ने विश्व के 11 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किए

*उन्होंने जानकारी दी कि भारत ने विश्व के 11 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किए हैं, जिनका लाभ प्रदेश के निर्यातकों को उठाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि फेडरेशन उद्योगों और सरकार के बीच समन्वय का एक मजबूत मंच है, और उद्योगों को इस मंच का सदस्य बनकर सूचना एवं डाटा के आदान-प्रदान से आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त करने चाहिए।*

### निर्यातकों को यह भरोसा मिला कि कार्यालय पूर्ण रूप से सक्रिय है : दीपक

*फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अखिलेश शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से निर्यातकों को यह भरोसा मिला है कि भोपाल कार्यालय पूर्ण रूप से सक्रिय और कार्यरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डीजीएफटी की भूमिका उद्योगों को सटीक जानकारी एवं डाटा उपलब्ध कराने में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।*

### लाइव डेटा उचित दरों पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि लाभ मिलें : डॉ. गोस्वामी

*फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राधा शरण गोस्वामी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मा, इंजीनियरिंग, फूड और हैंडीक्राफ्ट राज्य के प्रमुख निर्यात क्षेत्र हैं। उन्होंने डीजीएफटी से आग्रह किया कि लाइव डेटा उचित दरों पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि छोटे निर्यातकों को भी उसका लाभ मिल सके। डॉ.गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान समय में अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सबसे संभावनाशील आयातक बाजार हैं और वहां की भुगतान प्रणाली भी मजबूत और विश्वसनीय है। उन्होंने विभाग से अनुरोध किया कि इन देशों के आयातकों और उनकी मांग से संबंधित जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए।*

### मप्र के यह उद्योगपति एवं निर्यातक रहे मौजूद

*कार्यक्रम में एचईजी से अरुण पारेख, परमाली वालेस के निदेशक मिहिर मर्चेंट, पराग पॉलीप्लास्ट से सीबी मालपानी, अशोक पटेल, नोबल कोरुगेटोर से मनोज मोदी, एलेस्को सरजीफार्मा से इशिका मोदी, किलपेस्ट से शिरीष आनंद कोष्टी, एमपी विंनियर से पीए जोसफ, मेकसन ग्रुप से श्रीराम सोजतिया, फेडरेशन के सचिव प्रवीण आचार्य सहित अनेक निर्यातक उपस्थित रहे।*


## हिंडनबर्ग रिसर्च ने सिर्फ हमें नहीं पूरे भारत को निशाना बनाया

# गौतम अडाणी ने लिखा शेयरधारकों को पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंडनबर्ग रिसर्च ने सिर्फ अडाणी समूह को ही नहीं, बल्कि पूरे भारत को निशाना बनाया है। अडाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने बुधवार को कंपनी के शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में यह बात कही है। अडाणी ने पत्र में अपने समूह को सेबी से मिली राहत की भी सराहना की।

बंदरगाहों से लेकर बिजली तक कारोबार करने वाले इस अरबपति समूह के संस्थापक ने बुधवार को शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहाकि यह रिपोर्ट सिर्फ अडाणी समूह की आलोचना नहीं थी। यह वैश्विक स्तर पर सपने देखने के भारतीय उद्यमों के साहस को सीधी चुनौती थी। अडाणी ने कहाकि समूह के लिए यह



एक ऐसे परीक्षण की शुरुआत थी जिसने हमारी लचीलेपन के हर आयाम को प्रभावित किया।

इसने हमारे शासन, हमारे उद्देश्य और यहां तक कि इस विचार पर भी सवाल उठाया कि भारतीय कंपनियां पैमाने और महत्वाकांक्षा के मामले में दुनिया का नेतृत्व करने का साहस कर सकती हैं। गौतम अडाणी ने पत्र में आगे कहाकि सेबी के स्पष्ट और अंतिम वचन के साथ, सत्य की जीत हुई है, या जैसा कि हम हमेशा कहते आए हैं, 'सत्यमेव जयते' (सत्य की ही जीत होगी)। जिसका उद्देश्य हमें कमजोर करना था, उसने हमारी नींव को और मजबूत कर दिया है। जानकारी के अनुसार इन मामलों में अडाणीएंटरप्राइजेज लिमिटेड, अडाणीपोर्ट्स लिमिटेड, अडाणी एनर्जी लिमिटेड और अडाणी पावर लिमिटेड की ओर से कुछ शेयरधारकों को गलत तरीके से सार्वजनिक शेयरधारकों के रूप में वर्गीकृत करने के आरोप शामिल थे। अडाणी समूह की इन कंपनियों ने अपने नवीनतम वित्तीय विवरणों में बताया था कि सेबी गलत वर्गीकरण के आरोपों की जांच कर रहा है।

# अब वोटर लिस्ट से नाम हटाना आसान नहीं

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाने की मांग के प्रावधान का दुरुपयोग रोकने के लिए एक ई-सत्यापन प्रक्रिया शुरू की है। मतदाता सूची से नाम हटाने की मांग करने या नाम शामिल करने पर आपत्ति दर्ज कराने वालों को उनके पंजीकृत मोबाइल फोन पर एक बार इस्तेमाल होने वाला पासवर्ड (ओटीपी) मिलेगा। एक अधिकारी ने बताया, ऐसे मामले हो सकते हैं जिसमें नाम हटाने की मांग करने वाला व्यक्ति ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराते समय किसी और का नाम या फ़ोन नंबर दे दे। यह अतिरिक्त सुविधा इस प्रकार का दुरुपयोग रोकेगी। यह सुविधा एक सप्ताह पहले शुरू की गई थी और निर्वाचन अधिकारियों ने कहा था कि यह कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में नामों को हटाने के गलत प्रयासों की प्रतिक्रिया नहीं है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया की वेबसाइट पर 6 से शुरू होगी प्री-बुकिंग

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया एक लीजेंड, ऑक्टेविया आरएस की वापसी के साथ कार के शौकीनों में ड्राइविंग का जुनून फिर से जगाने के लिए तैयार है। ब्रैंड न्यू ऑक्टेविया आरएस की प्री-बुकिंग 6 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगी, जो स्कोडा ऑटो की सबसे आइकॉनिक परफॉर्मेंस सेडान की वापसी का प्रतीक है। यह ग्लोबल आइकॉन भारत में सीमित मात्रा में फुल-बिल्ट यूनिट (एफबीयू) के रूप में उपलब्ध होगी। इस लॉन्च के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स, बोल्ड डिज़ाइन और बेजोड़ आरएस स्पिरिट चाहने वालों के लिए बनाई गई एक असली परफॉर्मेंस मशीन की पेशकश का वादा करता है। ऑक्टेविया आरएस की वापसी पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, इस साल की शुरुआत में, हमने वादा किया था कि एक ग्लोबल आइकॉन भारत में वापसी करेगा। आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने ऑक्टेविया आरएस के साथ उस वादे को पूरा किया है। यह बैज एक बेजोड़ विरासत को समेटे हुए है, जिसका जुनून दो दशकों से भी ज्यादा समय से दुनिया भर के जोशीले लोगों में कायम रहा है। भारत में बिल्कुल नई ऑक्टेविया आरएस का यह लॉन्च सिर्फ एक कार की वापसी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जज़्बे की वापसी है। यह एक ऐसा लीजेंड है, जो परफॉर्मेंस, उम्मीदों और ड्राइविंग के सच्चे जज्बे की निशानी है।

# एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

## कैश प्राइज और 90 प्रतिशत तक एलन स्कॉलरशिप पाने का मौका

**कोटा।** देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देश भर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए 5 अक्टूबर को हो रही इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर को देश के चंडीगढ़, दिल्ली एनसीआर, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्धाख, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान एवं उत्तराखंड राज्यों में आयोजित होगी। टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रैक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। श्री अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरूआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में परीक्षा होगी। स्टूडेंट्स को



नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लास रूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। हर स्टूडेंट को अलग से कॉम्पिटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी किया जाएगा। विद्यार्थी को **www.tallentex.com** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर या नजदीकी एलन सेंटर पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने पहली ई-रूपी पी2पी गिफ्टिंग सुविधा शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने बॉब इ पे यूपीआई ऐप पर इ रुपी पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) डिजिटल गिफ्टिंग सुविधा का शुभारंभ किया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) के इ-रुपी प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित, यह बैंकिंग जगत की पहली ऐसी पेशकश है जो ग्राहकों को परिवार, दोस्तों या अन्य लाभार्थियों को व्यक्तिगत, उद्देश्य-विशेष, प्रीपेड डिजिटल वाउचर उपहार देने में सक्षम बनाएगा।

जिससे यूपीआई भुगतान और अधिक उपयोगी और बहु-आयामी होगा जो ग्राहक जुड़ाव में वृद्धि करेगा। यह सुविधा सभी यूपीआई प्लेटफॉर्मों पर इंटर-ऑपरेबल है। ई रुपी पी2पी डिजिटल वाउचर एक सरल, सुरक्षित और कैशलेस भुगतान समाधान है जिसका उपयोग विभिन्न श्रेणियों की वस्तुओं या सेवाओं के लिए किया जा सकता है।

शुरुआत में 'फूड' श्रेणी के लिए इसका आरंभ किया गया था, जिसमें समय-समय पर अधिक उपयोग के अनुसार श्रेणियां जोड़ी जा रही हैं, इन वाउचर को यूपीआई-भुगतान स्वीकार करने वाले मर्चेंट्स पर आसानी से भुनाया जा सकता है। ग्राहक से 10 हजार रुपए तक के वाउचर जारी कर सकते हैं। संजय मुदालियर, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अभिनव, ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ बना रहा है।

# राशन दुकानों में भेजा फफूंद वाला चावल, जांच के बाद वापस मंगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

राशन दुकानों में फफूंद वाला चावल सप्लाई होने के बाद आनन-फानन में नागरिक आपूर्ति निगम इसे वापस मंगाया है। बताया जा रहा है कि हितग्राहियों ने खराब चावल लेने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद विभाग में बवाल मच गया। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले नागरिक आपूर्ति निगम के वेयर हाउस से लगभग 500 क्विंटल से अधिक मात्रा में चावल राशन दुकानों में भंडारण किया गया था। राशन दुकानों से उपभोक्ताओं को जब चावल दिया जा रहा था, तो कार्ड धारी इसे लेने से साफ इंकार कर दिया। राशन दुकानदारों ने इसकी शिकायत खाद्य विभाग से की। खाद्य विभाग आनन-फानन में गड़बड़ी की जांच करने के बाद फफूंद लगा चावल होने की पुष्टि हुई। गड़बड़ी की जानकारी के बाद नागरिक आपूर्ति निगम हरकत में आया और जहां-जहां चावंल भेजा गया था, वापस लाने की कारवाई की जा रही है। नागरिक आपूर्ति निगम राइस मिलर्स से चावल का लॉट अपने गोदाम ने स्टॉक करने के पहले इसकी सूक्ष्मता से जांच करता है। जांच की जवाबदारी क्वालिटी निरीक्षक की होती है वेयर हाउस में चांवल अच्छे क्वालिटी की जांच उपरांत ही राशन दुकानों को भेजा जाता है। दो दिन पहले वेयर हाउस से शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानों में सप्लाई के लिए चावल परिवहन किया गया। जिसमें कुछ राशन दुकानों में फफूंद लगा चावल की शिकायत राशन दुकानदारों ने खाद्य विभाग को की।

**खाद्य विभाग के निरीक्षण की रिपोर्ट कलेक्टर तक पहुंचने से मामला सामने आया**



## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| वृष | व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती |
| मिथुन | आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी। |
| सिंह | आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। |
| कन्या | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। |
| तुला | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। |
| वृश्चिक | आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय |
| धनु | आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। |
| मकर | माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं। |
| कुंभ | अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा। |
| मीन | शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा। |

# नवा रायपुर में हेल्थ, होटल और पर्यटन में होगा तीन हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ अब केवल कोर सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में यह वेलनेस, हेल्थकेयर और पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को ओमाया गार्डन में आयोजित छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट कार्यक्रम में कहा, यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने अर्थव्यवस्था को सरलता, पारदर्शिता और तेजी की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस सुधार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा,विकसित भारत के विज़न के साथ कदमताल करते हुए प्रदेश सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में हेल्थ और पर्यटन के क्षेत्र में तीन हजार करोड़ से ज्यादा



के निवेश घोषित हुए।सीएम ने बताया कि लक्ष्य को साकार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में 350 से अधिक सुधार लागू किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, अब हम इज ऑफ डूइंग बिज़नेस से आगे बढ़कर स्पीड आफ डूइंग बिज़नेस के युग में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने कहा, नई औद्योगिक नीति छत्तीसगढ़ की प्रगति की आधारशिला है। इसी नीति ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है और यही कारण है कि मात्र एक वर्ष के भीतर प्रदेश को लगभग साढ़े 7 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों से लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और सेवा क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सिंगल विंडो 'वन क्लिक' सिस्टम लागू है, जिसके कारण किसी भी उद्यमी को एनओसी के लिए भटकना नहीं पड़ता। मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है और इससे निवेशकों को विशेष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि होटल, रिसॉर्ट, होम स्टे और मनोरंजन उद्योग से जुड़े उद्यमी प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और प्रकृति का लाभ उठाकर पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएं।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

### शब्द पहेली - 6000



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5999 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

### सूडोकू नवताल - 6010

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6009 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |



बच्चो, दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। इस दिन श्रीराम ने अत्याचारी रावण का अंत किया था। दशहरे पर लोग बुराइयों के प्रतीक रावण का पुतला जलाकर अच्छाइयों के प्रतीक श्रीराम की विजय का उत्सव मनाते हैं, संकल्प लेते हैं कि वे अपने भीतर की बुराइयों का अंत करके सद्गुणों को अपनाएंगे।

# दशहरा
## अच्छाइयों की जीत का संकल्प

पर्व संदेश
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हमारे त्योहार जीवन को संवारने वाली कोई ना कोई सीख देते हैं। दशहरे का पर्व हमें हर तरह की बुराई से बचने की शिक्षा देता है। बच्चो, यह त्योहार भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय पाने की याद में एक उत्सव की तरह मनाया जाता है। दशहरे का पर्व हमें अपने भीतर बैठी बुराइयों को त्यागने का संदेश देता है। बुराई पर अच्छाई की जीत का पाठ पढ़ाता है दशहरा।



**मन में बैठी बुराइयों को निकालो:** बच्चो, मन में बैठी बुराई का रंग-रूप किसी डरावने राक्षस जैसा नहीं होता। हमारे भीतर रहने वाली कोई भी बुराई, सिर पर सींग या भयभीत करने वाले अट्टहास के साथ हमारे आस-पास घूमते किसी दानव जैसी नहीं होती। मन में बसने वाली बुराइयां असल में हमारी सोच की नकारात्मक दिशा होती है, जिससे न सिर्फ सब कुछ नकारात्मक लगने लगता है बल्कि हम खुद भी गलत सोच के जाल में फंस जाते हैं। बुरा सोचने लगते हैं। बुरा बोलने लगते हैं। जैसे दूसरों का अपमान करना, किसी के साथ ऊंच-नीच का व्यवहार करना और अपने सहपाठी, मित्र, रिश्तेदारों या आस-पड़ोस के लोगों को छोटा समझना। अपने मित्रों की अच्छी बातों को लेकर ईर्ष्या करना या खुद को खास समझने का ईगो पाल लेना। देखने में तो ये बुराइयां बहुत छोटी लगती हैं, लेकिन ये हमारा पूरा व्यक्तित्व दिशाहीन कर देती हैं। बच्चो, बहुत साधारण सी लगने वाली मन में बैठी बुराइयां हमारी सहजता छीन लेती हैं। किसी से निःस्वार्थ दोस्ती करने और साथ देने के भाव को खत्म कर स्वार्थी बना देती हैं। ऐसे में मन की इन बुराइयों को दूर करना, अपने जीवन को संवारने की सकारात्मक समझ देता है।

**नकारात्मक व्यवहार से बचो:** दशहरे का त्योहार अपने व्यवहार में जगह बना लेने वाली बुराइयों को पहचानने और उनमें सुधार करने का भी संदेश देता है। यह त्योहार भगवान श्रीराम के विनम्र और मर्यादित व्यवहार की जीत का भी उत्सव है। रावण के व्यवहार में बसे अहंकार की हार के माध्यम से हमारे लिए अपने व्यवहार को परखने का संदेश लेकर आता है। विनम्र व्यवहार व्यक्ति को समानता के भाव से जोड़ता है। प्रभु श्रीराम ने स्वयं एक वीर योद्धा होकर भी बिना किसी भेदभाव के वानरों को अपनी सेना में शामिल किया। यह बात सिखाती है कि जीवन में किसी की भी अहमियत कम नहीं है। दूसरों को कमतर मानने का व्यवहार नहीं अपनाना चाहिए। साथ ही दोस्ती की ताकत को भी कभी कम नहीं आंकना चाहिए। बच्चो, प्रभु श्रीराम का व्यवहार हमें बड़ों का सम्मान करना भी सिखाता है। अपने गुरुजनों को मान देने, शांति से अपना काम करने और कठिन वक्त में धैर्य रखने का व्यवहार भी उनसे सीखा जा सकता है।



**दूर करो जीवनशैली की बुराइयां:** बच्चो, बहुत सी बुराइयां मन में ही नहीं, हमारे जीवन में भी आ धमकती हैं। आलस, गुस्सा, गलत फूड हैबिट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत। ये सब भी बुराइयां ही तो हैं। समझना यह है कि शारीरिक रोग हों या मानसिक भटकाव, बहुत सी परेशानियां हमारी गलत जीवनशैली की वजह से ही पैदा होती हैं। इसीलिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना चाहिए। तुम भी मन के मोटिवेशन वाले हथियार से जीवनशैली की इन बुराइयों से लड़ने और उसे हराने की ठानो। सही रुटीन बनाकर अपनी गलत आदतों को सुधारने के रास्ते पर चल पड़ो। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर गलत आदतों से दूर रहने का दृढ़ संकल्प लो।

**प्यार और सद्गुणों के अस्त्र-शस्त्र थामो:** दशहरे के पर्व को विजयादशमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा और भगवान श्रीराम के पूजन के साथ ही शस्त्र पूजा की भी परंपरा है। अब समय बदल गया है, लेकिन शस्त्र पूजन का रिवाज निभाया जाता है। प्यारे बच्चो, जीवन के संघर्ष में तुम भी प्यार और सद्गुणों के अस्त्र-शस्त्र थामे रहो। याद रखो, स्नेह और सम्मान से सबका दिल जीता जा सकता है। अच्छे गुण जिंदगी के हर फ्रंट पर विजय दिलाते हैं। जैसे प्रभु श्रीराम ने पूरी योजना बनाकर युद्ध लड़ा और जीता, वैसे ही आलस छोड़कर एक योजना के साथ पढ़ाई करके परीक्षा में अच्छे अंक पाए जा सकते हैं। खेल की ट्रॉफी अपने नाम की जा सकती है। कुछ नया सीखा जा सकता है। बच्चो, भगवान राम के समान ही विनम्रता, दयालुता, मित्रता और निश्छलता जैसे सद्गुण अपनाने से तुम्हें मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में भी जीत ही मिलेगी। चुनौती चाहे जैसी हो, प्यार और अच्छे गुणों के अस्त्र-शस्त्र सदा विजयी ही बनाते हैं। *

### याद रखो बापू की भी सीख




बच्चो, इस बार दशहरा 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती के दिन पड़ रहा है। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सद्भावना को हर बुराई से लड़ने का अस्त्र बनाया। उन्होंने जीवन की बेहतरी के लिए अनुशासित दिनचर्या को भी बहुत जरूरी बताया। उनका मानना था कि अच्छी और सधी लाइफस्टाइल अपने लिए ही नहीं अपने देश की उन्नति के लिए भी आवश्यक है। बापू हमेशा सब बोलने और दूसरों को बदलने के बजाय अपने आप में बदलाव लाने के समर्थक थे। उनका कहना था कि भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं। प्यारे बच्चो, दशहरे के इस पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से मिली हर सीख को मन से अपनाने की सोचो। साथ ही महात्मा गांधी को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए उनके भी विचारों को फॉलो कर अच्छी और सच्ची बातों को जिंदगी में उतारने का प्रयास करो।

# महात्मा गांधी ने किया था कई आंदोलनों का नेतृत्व

हमारे देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह को ब्रिटिश राज के विरुद्ध संघर्ष में अपना हथियार बनाया। बच्चो, देश की आजादी के लिए गांधी जी के नेतृत्व में हुए कुछ प्रमुख आंदोलनों के बारे में जानो।

जानकारी
हर्ष रमेश



बच्चो, महात्मा गांधी ने देश की आजादी में अपना तन-मन पूरी तरह न्योछावर कर दिया था। ब्रिटिश राज के दौरान उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा लागू गए कई अन्यायपूर्ण और दमनकारी कानून खत्म करवाए। साथ ही उन्होंने देश की आजादी के लिए हुए कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया, जो देश की आजादी की राह में महत्वपूर्ण कदम थे।

**चंपारण सत्याग्रह:** महात्मा गांधी ने 1917 में बिहार के चंपारण में सत्याग्रह शुरू किया था। उस समय चंपारण में किसानों को अपनी जमीन के एक हिस्से में नील की खेती करना अंग्रेजों ने अनिवार्य बना दिया था। इससे जमीन की उर्वरता कम हो जाती थी। खेती/पैदावार कम होने पर भी किसानों पर तरह-तरह के टैक्स लगा दिए जाते थे। गांधी जी ने अपने इस आंदोलन के जरिए नील की खेती करने वाले किसानों को अंग्रेजों के शोषण से मुक्त करवाया। यह भारत में उनका पहला नागरिक अवज्ञा आंदोलन था।



**असहयोग आंदोलन:** गांधी जी द्वारा 1920 में शुरू किया गया असहयोग आंदोलन, देशव्यापी स्तर पर पहला जन आंदोलन था। इसमें समाज के हर वर्ग ने हिस्सा लिया था। इस आंदोलन में गांधीजी ने लोगों से सरकार के किसी भी काम में शांतिपूर्ण तरीके से असहयोग करने का आह्वान किया था। इस आंदोलन में ब्रिटिश वस्तुओं, सेवाओं और संस्थानों का शांतिपूर्ण ढंग से बहिष्कार किया गया। असहयोग आंदोलन के जरिए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा मिली।

**नमक सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा आंदोलन:** अंग्रेजों ने नमक पर टैक्स लगाने वाला कानून बना दिया था। इसके कारण नमक काफी महंगा हो गया था। नमक पर टैक्स गरीबों के साथ अन्याय था। 1930 ई. में गांधीजी ने इस टैक्स के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। उन्होंने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से समुद्रतटीय गांव दांडी तक पैदल मार्च किया। इसे दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है। दांडी पहुंचकर उन्होंने नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून तोड़ने का आह्वान किया। इसके साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत हुई, जिसमें बिना किसी हिंसा या उग्रता के अंग्रेजी सरकार एवं उसकी नीतियों का विरोध किया गया।

**भारत छोड़ो आंदोलन:** 8 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई। देश की आजादी के लिए हुए इस महत्वपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व भी महात्मा गांधी ने ही किया था। आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत को पूरी तरह समाप्त करना था। इस आंदोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इसी आंदोलन के दौरान गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। इस आंदोलन के बाद अंग्रेजों को इस बात का अहसास हो गया कि अब भारत को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता।

इन आंदोलनों के अतिरिक्त अहमदाबाद मिल हड़ताल, खेड़ा आंदोलन जैसे कई आंदोलनों का नेतृत्व भी महात्मा गांधी ने किया था। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पर्व दशहरा



रावण था विद्वान बहुत,
धनवान बहुत, बलवान बहुत,
लेकिन उसमें एक कमी थी,
वह स्वभाव से क्रूर था।
थी उसकी सोने की लंका,
नाम का उसके बजता डंका,
निज ताकत को लेकर उसमें,
अहंकार भरपूर था।
दंभ से वह इतना भर आया,
छल से सीता को हर लाया,
दुष्ट दशानन आखिर अपनी,
आदत से मजबूर था।
गलत नतीजा, गलत काम का,
पर्व दशहरा इसी नाम का,
सत्य की ताकत के आगे,
बल-छल चकनाचूर था।

## हंसगुल्ले




**चिंटू :** फाइव के बाद क्या आता है?
**मिंटू :** जीरो।
**चिंटू :** अरे! ऐसा कहां आता है?
**मिंटू :** फैन के रेग्युलेटर में।
-सान्या, रायपुर

**डॉक्टर :** मैंने तुम्हें जो दवाई दी थी, उससे तुम्हें फायदा हुआ?
**मोनू :** नहीं डॉक्टर अंकल, मैंने दवाई ली ही नहीं।
**डॉक्टर :** क्यों?
**मोनू :** क्योंकि दवा की शीशी पर लिखा था, इसे हमेशा बंद रखें। इसलिए मैंने शीशी खोली ही नहीं।
-जयेश, रोहतक

**मोनू :** यार, ये गूगल किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा ऐसे गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आने वाले हैं।
-प्रियांश, बिलासपुर

**टीचर :** खरगोश और कछुए की कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
**रिया :** सर, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।
-अंकेश, भोपाल

## जीके क्विज-172



1. हाल ही में किस फिल्म अभिनेता को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
2. साल 2025 का यूएस ओपन टेनिस एकल खिताब किसने जीता?
3. अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस कब मनाया जाता है?
4. गांधीजी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
5. गांधीजी को 'महात्मा' की उपाधि किसने दी थी?
6. गांधी जी के नेतृत्व में भारत में पहला आंदोलन कौन-सा हुआ था?
7. महात्मा गांधी ने किस आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का नारा दिया था?
8. गांधीजी ने भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष आरंभ किया था?
9. ब्रिटिश काल में प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'यंग इंडिया' के संपादक कौन थे?
10. 'जय जवान जय किसान' का नारा किसने दिया था?

**बच्चों, जीके क्विज-172 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-171 का उत्तर :** 1 चीन, 2.सेबेस्टियन लेकोर्नु, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.केरल, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.पामीर का पठार, 7.विटामिन बी और विटामिन सी, 8.केराटिन, 9.जोधपुर, 10.मत्स्य पालन

**जीके क्विज-171 का सही उत्तर देने वाले :** अरुण-भिलाई, लोकेश-मटियारी, हर्षित-रायपुर, दीपक-महासमुंद, कोमल-बिलासपुर, राहुल-ईमेल से, कबीर-हिसार, भावेश-ईमेल से, रितेश-दुर्ग, सुमित-रोहतक, अंकिता-बलौदा बाजार



कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

इस बार गांधी जयंती-विजयादशमी का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है। स्कूल में बच्चों को रामलीला से जुड़े नाटक के लिए डायलॉग स्वयं लिखने थे। हनुमान की भूमिका कर रहे ललित ने जब अपने डायलॉग बोले तो चौहान सर ने अभिनय और डायलॉग जोरदार होने के बाद भी उसकी प्रशंसा नहीं की। ऐसा उन्होंने क्यों किया?

## रिहर्सल



महाराज रावण! यह अंतिम चेतावनी है। नहीं तो मरने के लिए तैयार रहो। मैं स्वयं भी तुम्हें मृत्यु दंड देने की शक्ति रखता हूं किंतु मुझे श्रीराम की आज्ञा नहीं है।' स्कूल में 'बाल रामलीला' का रिहर्सल चल रहा था। ललित, हनुमान का रोल कर रहा था। उसने जैसे ही यह डायलॉग बोला। तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा।

देर तक 'गुड! गुड! वेरी गुड!' की आवाजें आती रहीं। ललित फूला नहीं समा रहा था। वह आगे बोलने चला, लेकिन चौहान सर ने उसे रोक दिया। लग रहा था, वे उसकी इस प्रस्तुति से संतुष्ट नहीं हैं। लेकिन क्यों...? डायलॉग तो गजब का था और उसकी डिलीवरी भी। कितने अच्छे से, पूरे हाव-भाव से उसने यह संवाद बोला था।

स्कूल के सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम चौहान सर ही देखते हैं। वह बहुत मेहनत करते हैं। हर बार नए से नए प्रयोग भी। इस बार तो गांधी जयंती और विजयादशमी का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए यह बात भी उठी कि गांधी जयंती मनाई भी जाएगी या नहीं? लेकिन प्रिंसिपल सर ने असेंबली में स्पष्ट कर दिया था कि गांधी जयंती तो अवश्य मनाई जाएगी। और हां, इस बार बच्चों के द्वारा रामलीला से जुड़ा कोई छोटा-सा नाटक भी होना चाहिए।

चौहान सर 'लंका दहन' के प्रसंग पर नाटक तैयार करा रहे थे। बच्चों को नाटक की कहानी सुनाई और समझाई। रोल सौंप दिए। एक शर्त रखी कि इस बार संवाद बच्चे खुद लिखकर लाएंगे। कोई नकल नहीं की जाएगी।

सूरज लंबा-तड़ंगा था। वह रावण के रोल में फब रहा था, लेकिन उसके डायलॉग बिल्कुल अच्छे नहीं थे। वैसे उसने सर को बता दिया था, 'मैंने बहुत कोशिश की, लेकिन डायलॉग नहीं बना पाया।' सर उसके सच बोलने से बहुत खुश हुए। हंसते हुए बोले भी, 'मैंने नाहक ही तुम्हें रावण बना दिया। तुम्हें तो गांधी जी का रोल करना चाहिए था। दरअसल, संवाद बोलना और लिखना दोनों ही एक कला है। ज्यादातर संवाद लिखता तो कोई और है, लेकिन अभिनय कोई और करता है। कम ही अभिनेता ऐसे होते हैं, जो खुद संवाद लिख पाते हैं।' सर ने यह भी कहा, 'परेशान न हो। मैं तुम्हें संवाद लिखकर दे दूंगा।' लेकिन हनुमान बने ललित के द्वारा इतने अच्छे संवाद के बाद भी चौहान सर का उसे रोक देने का कारण समझ में नहीं आया।

सर कुछ अनमने से थे। उन्होंने ललित से पूछा, 'सच-सच बताओ, यह संवाद तुमने खुद ही लिखा है?'

'जी स....र। मैं...ने ही... मैं...ने ही...।' ललित के स्वर में हकलाहट थी। माथे पर पसीने की बूंदें भी। जैसे उसकी कोई चोरी पकड़ी गई हो। सर ने फिर से पूछा, 'तुमने ही लिखा है न?' तो ललित ने धीमे से स्पष्ट किया, 'सर! थोड़ी सी मदद इंटरनेट और एआई की भी ली है।'

सर बोले, 'थोड़ी सी ...मदद नहीं, यह डायलॉग तो पूरा ही 'रामायण' सीरियल का है।'


ललित चौंककर रह गया। वास्तव में ललित ने एक बार भी नहीं सोचा था कि उसकी यह चोरी, जिसे वह होशियारी समझ रहा था, सर इतनी आसानी से पकड़ लेंगे।

चौहान सर ने समझाया, 'बेटे! यह नाटक गांधी जयंती के दिन खेला जाएगा। गांधी जी कभी झूठ नहीं बोलते थे। तुम हनुमान का रोल कर रहे हो। हनुमान जी तो बुद्धि और विवेक के निधान कहे जाते हैं। तुमने संवाद लिखने में अपनी बुद्धि का प्रयोग क्यों नहीं किया?' थोड़ा रुककर सर आगे बोले, 'एआई तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नाम है। एआई तुम्हें जो भी मैटर देगा, वह हूबहू असल जैसा कभी नहीं हो सकता। एकदम मौलिक दृष्टि तो अपनी ही बुद्धि से संभव है। तुमने इंटरनेट पर हनुमान का डायलॉग मांगा, उसने पुराना डायलॉग तुम्हारे सामने रख दिया। और तुम व्यर्थ में ही झूठे बन गए। बेटे, मैं समझता हूं कि यह तुम्हारी पहली और आखिरी गलती होगी।' चौहान सर बच्चों को देखते हुए आगे बोले, 'रावण बने सूरज का डायलॉग भले ही ज्यादा अच्छा नहीं हो पाया, लेकिन उसने सच का साथ नहीं छोड़ा। यही असली गांधी जयंती मनाना है।'

ललित यह सुनकर रो पड़ा। वह बोला, 'बस दस मिनट का समय दीजिए सर। मैं अभी खुद संवाद लिखकर दिखाऊंगा।'

सारे बच्चों की फिर से जोरदार तालियां बज उठीं। *

कविता
डॉ. करुणा पांडेय




## बापू

बापू तुम महान हो।
इस देश की शान हो।
तुमने देश का मान बढ़ाया,
आजादी का बिगुल बजाया,
सत्य धर्म का मार्ग दिखाया।
राज धर्म का मर्म बताया
तुम हमारी आन हो,
बापू तुम महान हो।
खादी को तुम खुद बुनते थे
पैदल ही यात्रा करते थे,
तेरी इक हुंकार पे बापू
सब जन पीछे चल पड़ते थे
तुम सुरों की तान हो,
बापू तुम महान हो।
इस जग में तुम जैसा बापू,
अब तक हमको नहीं मिला,
अपना सारा जीवन तुमने,
वतन की खातिर लुटा दिया।
निज वतन का मान हो
बापू तुम महान हो।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दशहरे के अवसर पर होने वाले रावण वध से संबंधित दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बीच में रावण के माथे पर तिलक नहीं लगा है। 2.रावण के दस के बजाय नौ सिर हैं। 3.राम बनकर रावण वध कर रहे लड़के की दोनों आंखें खुली हुई हैं। 4.बीच में खड़े लड़के के कुर्ते पर सिलवटें नहीं है। 5.दाहिनी तरफ खड़ी लड़की की ड्रेस का कलर ब्लू है।

रोचक-ज्ञानवर्धक किताब / सुरेंद्र विक्रम

## सूरज का बिल आ जाए तो !



बच्चो, तुम्हारे घर में पंखा, टीवी, फ्रिज, ट्यूब लाइट जैसे कई ऐसे उपकरण होंगे, जो बिजली से चलते हैं। तुमने देखा होगा इन उपकरणों से जितनी बिजली खर्च होती है, उसका बिल हर महीने आता है, जिसका पेमेंट पापा करते हैं। लेकिन सोचो अगर, हर रोज इतनी रोशनी और ऊर्जा हम सभी को देने वाला सूरज अपना बिल भेज दे तो क्या होगा! किताब 'सूरज का बिल' में यही कहानी रोचक तरीके से पेश की गई है। मजा तो तब आता है, जब सूरज, धरती पर रहने वाले इंसानों और चंद्रमा से बिल वसूलना चाहता है, उसी समय सूरज के चारों ओर परिक्रमा करने वाले ग्रह, नक्षत्र सूरज को अपना बिल देने की योजना बनाने लगते हैं। इस रोचक कहानी के अंत में क्या होता है? क्या वास्तव में सूरज का बिल धरती वालों को देना पड़ता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी पड़ेगी। अच्छी बात है कि रोचकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी इस कहानी में दिया गया है। *

**पुस्तक:** सूरज का बिल, **लेखक:** गोविंद शर्मा, **चित्रांकन:** धीरज सोमबासी, **मूल्य:** 60 रुपए, **प्रकाशक:** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

# सैमसन की असफलता चिंता का सबब, भारत के पास जितेश को आजमाने का आखिरी मौका


एजेंसी ▶▶| दुबई

मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया, जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### टूर्नामेंट में छूटे दस कैच

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा,' इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाए जा सकते।' वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का बचाव किया क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है। चक्रवर्ती ने कहा,' वैसे 'रिंग आफ फायर' (फ्लडलाइट डिजाइन) से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है। हमें इसकी आदत डालनी होगी।'

### श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 का आखिरी मुकाबला आज



### टीम में क्या कर रहे हैं सैमसन

बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं। चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं लेकिन मध्यक्रम में बायां-दायां संयोजन रखने के लिए यह सही नहीं था। हार्दिक पंड्या को उनसे पहले बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया। फील्डिंग कोच रियान टेन डोइशे ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले कहा था,' संजू अभी देख रहा है कि पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कैसे करनी है।' ऐसी भी संभावना है कि सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ औपचारिकता के मैच में तीसरे नंबर पर उतारा जाए। समझा जाता है कि शीर्षक्रम के बल्लेबाज के तौर पर सैमसन के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें बाहर नहीं किया जा रहा लेकिन इस प्रारुप में हर खिलाड़ी की अपनी भूमिका है।



### फिनिशर भी है जितेश

जितेश शर्मा मध्यक्रम के बल्लेबाज होने के साथ फिनिशर भी हैं। जितेश ने आईपीएल में पांचवें नंबर पर 18 पारियों में 374 रन बनाए जबकि छठे नंबर पर 15 पारियों में 384 रन जोड़े। सातवें नंबर पर उन्होंने सात पारियों में 178 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ मैच में जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया जा सकता है अगर वह इसके इच्छुक हैं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## खबर संक्षेप



### हॉकी : आज से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज

**कैनबरा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी । पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जाएंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे।

### 23 नवंबर से राजस्थान में 'टूर डे थार' साइकिलिंग स्पर्धा



**नई दिल्ली।** राजस्थान 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा। खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा इस आयोजन में 300 किमी रिले, 200 किमी और 100 किमी की तीन अलग-अलग वर्गों में रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें 2500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस स्पर्धा को बीकानेर के नोरंगदेसर गांव से हरी झंडी दिखाई जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, 'यह रेस अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगी। यह आयोजन थार रेगिस्तान को साहस और दृढ़ता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।'

### महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया, जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरुआत की। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

## श्रृंखला 2 अक्टूबर से, जडेजा को उपकप्तान की कमान

# वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज में खेलेंगे बुमराह नायर को आराम, पडिक्कल की वापसी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करुण नायर की जगह ली। भारतीय टीम के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने संकेत दिए कि नायर और बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अब टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा नहीं हैं। ऋषभ पंत की गैर मौजूदगी में रविंद्र जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उपकप्तान बनाया गया है जबकि 25 वर्ष के कर्नाटक के खब्बू बल्लेबाज पडिक्कल और 23 वर्ष के साई सुदर्शन को भविष्य की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।



### पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं

नियमित उपकप्तान ऋषभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं है । इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था। अगरकर ने कहा,' उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला तक उपलब्ध हो जाएगा।' विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है ।

### भारतीय टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव ।

## एशिया कप में पहली बार भारत-पाकिस्तान फाइनल होगा

### पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराया

**दुबई।** शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने एशिया कप सुपर-4 के अहम मुकबाले में बांग्लादेश को 11 रन से हरा दिया। बांग्लादेश पर इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। दुबई इंटरनेशन क्रिकेट स्टेडिय में 28 सितंबर को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान का सामना भारत से होगा। एशिया कप रे इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान की टीम खिताबी भिड़ंत में एक-दूसरे के आमने सामने होगी। वहीं इस मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 8 विकेट के नुकसान पर 135 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम 9 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 124 रन ही बना पाई इस तरह दमदार गेंदबाजी के बावजूद बांग्लादेश को को हार का सामना करना पड़ा।बल्लेबाजी में निराशाजनक खेल दिखाने वाली पाकिस्तानी टीम ने गेंदबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया। खास तौर से शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ ने तो बांग्लादेशी बल्लेबाजों की कमर तोड़कर रख दी। इन दोनों बल्लेबाजों ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा सैम अयूब के खाते में भी 2 विकेट आया, जबकि मोहम्मद नवाज को भी एक विकेट मिला।एशिया कप 2025 के सुपर-4 का बेहद अहम मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए थे। मैच में पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही थी। 4 के स्कोर पर टीम ने साहिबजादा फरहान के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सईम अयूब एक बार फिर फ्लॉप रहे और बिना खाता खोले आउट हो गए। विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा। फखर जमान 13, कप्तान आगा 19 और हुसैन तलत 3 रन बनाकर आउट हो गए।पाकिस्तान 49 के स्कोर पर अपने 5 विकेट गंवा चुका था।ऐसा लग रहा था कि स्कोर मुश्किल से 100 के आसपास पहुंचेगा। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने 23 गेंद पर 31, शाहीन अफरीदी ने 13 गेंद पर 19 और पिछले मैच के हीरो मोहम्मद नवाज ने 15 गेंद पर 25 और फहीम अशरफ ने 9 गेंद पर 14 रन की पारी खेल टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट झटके। महेदी हसन ने 4 ओवर में 28 रन देकर 2 और रिशाद हुसैन ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए। मुस्तफिजुर रहमान ने 4 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट निकाला।

## क्रिकेट

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ अय्यर को टीम इंडिया की कमान




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत ए का कप्तान बनाया गया है। इससे 50 ओवरों की सीनियर टीम में उन्हें कमान सौंपे जाने की संभावना बन रही है हालांकि वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे। तीस वर्ष के अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते।

### अभिषेक , तिलक राणा खेलेंगे मैच

भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्टूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्टूबर) के लिए भारत ए टीम से जुड़ेंगे। रजत पाटीदार को विदर्भ के खिलाफ नागपुर में एक अक्टूबर से होने वाले ईरानी कप मैच के लिए शेष भारत का कप्तान बनाया गया है।

### लाल गेंद से अय्यर ने लिया 6 महीने का ब्रेक

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा,' श्रेयस अय्यर ने बीसीसीआई को लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने के अपने फैसले की जानकारी दी है। ब्रिटेन में पीठ की सर्जरी कराने और अच्छी तरह से ठीक होने के बाद हाल ही में लंबे प्रारुप में खेलते समय उन्हें बार-बार पीठ में ऐंठन और जकड़न का अनुभव हुआ है।'' उन्होंने कहा,'वह इस समय का उपयोग अपनी सहनशक्ति, शरीर की लचीलापन और अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए करना चाहते हैं। उनके इस निर्णय के कारण, ईरानी कप के लिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया।'

## वुमेन आईपीएल

# लीसा नाइटली बनीं मुंबई इंडियंस की महिला कोच



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं । उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है, जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा,' हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है।' नाइटली ने कहा,' मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है। इस टीम ने डब्ल्यूपीएल में नए मानदंड कायम किए हैं। इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं ।' नाइटली आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट, 82 वनडे और एक टी20 खेल चुकी है।

### भारत को करनी चाहिए दमदार प्रदर्शन की कोशिश : लैनिंग



**दुबई।** आस्ट्रेलिया की क्रिकेटर मेग लैनिंग का मानना है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ महिला विश्व कप के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन की पूरी कोशिश करनी चाहिए ताकि घरेलू हालात में खेलने का अपेक्षाओं का दबाव हटा सके और आगे की कठिन चुनौती के लिए भी तैयार हो पाए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप से ठीक पहले आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में हराया है। भारत के लिए हालांकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतक लगाए और दीप्ति शर्मा की अगुवाई में स्पिनरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8000 से अधिक रन बनने के बाद दो साल पहले विदा लेने वाली 31 वर्ष की लैनिंग ने कहा कि बड़े टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा,' श्रीलंका के खिलाफ मैच भारत के लिए अहम होगा क्योंकि इससे दबाव कम हो जाएगा।'




**बीजिंग।** नेशनल टेनिस सेंटर में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल मैच में रूस के करेन खाचानोव को हराने के बाद फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए।

### बीबीएल में खेलने वाले पहले बड़े क्रिकेटर बने अश्विन

**सिडनी।** आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर से जुड़ गए और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बने। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे। अश्विन ने कहा, 'सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे। उनके साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही, और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डेव वार्नर का खेल बहुत पसंद है। मैं टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं।' सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने इसे बीबीएल के इतिहास में सबसे बड़ा करार बताया। कोपलैंड ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह बीबीएल के इतिहास में यकीनन सबसे बड़ा करार है, पहला भारतीय और खेल का आइकॉन। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी है।' अश्विन बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर होंगे। भारत में जन्में उन्मुक्त चंद और निखिल चौधरी विदेश में प्रवास के बाद बीबीएल में खेले थे।



## भड़काऊ इशारों को लेकर पर बीसीसीआई ने की रऊफ, साहिबजादा की शिकायत

# शिकायतें लेकर आईसीसी के द्वार पहुंचे, बीसीसीआई और पीसीबी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है।आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिए आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है।

### सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक : पीसीबी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है, जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक थी। अभी तकनीकी तौर पर यह देखना होगा कि शिकायत कब दर्ज कराई गई है क्योंकि टिप्पणी के सात दिन के भीतर ही शिकायत की जा सकती थी।

### रऊफ ने किया था विमान गिरा देने का इशारा

भारत के खिलाफ 21 सितंबर के मैच के दौरान रऊफ ने भारतीय समर्थकों के 'कोहली कोहली' चिल्लाने के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक बनाते हुए विमान गिरा देने का इशारा किया था। कोहली ने विश्व कप 2022 के दौरान एमसीजी पर रऊफ की गेंद पर विजयी छक्का लगाया था। रऊफ ने मैच के दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को भी गालियां दी, जिसका जवाब दोनों युवा क्रिकेटरों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से दिया। इसी मैच के दौरान साहिबजादा ने बल्ले को मशीनगन की तरह इस्तेमाल करते हुए बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाया था, जिसकी काफी निंदा हुई।

### नकवी ने डाला आग में घी

उधर एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आग में घी डालते हुए एक्स पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का 'स्लो मोशन' वीडियो डाला है, जिसमें पुर्तगाल का यह फुटबॉलर विमान के क्रैश होने का इशारा कर रहा है जैसा रऊफ ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान किया था। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष होने के साथ अपने देश के गृहमंत्री भी हैं और भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानों के लिए जाने जाते हैं। रोनाल्डो उस वीडियो में शायद बता रहे थे कि उनकी सीधी ड्रैग फ्लिक गोल में कैसे गई। इस वीडियो के बाद देखना होगा कि एशिया कप फाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम क्या एसीसी अध्यक्ष के साथ मंच साझा करेगी। बीसीसीआई और आईसीसी दोनों की नजर में यह मामला है और देखना है कि नकवी के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

### मेटा के वकील को आपत्तिजनक वीडियो के यूआरएल लिंक उपलब्ध कराने के निर्देश

# क्रिमिनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक अगली सुनवाई तक बरकरार

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में गुरूवार को प्रकरणों की सुनवाई के लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियो के दुरुपयोग को चुनौती के मामले में सुनवाई हुई। मेटा कंपनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने वर्चुअल पैरवी की। उन्होंने माना कि सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म्स पर हाईकोर्ट प्रकरणों की सुनवाई के वीडियो का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें आपत्तिजनक वीडियो के यूआरएल लिंक उपलब्ध करा दिए जाएं तो उन वीडियो को हटा दिया जाएगा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को उक्त लिंक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अंतरिम आदेश के तहत सभी क्रिमिनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक अगली सुनवाई तक बरकरार रखी है। अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता अरिहंत तिवारी और विदित शाह ने याचिका दायर कर बताया कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियोज़ यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर मीम्स या शॉर्ट्स के माध्यम से डाली जाती है।



यह आपत्तिजनक है। कई बार न्यायाधीशों द्वारा ओपन कोर्ट में कही बातों को मिर्च मसाला लगाकर उन्हें प्रसारित किया जाता है। यह अदालत की अवमानना है। याचिका में मांग की गई कि यू-ट्यूब के स्थान पर वेबेक्स आधारित प्लेटफॉर्म के जरिए प्रकरणों की लाइव स्ट्रीमिंग की जाए, जोकि कुछ हद तक सुरक्षित है। यह मांग भी की गई कि रजिस्ट्रार आईटी भी इस तरह की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग करें और नियंत्रण सुनिश्चित करें।

## मप्र ग्रामीण बैंक का कर्ज न चुकाने पर कारावास व जुर्माना

**चेक बाउंस का दोष पाया गया सिद्ध**

जबलपुर । प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी गौरव गर्ग की अदालत ने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से लिए गए ऋण की अदायगी न करने पर ऋणी अभियुक्त आर्यन अजीतवार, निवासी ओसवाल होम्स के विरुद्ध चेक बाउंस का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक माह के भीतर 10,40,750 रुपये का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया गया। ऐसा न किए जाने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतान होगा। बैंक के लीगल मैनेजर वर्धमान शर्मा ने तर्क दिया कि अभियुक्त ने परिवादी बैंक से रेडीमेड शर्ट निर्माण हेतु एवं नगद साख सीमा हेतु ऋण लिया गया था। बैंक द्वारा बकाया राशि की मांग किए जाने पर अभियुक्त द्वारा चैक बैंक को प्रदान किया गया जो अनादरित हो गया। इस प्रकरण में बैंक की शाखा ग्वारीघाट द्वारा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक जुगल किशोर पंवार के आदेश पर एवं वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर राजपूत व कुनाल रंजन के निर्देशन में पराक्रम्य लिखित अधिनियम की धारा-138 के तहत विधिक कार्यवाही कर केस दायर किया गया। प्रकरण में बैंक की ओर से अधिवक्ता राजेश पंजवानी ने पैरवी की।

## माध्यमिक सहायक शिक्षकों को 2006 से छटवें वेतनमान का लाभ दें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने माध्यमिक सहायक शिक्षकों को एक जुलाई, 2006 से छटवें वेतनमान का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। शिकायत दूर करने आयुक्त स्कूल शिक्षा को 90 दिन की मोहलत दी गई है। याचिकाकर्ता नर्मदापुरम निवासी माध्यमिक सहायक शिक्षक जगदीश प्रसाद डोंगरे सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता नगर पंचायत, सोहागपुर में शिक्षा कर्मी नियुक्त हुए थे। इसके बाद उनका संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में कर दिया गया। इसी के साथ उनका पदनाम माध्यमिक सहायक शिक्षक हो गया। लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग ने एक जुलाई, 2006 के स्थान पर 2016 से छटवें वेतनमान का लाभ दिया। चूंकि यह रवैया हाई कोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा दिनेश शर्मा के प्रकरण में पारित न्यायदृष्टांत की मूल भावना के विपरीत है, अतः चुनौती दी गई है।




## एमपी ट्रांसको ने राऊ में ऊर्जीकृत किया पावर ट्रांसफार्मर : ऊर्जा मंत्री

**जबलपुर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढता प्रदान करने अपने 132 के.व्ही. सबस्टेशन राऊ में 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का एक नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। 920 लाख रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से न केवल सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि हुई है, बल्कि सबस्टेशन में दूसरे पावर ट्रांसफार्मर की वैकल्पिक व्यवस्था होने से जहां मेंटेनेन्स के कार्यों में लचीलापन आयेगा वहीं इंदौर शहर के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत उचित वोल्टेज पर प्राप्त होगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंदौर शहर की विद्युत व्यवस्था की सुदृढ़ता प्रदान करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न कार्मिकों को बधाई दी है।



एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि 132 के.व्ही. राऊ सबस्टेशन में इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से राऊ क्षेत्र के अलावा मऊ, हर्षाला, सिलिकान सिटी, पेंथर, वेटनरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा। इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से प्रदेश मे कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 82061 एम.व्ही.ए. की हो गई है, वर्तमान में एम.पी. ट्रांसको के सक्रिय पावर ट्रांसफार्मर की संख्या बढकर 1030 हो गई है, जिसमें 400 के.व्ही. के 38 पावर ट्रांसफार्मर, 220 के.व्ही. 216 एवं 132 के.व्ही. के 776 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है।

## आश्चर्य का विषय है कि बड़े अधिकारियों ने भी कलेक्टर के अवैधानिक आदेश को हरी झंडी दी

**हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एनएसए के तहत जिला दंडाधिकारी शहडोल द्वारा अवैध व गलत हिरासत का आदेश जारी करने पर सरकार व उच्च अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट के आदेश पर गुरूवार को शहडोल कलेक्टर डॉ केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव हाजिर हुए। डॉ केदार सिंह ने माना कि उन्होंने हिरासत का गलत आदेश जारी कर दिया था। तर्क दिया कि दरअसल, एकसाथ दो प्रकरणों को एकसाथ डील कर रहे थे, इसलिए त्रुटि हुई। उक्त कोर्ट सहमत नहीं हुई और हिरासत के एक्सटेंशन ऑर्डर पर सवालिया निशान लगाए।शहडोल निवासी हीरामणि बैस की ओर से अधिवक्क्त ब्रहमेन्द्र पाठक ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एक ही दिन में पूरा आदेश जारी कर दिया और कोई वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। किसी भी स्वतंत्र गवाह का कथन नहीं लिया गया। याचिकाकर्ता व पुत्र बुडवा में निवासरत हैं, जो शहडोल से सौ किली दूर है। यह भी आरोप है कि उक्त अवैधानिक आदेश जिले के रेत ठेकेदार के प्रभाव में आकर किया गया है। हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बड़े आश्चर्य का विषय है कि सरकार के बड़े अधिकारियों ने भी कलेक्टर के अवैधानिक आदेश को हरी झंडी दी। किसी भी अधिकारी ने अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। कोर्ट ने कहा यह भारी त्रुटि है। कोर्ट ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा पेश करने कहा। कोर्ट ने पूछा कि क्यों न इस चूक के लिए भारी जुर्माना लगाया जाए। अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240